राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 ऋषभ पंत या संजू सैमसन, टी20 विश्व कप के लिए युवराज सिंह ने ...

नॉर्वे और स्पेन समेत तीन देशों ने फलस्तीन को दी मान्यता, फैसले पर ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 42 | पटना, गुरुवार, 23 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

उपेंद्र कुशवाहा को हराने की साजिश : तेजस्वी

पटना। भोजपुरी स्टार पवन सिंह को भाजपा ने पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी की ओर से की गई इस कार्रवाई के बाद प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी यादव हालांकि पहले इस मामले में प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि हमें इससे क्या, यह उनकी पार्टी का मामला है। हमें तो लगता है कि एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को हराने के लिए भाजपा साजिश कर रही है। इस वजह से पार्टी की ओर से इस तरह की दिखावटी कार्रवाई की गई है। वहीं, चिराग पासवान को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि चिराग पासवान को हार की सबसे पहले मुबारकबाद। हमारे पास जो इंफॉर्मेशन आ रही है, उसके हिसाब से चिराग पासवान अच्छे मार्जिन से हार रहे हैं। भाजपा के ही लोग उन्हें हरा रहे हैं।

पुणे में उजनी बांध में नाव पलटने से छह लोग डूबे

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले में उजनी बांध में नाव पलटने से दो बच्चों समेत छह लोग डूब गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम को तेज हवाएं चलने और बारिश के बाद हुई। इंदापुर के तहसीलदार श्रीकांत पाटिल ने बताया कि डूबने वालों में तीन पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नाव सेवा कलाशी और भूगांव गांव के बीच संचालित होती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम सात लोगों को ले जा रही नाव तेज हवाओं और बारिश के बाद पलट गई।

संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने अपनी पार्टी के संविधान की धज्जियां उड़ाई : मोदी

पीएम बोलें- भारत का पूरी दुनिया में बढा है कद और सम्मान

प्रात : किरण

बस्ती/एजेंसी। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को पाकिस्तान का सरपरस्त करार देते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने आपातकाल लागू कर और पिछड़े वर्ग के तत्कालीन अध्यक्ष सीताराम केसरी को फुटपाथ पर फेंक कर अपनी ही पार्टी के संविधान की धज्जियां उड़ाई थीं। पालीटेक्निक ग्राउंड पर बस्ती,सिद्धार्थनगर और डुमरियागंज के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कांग्रेस और सपा वालों को अचानक संविधान की याद आ गयी है। इसी कांग्रेस ने 70 के दशक में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की भरपूर कोशश की थी। यह वहीं पार्टी है जिसने अति पिछडे वर्ग के पार्टी अध्यक्ष सीताराम केसरी को एक शाम कांग्रेस दफ्तर के बाथरुम में बंद कर दिया था और मैडम सोनिया जी की टोली ने उन्हे फुटपाथ पर फेंक दिया था और रातों रात सोनिया गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया गया था। जिस कांग्रेस ने अपनी पार्टी के संविधान की परवाह नहीं की वह आज देश के संविधान को बचाने की बात कर रही है। सपा पर निशाना साधते हुये उन्होने कहा बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के संविधान की कद्र न करते हुये सपा ने हमेशा दलितों के आरक्षण का विरोध किया और संविधान के परे जाकर आज दलितो एवं पिछडों को आरक्षण छीनकर वोट जिहाद करने वालों को इसका हिस्सा देना चाहते हैं। कांग्रेस मुस्लिमों को आरक्षण

देने के लिये अंबेडकर का संविधान बदलना चाहती है जबकि सपा भी दलित पिछडों के विरोध में कांग्रेस के साथ खडी है। इनको पक्का सबक सिखाना है। अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र करते हुये उन्होने कहा कि कई लोगों को अपने बच्चे का जन्मदिन और शादी की वर्षगांठ याद नहीं रहती मगर वे 22 जनवरी 2024 को कभी नहीं भूलते क्योंकि इसी दिन अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुयी थी। पूरा देश राम से राष्ट्र, विरासत से विकास और अध्यात्म से आधुनिकता के मंत्र को आत्मसात करते हुये आगे बढ़ रह है।

भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत का पूरी दुनिया में कद और सम्मान बढा है। भारत अब वैश्विक मंचों पर बोलता है तो पूरी दुनिया बडे ध्यान से सुनती है। भारत फैसले लेता है तो दुनिया उसके साथ अपने कदम मिलाने की कोशिश करती है। आतंक का सरपरस्त देश जो आंख दिखाता है और धमकियां देता था। आज उनकी हैसियत न घर का न घाट का का जैसी हो गयी है। उन्होने कहा पाकिस्तान तो पस्त पड गया है मगर उसके हमदर्द सपा कांग्रेस भारत को डराने मे जुटे हैं। वे कहते हैं कि पाकिस्तान से डरो, उसके पास एटम बम है। उन्हे यह नहीं पता कि 56 इंच का सीना क्या होता है। उन्हे पता होना चाहिये कि आज देश में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं बल्कि मोदी की मजबूत सरकार है। अगर डरना है तो वो लोग डरे जो मानवता में विश्वास नहीं करते। जो आये दिन खून की नदियां बहाते है। भारत न किसी को डराना चाहता है मगर डराने वालों को भी बख्शेगा नहीं। इसलिये आज का भारत घर में घुस कर मारता है।

सीतामढ़ी में हिट एंड रन मामले में तीन की मौत

प्रात : किरण

सीतामढ़ी/एजेंसी। बिहार के सीतामढ़ी जिले में मंगलवार देर रात हिट रन मामले में तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग जख्मी हो गए। घटना नगर से करीब तीन किलोमीटर दूर सीतामढ़ी-बरियारपुर सड़क मार्ग पर स्थित मोहनपुर की है। मंगलवार रात करीब पौने ग्यारह बजे अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो को बुरी तरह से रौंद दिया। हासते में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। सभी घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। स्थिति गंभीर होने के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। घटना के बाद ट्रक चालक भागने में सफल हो गया जबकि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि टेंपो सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन से बथनाहा थाना के रमनगरा गांव जा रही थी। सीतामढ़ी में ट्रेन से उतरे यात्री टेंपों पर सवार थे। इसमें नौ लोगों के सवार होने की बात कही जा रही है। घटना की सूचना पर पहुंची 112 एवं मेहसौल ओपी पुलिस ने जख्मी को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान नेपाल निवासी मो. समसूल, रीगा थाना क्षेत्र के फतहपुर निवासी नशो खान, रमनगरा निवासी रोजा अंसारी की पुत्री खजीदा खातून के रूप में की गई है। वहीं, अन्य जख्मी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बाहर रेफर कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले के नगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर चैक के पास ट्रक और ऑटों की टक्कर में 03 लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

संविधान, जाति और धार्मिक मुद्दे पर बयानबाजी से बचें : चुनाव आयोग

नई दिल्ली/एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी और कहा कि चुनावों के दौरान भारत के सामाजिक व सांस्कृतिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं जा सकती। राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विभाजनकारी भाषण को लेकर विपक्ष के आरोप पर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा को नोटिस जारी करने के करीब एक महीने बाद आयोग ने उनके बचाव को खारिज कर दिया। साथ ही उन्हें (नड्डा) तथा उनकी पार्टी के स्टार प्रचारकों को धार्मिक एवं सांप्रदायिक आधार पर प्रचार नहीं करने को कहा। आयोग ने भाजपा से समाज को बांटने वाले चुनावी भाषणों को बंद करने को भी कहा। नड्डा के साथ ही निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी ऐसा ही नोटिस जारी किया था और खरगे से उनके और मुख्य विपक्षी दल के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा द्वारा उनकी टिप्पणियों के संबंध में दायर शिकायतों पर जवाब देने के लिए कहा था। आयोग ने उनके बचाव को भी खारिज कर दिया और कांग्रेस से सुरक्षा बलों का राजनीतिकरण नहीं करने और सशस्त्र बलों की सामाजिक-आर्थिक संरचना के बारे में विभाजनकारी बयान नहीं देने को कहा। आयोग ने कांग्रेस से यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि उसके स्टार प्रचारक और उम्मीदवार ऐसे बयान न दें जिससे यह गलत धारणा बने कि संविधान को समाप्त किया जा सकता है।

भोजपुरी स्टार पवन सिंह भाजपा से निलंबित

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी की बिहार इकाई ने राज्य की काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने पर भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया है। पार्टी ने एक बयान में कहा कि पवन सिंह को पार्टी के फैसले के खिलाफ काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने पर तत्काल प्रभाव से भाजपा से निलंबित कर दिया गया है। बिहार भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा जारी और पवन सिंह को संबोधित एक पत्र में कहा गया है, ह्यह्यलोकसभा चुनाव में आप राजग के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। आपका यह कार्य दल विरोधी है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध आपने यह कार्य किया है। अतः आपको दल विरोधी इस कार्य के लिए पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार पार्टी से निलंबित किया जाता है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा काराकाट सीट से राजग उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वह पश्चिम बंगाल के आसनसोल से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने से इनकार करने के बाद यहां से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरे हैं। पवन सिंह के राजग उम्मीदवार के खिलाफ काराकाट से चुनाव लड़ने के फैसले की इससे पहले केंद्रीय मंत्री आरके सिंह सहित भाजपा के कुछ नेताओं ने आलोचना की थी। काराकाट लोकसभा सीट पर एक जून को मतदान होना है।

लोस चुनाव : सातवें चरण में 57 सीटों पर 904 उम्मीदवार मैदान में

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए एक जून को सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में कुल 904 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में होने वाले मतदान के लिए सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के 57 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2105 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इस चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 14 मई थी। दाखिल किए गए सभी नामांकनों की जांच के बाद 954 नामांकन वैध पाए गए। इनमें से 50 उम्मीदवारों ने चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया। ऐसे में अब कुल 904 उम्मीदवार ही मैदान में बचे हैं। आयोग के अनुसार नाम वापसी के बाद अब बिहार की 8 सीटों पर 134, चंडीगढ़ की एक सीट पर 19, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों पर 37, झारखंड की 3 सीटों पर 52, ओडिशा की 3 सीटों पर 66, पंजाब की 13 सीटों पर 328 उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर 144 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों पर 124 उम्मीदवार अंतिम रूप से चुनाव मैदान में हैं। आयोग के अनुसार इस चरण में पंजाब में 13 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से अधिकतम 598 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 13 संसदीय क्षेत्रों से 495 नामांकन थे। 36-बिहार के जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक 73 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इसके बाद पंजाब के 7-लुधियाना संसदीय क्षेत्र से 70 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इस चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 16 है।

बिहार सरकार
गृह विभाग
आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना
बिहार पुलिस

Paytm fraud

साइबर ठग द्वारा अपने फोन में Paytm की नकली एप्लीकेशन डाउनलोड कर दुकानदारों से साइबर ठगी करने का मामला प्रकाश में आ रहा है।

सावधान! ऐसे बनाते हैं ठगी का शिकार

- दुकानदार से सामान खरीदने के बाद जब payment करने की बारी आती है तो इसी तरह के app को use करते हुए QR code को scan करता है, लेकिन उससे पहले shop का नाम पूछ लिया जाता है, उससे mobile नंबर पता कर लेते हैं।
- फिर same name और number के साथ price इंटर करके ok करता है तो paytm की तरह ही एक transaction स्क्रीन open होता है, जो बिलकुल paytm app की तरह ही रहता है।
- दुकानदार उसे देखकर ok तो बोल देते हैं, पर उन्हें पता नहीं चलता है कि वो साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं।

PR No.-000911 (Home)D. 2024-25

सतर्क रहें, जागरूक रहें, सुरक्षित रहें

साइबर काण्ड से संबंधित कोई भी शिकायत National Cyber Crime Reporting Portal के वेबसाईट https://cybercrime.gov.in/ तथा हेल्पलाईन नं०–1930 पर दर्ज करा सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

देशी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

फतुहा। पचरुखिया थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसा मोड़ से एक देशी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक परसा गांव का ही प्रताप कुमार है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। पंचरुखिया एसएचओ गुड्डी गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार युवक परसा मोड़ के पास आकर व हथियार दिखाकर लोगों के बीच दहशत पैदा कर रहा था। सूचना मिलते ही उसे मौके से ही हथियार को जब्त करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

बाइक लूट मामले में एक गिरफ्तार

फतुहा। स्थानीय पुलिस ने बीते रात बाइक लूट मामले में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश सुरगा पर गांव निवासी साजन कुमार उर्फ बैमा है। हाल के दिनों में वह बाइक लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद पुलिस लगातार इसके पीछे लगी थी लेकिन वह फरार चल रहा था। इसके विरुद्ध थाने में चोरी व लूट के कई मामले भी दर्ज है। थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जल निकासी को लेकर मेट्रो पदाधिकारी व नगर परिषद के पदाधिकारियों ने लिया जायजा

दानापुर। नगर के अंतर्गत मेट्रो निर्माण कार्य से नेहरूपथ के अभियंतानगर से रूपसपुर तक जल निकासी को लेकर किये जा रहे कार्य का मेट्रो व नगर परिषद के पदाधिकारियो ने जायजा लिया। बुधवार को नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मेट्रो के प्रोजेक्ट मैनेजर रवि पुनिया ने पदाधिकारियो के साथ नेहरूपथ में चल रहे जल निकासी कार्य का निरीक्षण करते हुए समय रहते कार्य पुरा करने का निर्देश दिया। सभी गोला रोड चौराहा से लेकर अभियंतानगर मोड़ तक नेहरूपथ पर मेट्रो के कारण मानसून के दौरान जल निकासी में आने वाली संभावना को दूर करने को लेकर की जा रही कार्य का जायजा लिया। कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार ने बताया कि मेट्रो निर्माण के क्रम में नेहरूपथ के मुख्य मार्ग के किनारे के बने नाला में कई जगह मीटी भर दिये जाने से जल निकासी की समस्या बन गयी थी।

अब एमएमडीपी किट में फाइलेरिया मरीजों को मिलेगा विशेष प्रकार का चप्पल

पहली बार एमएमडीपी किट में मरीजों को मिलेगा चप्पल

- हाइड्रोसील मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कर बैकलॉग किया जाएगा खत्मः परमेश्वर प्रसाद

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। हाथीपांव से ग्रसित फाइलेरिया के मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें पहली बार एमएमडीपी किट में एक विशेष प्रकार का चप्पल दिया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि लेप्रा संस्था के द्वारा हाथीपांव से ग्रसित फाइलेरिया मरीजों के लिए पहली बार एमएमडीपी किट में विशेष प्रकार का चप्पल शामिल किया गया है। उक्त चप्पल का निर्माण फाइलेरिया से ग्रसित हाथीपांव के मरीजों के स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए किया गया है। फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों के प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एमएमडीपी किट प्रदान किया जाता है। इससे रोग का प्रबंधन आसान तो हो ही जाता है और मरीजों को दैनिक क्रियाकलाप करने में भी आसानी हो जाती है। इसकी सराहना दिल्ली में राष्ट्रीय लिम्फैटिक फाइलेरिया की हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने थी। इसको लेकर अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ परमेश्वर प्रसाद ने पत्र के माध्यम से राज्य के सभी सिविल सर्जन को सूचित किया है। साथ ही राज्य में फाइलेरिया से पीड़ित हाइड्रोसील मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कर बैकलॉग को खत्म करने के निर्देश दिया है। पत्र के आलोक में अब राज्य के सभी जिलों में एमएमडीपी किट की आपूर्ति शुरू हो गयी है। पटना जिले में 3691 फाइलेरिया मरीज हालांकि पटना जिले में फाइलेरिया मरीजों के उपचार में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं। पटना जिले के तीन प्रखंडों फुलवारीशरीफ, पुनपुन और दानापुर में फाइलेरिया मरीजों की संख्या ज्यादा है। इन प्रखंडों के मरीज अपने नजदीक के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पेशेंट नेटवर्क समूह के माध्यम से नियमित उपचार करा रहे हैं। पिछले दिनों पुनपुन प्रखंड के नीमा गांव में 12 फाइलेरिया मरीजों को वहां के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर राधारानी कुमारी ने स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ा है। ज्ञातव्य है कि पटना जिले में फाइलेरिया हाथीपांव के मरीजों की संख्या 3691 तथा हाइड्रोसील के 867 हैं।

टूनार्मेंट कमीशन सचिव बने अभय कु अतुल

प्रात :किरण संवाददाता

सत्र 2024-28 की अवधि के लिए डब्ल्यूकेएफ और एकेएफ संबद्ध एनएफ कराटे इंडिया संगठन के टूनार्मेंट कमीशन सचिव के रूप में अभय कुमार अतुल को चुना गया है। खाजेकलां के कसेरा टोली के रहने वाले अभय ने कहा कि उन पर विश्वास करने और आशीर्वाद देने के लिए वह केआईओ अध्यक्ष हंसी भरत शर्मा का आभारी हूं। केआईओ महासचिव क्योशी संजीव कुमार जांगड़ा एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद। माई बिग ब्रदर नितिन कुमार और शिहान भास्कर सिनौवसाने, हंसी प्रेमजीत सेन, क्योशी जसपाल सिंह, सेंसेई अनिल कल्याण, सेंसेउ भरत यादव, सेंसेई अनिकेत गुप्ता, सेंसेई राजीव, सेंसेई हसमत, सेंसेई संदीप, सेंसेई वीनित, सेंसेई भार्गव सेंसेई विकास को विशेष धन्यवाद। सेंसेई महेश, अख्तर भाई, नवीन, सोनू, बजरंगी, मो मुश्ताक अहमद, महासचिव बिहार ओलंपिक एसोसिएशन और रेन्शी पंकज कांबली महासचिव स्कैब और रेन्शी सूरज कुमार कोषाध्यक्ष स्कैब व सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। भारत में कराटे के विकास के लिए सभी भारतीय कराटेकारों के समर्थन की आशा है।

पटना साहिब विस के वार्ड 62 व 66 में भाजपा चुनाव कार्यालय खुला

नुक्कड़ सभा कर जनता को बताया मोदी व रविशंकर की जीत क्यों जरूरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के तहत पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संचालन हेतु चौक मंडल के वार्डों में चुनाव कार्यालय खोला गया। वार्ड 62 में चौकशिकारपुर स्थित कुशवाहा मार्केट में और वार्ड 66 में हरिमंदिर गली अवस्थित मार्केट में हुआ। इसका उद्घाटन विस्तारक रवि कुमार दूबे और महानगर के महामंत्री विनय केसरी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पूर्व उपमहापौर संतोष मेहता, मंडल अध्यक्ष नवल किशोर सिन्हा, महामंत्री विनय कुमार, सुनीता गुप्ता, सन्नी यादव, दयानंद यादव, अंजय साह, लालबाबू, रविरोशन मेहता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दूसरी ओर आम जनता को मोदी जी के विकास कार्यों को बताने के लिए पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में चार स्थानों में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इसका संचालन नित्यानंद चंद्रवंशी ने किया। नुक्कड़ सभा में वक्ताओं ने कटरा बाजार, मथनीतल, चौकशिकारपुर और नून की चौराहा में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के लिए समाज के सभी वर्गों के उत्थान में लगे हैं। किसानों के आर्थिक विकास के लिए फसल बीमा योजना, किसान पेंशन, माली, बढ़ई, कुंभकार, मोची, दर्जी, राजमिस्त्री के लिए विश्वकर्मा योजना, स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान कार्ड, व्यापारियों के व्यापार बढ़ाने के लिए मुद्रा योजना, तकनीकी शिक्षा के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण का कार्य कर रही है। आप सभी लोगों को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद को कमल छाप पर बटन दबाकर पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से विजयी बनाना है।

बकाया पैसा मांगने पर दुकानदार ने एक युवक को अस्तूरा से मारकर किया जख्मी

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाथियाकाघ निवासी सिंटू कुमार ने बकाया पैसा मांगने पर दुकानदार ने अस्तूरा से मारकर जख्मी कर दिया। इस संबंध में जख्मी सिंटू कुमार के पिता अरविंद सिंह ने दुकानदार रंजीत ठाकुर के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में लग रही है। शाहपुर थाना क्षेत्र के हथियाकांध निवासी सिंटू कुमार से सैलून दुकानदान रंजीत ठाकुर ने होली के समय दो हजार रुपए लिया था। सिंटू के पिता अरविंद सिंह ने थाने में दिये आवेदन में बताया है कि सिंटू अपना बकाया पैसा मांगने रंजीत के सैलून में गया था। जब सिंटू ने अपना पैसा मांगा तो पैसा देने से इंकार करते हुए रंजीत ने अस्तूरा सिंटू पर चला दिया। बचने के क्रम में अस्तूरा सिटू के चेहरे पर लगा। जिससे सिंटू जख्मी होकर गिड़ पड़ा। जिसे इलाज के लिए मैनपुरा स्थित निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति गंभीर बनी है।

जनता के हर तबके का मिल रहा प्यार व सहयोग : अंशुल

- धार्मिक स्थलों पर गए और लोगों से किया जनसंपर्क

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अंशुल अभिजीत बुधवार को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी मनिका सिंह और समर्थक व नेता भी थे। पहले वे लंगर घर में सेवा की। बर्तन धोया एवं समर्थकों के साथ लंगर छका। इसके बाद गुरु घर में अपनी अरदास लगवाई। यहां कीर्तन सुना और प्रार्थना किया। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीति विरासत में मिली है। उनकी मां लोकसभा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। जन सेवा उनके रग-रग में है। वह मौके की तलाश में थे और पार्टी ने उन्हें पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। पिछले 15-20 वर्षों से पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है। जलजमाव, यातायात की समस्या, पानी की समस्या, बढ़ता प्रदूषण आदि से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। उन्हें इस लोकसभा क्षेत्र में जनता के हर वर्ग का प्यार और समर्थन मिल रहा है। बाकी तो चुनाव परिणाम बताएगा कि जीत किसकी होगी। मगर इतना तय है कि केंद्र में भाजपा की जुमलेबाजी की सरकार है। यह धर्म के बीच मतभेद करने और विकास का काम पीछे छोड़ने का काम करती है। वे यहां से निकल हरिमंदिर गली जनसंपर्क करते हुए गुरुद्वारा बाललीला गए। फिर अजीम शाहबाद शाह की बनाई हुई काली स्थान, जो 700 वर्ष पुराना काली मंदिर में गए। फिर मीर अशरफ के दरगाह का दर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा, इस क्षेत्र के दोनों प्रखंड अध्यक्ष शमीम अख्तर, अभय जायसवाल, वार्ड पार्षद मनोज मेहता, प्रदेश के पूर्व सचिव डॉ विनोद अवस्थी, राकेश कपूर, प्रशांत बनर्जी, संतोष तिवारी, सरदार छत्रपाल सिंह, सरदार जगजीत सिंह, सरदार गुरदयाल सिंह, गुरुचरण सिंह आशिक, तख्तश्री कमेटी के सदस्य सरदार राजा सिंह से मुलाकात की। विजय मेहता, धर्मेंद्र पटेल, शशि मिश्रा, राकेश कुमार, फकीरा यादव, राजद नेता अधिवक्ता एबरार अहमद रजा, अजीत सिंह कुशवाहा, पंकज रजक, सोनू जायसवाल आदि साथ थे। संतोष मेहता के निवास पर गए। उनके भतीजा के निधन होने पर शोक प्रकट करते हुए मुलाकात की।

मिशनलाइफ फॉर एनवायरनमेंट कार्यक्रम के तहत सशस्त्र सीमा बल ने वंचितों के लिए चलाया कार्यक्रम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मिशनलाइफ फॉर एनवायरनमेंट कार्यक्रम के तहत बुधवार को सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना एवं 40वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पटना के संयुक्त प्रयास से नेहरु पथ, रुकनपुरा (विजयनगर) में लगभग 200 स्थानीय जरुरतमंद वंचित लोगों के बीच कपड़ा, बर्तन एवं किताब का वितरण किया गयाकइसके उपरान्त उन्हें सम्मान पूर्वक भोजन भी कराया गयाक इस कार्यक्रम में कुमार चन्द्र विक्रम, उप-महानिरीक्षक (सीमांत मुख्यालय एस.एस.बी. पटना), अशोक सजवाण, कमान्डेंट (सीमांत मुख्यालय एस.एस.बी., पटना), सुवर्णा सजवाण, कमान्डेंट (40वीं वाहिनी एस.एस.बी. पटना), एन. चोंग्लोई, उप कमान्डेंट (40वीं वाहिनी एस.एस.बी. पटना), डॉक्टर सुधांशु कुमार, उप कमान्डेंट (चिकित्सा) (40वीं वाहिनी एस.एस.बी. पटना), अमरेश कुमार, सहायक कमान्डेंट (सीमांत मुख्यालय एस.एस.बी., पटना) एवं अन्य बलकर्मी उपस्थित थे कस्थानीय ग्रामीणों ने इस कार्य की काफी सराहना की क मिशनलाइफ फॉर एनवायरनमेंट भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक कार्यवाही की दिशा में व्यक्तियों के प्रयासों को जोड़ा जाता हैक मिशन लाइफ फॉर एनवायरनमेंट, व्यक्तियों और समुदायों के प्रयासों को सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के वैश्विक जन आन्दोलन में शामिल करना चाहता है कइस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विषय जैसे झ जल बचत, उर्जा बचत, कचरे को कम करना, ई-कचरे को कम करना, एकल उपयोग वाले प्लास्टिक में कटौती, श्रीअन्न (मिलेट्स) खाद्य प्रणाली को अपनाना और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना आदि पर विशेष बल देते हुए आम जनमानस को जागरूक किया जाता है।

पुलिस को देख ट्रैक्टर लेकर भागने के क्रम में पुलिया के नीचे गिरने से एक व्यक्ति की हुई मौत

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की शाम उसरी मोड़ पर हुए हमले में दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। दोनों को सगुना मोड़ स्थित प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है इस संबंध में एक मामला दर्ज करते हुए सरारी निवासी मोनू,हथियाकांध सराय के पदुम कुमार, शिकारपुर के धीरज,उड़ान टोला के सोनू कुमार सहित 37 लोगों को नामजद और डेढ़ सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिसमें पदमु,धीरज,मोनू समेत नामजद पन्द्रह लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया कि उसरी में सड़क दुघर्टना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस बल पर की गई हमले में गृह रक्षक अरूण झा व दिनेश कुमार सिंह जख्मी हो गए थे। अरूण ज्यादा जख्मी है। बता दें कि मंगलवार को देर शाम में उसरी शिकारपुर पुलिया के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक सहित पुलिया के नीचे गिर पड़ा था। जिससे दाउदपुर निवासी चालक रोशन कुमार की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। घटना के बाद पहुंची पुलिस टीम पर आक्रोशित लोगों ने ईंट पत्थरों से हमला बोल दिया था। पुलिस के पीछे हटते ही लोगो ने पुलिस जीप में आग लगा दिया था। उसके बाद शव को सड़क पर रखकर शिवाला आनंद बाजार मार्ग को जाम कर दिया।

ट्रक से कुचल बाइक सवार की हुई मौत पर हंगामा

पटना सिटी, खाजेकलां थाना क्षेत्र के नून की चौराहा जल्ला गली के पास मंगलवार की रात तेज रफ्तार ट्रक ने बुलेट सवार को टक्कर मार दिया। इससे युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर खाजेकलां थाना की पुलिस पहुंची। हालांकि इस दौरान मृतक के ससुराल पक्ष के लोग और उनके आसपास रहने वाले लोग भी पहुंच चुके थे। घटनास्थल पर मृतक की पत्नी सास आदि दहाड़ मार कर रो रहे थे। हालांकि इस दौरान परिजन एवं मोहल्ले के लोगों के द्वारा कुछ वहां ऑन पर रोड़ेबाजी भी की गई। हालांकि पुलिस ने मामले को तुरंत नियंत्रित कर लिया परिजनों को समझा बूझकर किसी तरह से उनके घर को भेजा गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। हादसा में युवक की मौत के बाद लोगों कुछ देर के लिए हंगामा भी किया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार मुहल्ला के रहने वाले दीपक कुमार उर्फ बिट्टू देर रात खाजेकलां थाना क्षेत्र के नून की चौराहा हजारी मुहल्ला स्थित लल्लू चौधरी के यहां ससुराल में आ रहा था।

इंडि गठबंधन अपने परिवार के आरक्षण की बात करते हैं : सम्राट चौधरी

विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए मोदी सरकार जरूरी : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद राजद के 15 वर्षों के शासनकाल में किसी को भी आरक्षण नहीं मिला। सिर्फ परिवार को आरक्षण देकर पत्नी को मुख्यमंत्री, बेटा को उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री बनाया। अब अपनी बेटी को सांसद बनाने मे लगे हैं। यहां की जनता को नरेंद्र मोदी पर भरोसा है। देश को आर्थिक एवं सामरिक दृष्टि से सशक्त बना एक विकसित राष्ट्र निर्माण में लगे हैं। श्री चौधरी पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के एनडीए के भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के पक्ष में धवलपुरा कुशवाहा पंचायत बैठका में जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने तीसरी बार मोदी जी की सरकार को देखना चाहती है। निवर्तमान सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं, श्रमिकों व किसानों के आत्मसम्मान को बढ़ाया है। उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता बनाने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होनें अपने पक्ष में कमल के फूल पर मतदान करने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए मोदी सरकार जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड 68 की पार्षद सुनीता देवी एवं संचालन पार्षद प्रतिनिधि मनोज मेहता ने किया। इस अवसर पर सुजीत कुशवाहा, जीतेंद्र मेहता, शंकर मेहता, रवि रोशन मेहता, संजीव पटवा, सीताराम मेहता, दुर्गा मेहता, ज्योति कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

आगामी 23 मई से 26 मई तक मरीन ड्राइव पटना पर होगा ड्रोन शो का आयोजन

पटना में गूंजेगा, मोदी संग बिहार, फिर एक बार मोदी सरकार

प्रात :किरण संवाददाता

पटना ने एक अनूठे कार्यक्रम की तैयारी कर ली है। यह तैयारी है बिहार में हुए अब तक के विकास कार्यो की जानकारी देने की। होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और सोशल मीडिया पर भले ही प्रचार-प्रसार ने जोर पकड़ ली है। लेकिन इसे धरातल पर उतारने के लिए ह्यड्रोनह्ल एक सशक्त माध्यम है, जिसका प्रयोग अबकी होने जा रहा है। जी हां, देश में अब तक हुए विकास कार्यों का लेखाजोखा ड्रोन बताएगा। इसके लिए मुकम्मल तैयारियां कर ली गयी है। समस्त बिहारवासी मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखने को इच्छुक हैं। मोदी जी के द्वारा महिलाओ के उत्थान के कार्यों के कारण महिलाओं में मोदी जी काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। पिछले 10 वर्षो मे मोदी जी ने बिहार की बुनियादी ढांचे को बदल कर रख दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों ने बिहार के हर वर्ग को प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी और बिहारवासियो के बीच इस प्यार और सम्मान को दशार्ने के लिए ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पटना स्थित मरीन ड्राइव पर प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार में अब तक हुए विकास कार्यों का प्रदर्शन किया जायगा। इस कार्यक्रम के द्वारा बिहार के गौरवपूर्ण इतिहस को भी दशार्या जाएगा। कल 23 मई सायं 6 से 7 बजे पटना के मरीन ड्राइव पर भव्य ड्रोन शो का आयोजन होगा जो 26 मई तक प्रतिदिन सायं 6 से 7 बजे होगा। इस प्रस्तुति में ड्रोन से आसमान में 200 फिट की ऊंचाई पर लगभग 300 मीटर की चौड़ाई में दिखाई जायेगी विविध कलाकृतियां जो पटना के लोगों का मन मोहित करेंगी। इस ड्रोन शो में 1000 स्मॉल नेनो केटेगरी ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से भारत की कंपनी ने डिजाइन और मेनुफेक्चर किया है। प्रत्येक ड्रोन का वजन लगभग 250 ग्राम है। यह ड्रोन शो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की आधुनिक चुनाव प्रचार के अनूठे अंदाज को प्रस्तुत करता है। 26 मई तक मरीन ड्राइव आने वाले सभी दर्शक इस ड्रोन शो के साक्षी बनेंगे।

मक्का के माल लदान में पूर्व मध्य रेल द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित

चालू वित्त वर्ष में 20 मई, 2024 तक मक्के के कुल 172 रेक का किया गया लदान

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। मक्का के लदान के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल द्वारा एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के 20 मई, 2024 तक कुल 172 रेक मक्का का लदान किया गया जिससे 62.25 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के पूरे वर्ष में पूर्व मध्य रेल द्वारा कुल 311 रेक मक्के का लदान किया गया था तथा इससे 146 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। विदित हो कि मक्का का लदान पूर्व मध्य रेल के सोनपुर एवं समस्तीपुर मंडलों से मुख्यतः उत्तरी भारत के अम्बाला, रूद्रपुर आदि स्टेशनों तथा दक्षिण भारत के ईरोड एवं तिरूपुर आदि स्टेशनों के लिए किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष में 20 मई, 2024 तक सोनपुर मंडल द्वारा 100 रेक का लदान किया गया है जिससे 35 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूरे वर्ष में 189 रेक के लदान से 85 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार चालू वित्तीय वर्ष में 20 मई, 2024 तक समस्तीपुर मंडल द्वारा 72 रेक का लदान किया गया है जिससे 27.25 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूरे वर्ष में मक्के के 122 रेक के लदान से 61 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था।

इस बार धर्म के नाम पर नहीं, काम देख वोट कीजिएगा : मीरा कुमार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब में स्व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इसमें पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अंशुल अभिजीत कुशवाहा, पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके बाद प्रखंड अध्यक्ष अभय जयसवाल की अध्यक्षता में महागठबंधन वार्ड कार्यकर्ता सम्मेलन व जनसभा किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, पूर्व मेयर अफजल इमाम, प्रत्याशी अंशुल अभिजीत कुशवाहा, पटना साहिब विधानसभा प्रभारी मोहम्मद जावेद, विस के पूर्व प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। मीरा कुमार ने क्षेत्र की जनता से कहा कि इस बार धर्म के नाम पर नही, बल्कि काम के नाम पर वोट कीजिएगा, क्योंकि युवाओं को काम और रोजगार चाहिए। डॉ अंशुल ने कहा यहां न तो युवाओं के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था है और न ही रोजगार की व्यवस्था है। यहां के युवा विवश होकर पलायन कर रहे हैं। यहां के युवाओं को रोजगार देने वाली कांग्रेस पार्टी को वोट देकर सरकार बनानी होगी। वही पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना बेरोजगार युवाओं के लिए बनाई गई थी, लेकिन इस योजना का लाभ पूंजीपतियों को दिया गया।

आप समर्थन दे वे सेवा का संकल्प लेते हैं : डॉ अंशुल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अंशुल अविजीत कुशवाहा ने लोहा का पुल मछली मार्केट के समीप एक मैरिज हॉल में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया। अध्यक्षता चुनाव प्रभारी मोहम्मद जावेद एवं संचालन पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने किया। डॉ अंशुल अविजीत कुशवाहा ने कहा कि लगातार चार बार के भाजपा सांसद ने इस क्षेत्र के कमजोर अवाम और बेरोजगार युवाओं को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मैं उनके लिए जीतने आया हूं, जिनके घरों में पिछले दस वर्षों से अंधकार छाया हुआ है। वे उस अंधकार को दूर करने को संकल्पित होकर आपके बीच आया हूं। मुझे आप लोगों का प्यार, स्नेह और मिल रहे सहयोग से मुझे आशा ही नही, पूर्ण विश्वास है कि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर आप लोगों की निरंतर सेवा करता रहूंगा। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शशि रंजन यादव, पटना महानगर राजद अध्यक्ष महताब आलम, सीपीआई के जिला सचिव मनोज चंद्रवंशी, सीपीएम के आमोद कुमार, रजनीश राय, पार्षद मनोज मेहता, देव रतन प्रसाद, मो हनीफ शेख, सुजीत कसेरा, महमूद कुरैशी, विनोद यादव, प्रदीप मेहता, शिव मेहता, उमेश यादव, उमेश पंडित, शमीम अख्तर, अभय जयसवाल,मुन्ना जयसवाल, इबरार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मोदी के चर्चा चाहू ओर सखिया एल्बम का किया लोकार्पण

जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए 400 पार जरूरी : सम्राट

● बोलें- पीएम मोदी के 10 सालों के कार्यों को गीत में पिरोया गया है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज ह्य मोदी जी के चर्चा चाहू ओर सखिया एल्बम का विमोचन किया। भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि इस एलबम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 सालों के कार्यों को गीत में पिरोया गया है। उन्होंने कहा कि इस गीत में यह भी बताया गया है कि इस बार 400 पार करना क्यों जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले 10 सालों से सरकार को 400 सांसदों का समर्थन मिलता रहा है, लेकिन इस बार जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एनडीए को 400 पार करना है। इस कार्यक्रम में कला संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक वरुण सिंह, प्रभारी कंवलजीत सिंह, पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी, मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, सह प्रभारी सूरज पांडेय, अमित प्रकाश बबलू उपस्थित रहे। भाजपा अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संपूर्ण भारत, विकसित भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना देख रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह गीत भी इसमें अपना योगदान देगा। कला संस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक श्री सिंह ने बताया कि विनय बिहारी एवं वरुण कुमार सिंह द्वारा रचित रानी सिंह एवं अमर आनंद द्वारा गाए गए इस गीत के म्यूजिक डायरेक्टर रंजय बावला जी है जबकि इसके निमार्ता वरुण कुमार सिंह है। उन्होंने बताया कि इस एल्बम में तीन गाने हैं। जिसके बोल मोदी जी के चर्चा चहू ओर सखिया सवे पार्टी में छोई भाजपा वेजोर सखियां, अब चाहू तरफ बिजली जरता रोड सुंदर भाईल गाड़ी चलता घरे घरे गैस, मिलल मन हरसाईल फुलवा नियन दिल खिलत रही कमल के बटन दबा दअ की सुविधा मिलत रही तथा मोदी जी के होता जय जयकार सैया जी एनडीए के बनी सरकार सैंया जी है।

बॉक्स सारण घटना की होगी जांच : उपमुख्यमंत्री

सारण के भिखारी ठाकुर चौक पर दो गुटों के बीच हुई फायरिंग में एक युवक की मौत की घटना पर सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि इस मामले में हम लोगों ने जांच के लिए कहा है। कोई पुलिस वाला हो, चाहे लालू यादव या राबड़ी देवी का बॉडीगार्ड, जांच होनी चाहिए। कोई छोड़ा क्यों जाएगा, यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र में भी मीसा भारती के साथ लालू यादव और राबड़ी देवी का बॉडीगार्ड घूम रहा है, इसकी भी जांच होगी। कोई प्रत्याशी दो बार जाकर मतदान को डिस्टर्ब करता है, यह दुर्भाग्य की बात है। आप बूथ डिस्टर्ब करने वाले कौन होते हैं, आप प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में उस जगह को छोड़कर किसी भी जगह पर कोई अप्रिय घटना नहीं घटी, जहां पर रोहिणी आचार्य दो-दो बार गई। इस दौरान उन्होंने लोगों के साथ तू-तू, मैं-मैं करने का काम किया। वहीं, भाजपा की ओर से पवन सिंह के खिलाफ की गई कार्रवाई पर उन्होंने कहा कि अगर कोई पार्टी के खिलाफ काम करता है तो उस पर कार्रवाई होती है, वही हुआ है।

इंडी गठबंधन में शामिल तमाम दलों पर है भ्रष्टाचार का आरोप : मंगल

● बोलें-कांग्रेस एवं उनकी सहयोगी को न करें वोट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने देश की जनता को छठे एवं सातवें चरण के मतदान से पूर्व आग्राह किया है कि आप किसी कीमत पर देश को दीमक की तरह खोखला बनाने वाली पार्टी कांग्रेस एवं उनकी सहयोगी इंडी गठबंधन को वोट न दें। श्री पांडेय ने कहा कि आजादी के बाद से लगातार गरीबों के धन व हक को जिसने लूटा है। जनता अब उन्हें सत्ता नहीं सौंपने वाली। मौजूदा कांग्रेस व उनकी तमाम सहयोगियों पर घोटालों के अनगिनत आरोप हैं। कांग्रेस, राजद, टीएमसी, आम आदमी पार्टी, जेएमएम व सपा समेत इनके तमाम सहयोगियों ने घोटाले किए और धार्मिक उन्माद फैलाया। 2013 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने का आरोप लगा। अगस्ता वेस्टलैंड से भारत को 36 अरब रुपए के सौदे के तहत 12 हेलिकॉप्टर खरीदने थे। श्री पांडेय ने कहा कि 2012 में सोनिया गांधी और उनके दामाद रॉबर्ट वाड्रा पर रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ से 65 करोड़ का ब्याजमुक्त लोन लेने का आरोप लगा। कांग्रेस पर नेशनल हेराल्ड का भी आरोप है। जिसमें पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और श्री राहुल गांधी के खिलाफ मामला चल रहा है। उन पर संपत्ति के गलत इस्तेमाल का केस दर्ज कराया गया है। बोफोर्स घोटाले ने 1980 और 1990 के दशक में गांधी परिवार और खासकर तब प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी की छवि को नुकसान पहुंचाया। आरोप थे कि स्वीडन की तोप बनाने वाली कंपनी बोफोर्स ने बतौर कमीशन 64 करोड़ रुपए राजीव गांधी समेत कई कांग्रेस नेताओं को दिए थे ताकि वो भारतीय सेना को अपनी तोपें बेच सकें। कांग्रेस पर मारुति घोटाला, टू जी घोटाला, कोल आवंटन घोटाला, कॉमनवेल्थ, शेयर घोटाला समेत अनगिनत घोटालों का आरोप लग चुका है। श्री पांडेय ने कहा कि उनकी सहयोगियों में राजद पर चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला समेत कई घोटालों का आरोप जगजाहिर है। आम आदमी पार्टी पर आबकारी घोटाला का आरोप लगा हुआ है। आप के सीएम पर अदालत में मामला चल रहा है। झारखंड के पूर्व सीएम व जेएमएम नेता हेमंत सोरेन भी जेल में हैं। उन्होंने दलितों, आदिवासियों व गरीबों के हक की जमीन सत्ता में रहते हुए पावर का इस्तेमाल कर छीन ली। टीएमसी पर शिक्षक भर्ती घोटाला का आरोप है। इस प्रकार इंडी गठबंधन में शामिल तमाम दलों ने देश में जमकर घोटाले किए एवं गरीब, किसान, महिला व युवाओं के हक का पैसा लूटा है। वहीं पीएम श्री नरेंद्र मोदी ने देश में स्टार्टअप्स की संख्या 1.25 लाख के आसपास पहुंचा दी। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। पीएम मोदी ने रोजगार मेले के द्वारा विभिन्न विभागों में नियुक्तियां की। भ्रष्टाचार के आगे रोजगार व स्टार्टअप का सौगात दिया।

नमो-नीतीश ने देश व बिहार का किया विकास : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि पांच चरणों के चुनाव में जनता के एनडीए के पक्ष में दिखे उत्साह ने विपक्ष के मनोबल को चकनाचूर कर दिया है। वह समझ गये हैं कि उनकी झूठ फरेब की राजनीति का लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। जनता जानती है कि नमो-नीतीश का मतलब जहां विकास है वहीं राजद-कांग्रेस का मतलब विनाश है। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस की केंद्र सरकार के समय 2004-14 तक बिहार को 2 लाख 4 हजार करोड़ की राशि दी गयी, जिसमें से अधिकांश इनके घोटालों और कमिशनखोरी की भेंट चढ़ गये। वहीं नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद बिहार को 7 लाख करोड़ से अधिक यानी यूपीए काल से 3 गुणा ज्यादा की राशि प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त मोदी सरकार ने 2015 में बिहार की आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए 1.25 लाख करोड़ का विशेष पैकेज भी दिया गया। 9500 करोड़ की लागत से बरौनी में एचयूआरएल का उर्वरक संयंत्र की स्थापना की गयी। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि इसी तरह श्री नीतीश कुमार ने प्रदेश से राजद-कांग्रेस के जंगलराज का खात्मा कर विकास की नयी धारा की शुरूआत की। यही वजह है कि 2004-05 की तुलना में राज्य का बजट दस गुणा अधिक हो चुका है। नीतीश की नीतियों से ही आज बिहार की 10.64 की विकास दर से देश का तीसरा सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बना हुआ है। यह देश की विकास दर से भी तेज है। राजद-कांग्रेस के कुशासन में बिहार की प्रति व्यक्ति आय 14 हजार रु सालाना थी, वह नीतीश कुमार के सुशासन में बढ़कर 54 हजार से अधिक हो चुकी है। यदि राजद-कांग्रेस का जंगलराज नहीं होता तो यह 95 हजार से अधिक रहता। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल की आड़ में परिवार की कंपनियां बने राजद-कांग्रेस की निगाह में ऐसे विकास का कोई महत्व नहीं। उनके निगाह में उनके प्रमुख परिवारों की संपत्तियां बढ़ाना ही विकास है।

भोला यादव ने चुनाव आयोग के निर्देशों की धज्जियां उड़ायी : नीरज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू विधानपार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने लालू यादव के राजनीतिक सलाहकार भोला यादव पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने भोला यादव पर तंज कसते हुए कहा कि सारण लोकसभा चुनाव में उन्होंने जो राजनीतिक तांडव मचाने का काम किया है उसके वो गुनहगार कहलाएंगे। उन्होंने लालू यादव के राजनीतिक सिपहसालार भोला यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने रॉन्ग नंबर डायल कर दिया है और उन्हें इसका जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने भोला यादव के खिलाफ चुनाव आयोग से कड़ी कार्रवाई करने की गुजारिश भी की। उन्होंने आरजेडी से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या ये सही नहीं है कि माननीय लालू प्रसाद के राजनीतिक सिपहसालार भोला यादव ने चुनाव आयोग के निर्देशों की धज्जियां उड़ायी हैं? क्या ये सही नहीं कि चुनाव आयोग के चुनावी आचार संहिता मैनुअल के अध्याय 4 में 4.2 के 17वें नंबर पर ये साफ अंकित है कि, यदि आप उस निर्वाचन क्षेत्र से मतदाता या अभ्यर्थी या फिर अभ्यर्थी के निर्वाचन अभिकर्ता नहीं हैं, तो अभियान अवधि समाप्त होने के बाद वो निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दें? क्या ये सही नहीं है कि चुनाव आयोग के चुनावी आचार संहिता मैनुअल के अध्याय 8 के 8.1.1 में यह साफ निर्देशित किया गया है कि, मतदान के दिन कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और एक ऐसा वातावरण सुनिश्चित करने, जहां मतदाता किसी भी तरीके से भयभीत ना हो, निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए हैं कि सभी मंत्रियों, संसद सदस्यों और विधायकों तथा अन्य राजनीतिक पदाधिकारियों, जिन्हें सुरक्षा मिली हुई हो, को जैसे ही प्रचार अवधि समाप्त होती हो, अर्थात मतदान की समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पहले निर्वाचन क्षेत्र से चले जाना चाहिए? जद(यू) ये सवाल पूछता है कि क्या भोला यादव आरजेडी उम्मीदवार रोहिणी आचार्य के अभिकर्ता थे? लालू प्रसाद यादव की भक्ति भाव में लिप्त भोला यादव को ये किसने अधिकार दिया था कि वो मतदान केंद्रों तक पहुंच जाएं? उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि आरजेडी को इनकी तरफ से उठाए गए सवालों का तथ्यों के साथ जवाब देना चाहिए

4 जून के पहले अपनी तमाम मर्यादाएं खो देगा विपक्ष : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोजपा (रा) के प्रमुख चिराग पासवान ने विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए जा रहे विवादास्पद बयानों पर बुधवार को कहा कि यह सामने दिख रही हार पर उनकी बौखलाहट है। उन्होंने कहा कि विपक्ष 4 जून के पहले अपनी तमाम मर्यादाएं खो देगा। पासवान ने कहा जैसे-जैसे चुनाव के चरण गुजरते जा रहे हैं, विपक्ष की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठों का सरदार कहे जाने पर कहा कि पहले उनकी पार्टी के दूसरे नेताओं के बाद अब खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस जिस तरह से भाषा की मयार्दा भूल रहे हैं, यह बात साबित होती है कि उनको पता चल चुका है कि वे चुनाव हार रहे हैं। उन्होंने कहा, हम लोग इन पांच चरणों में, जिस तरीके से मतदान हुआ है 300 से 315 तक का आंकड़ा पार कर चुके हैं। अब 25 मई और 1 जून वाला मतदान होना है। इसमें हम लोग यकीनन 400 का भी आंकड़ा पार करेंगे और अगर इस बार पूरा एनडीए मिलकर इतिहास में सबसे बड़ी संख्या के साथ केंद्र में सरकार बनाता है तो उसमें भी किसी को आश्चर्य नहीं होगा। पासवान ने कहा कि कांग्रेस अपने ऑल टाइम लो पर जाती है तो किसी को एतराज नहीं होना चाहिये। ऐसी भाषा का इस्तेमाल सिर्फ इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके अंदर बौखलाहट बढ़ती जा रही है। अपनी सीट कम होता देखा एनडीए बड़ी जीत की ओर अग्रसर हो रहा है। इसी बौखलाहट में लोग ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने हरियाणा के जगाधरी में कहा था कि अगर कोई पीएम ये बातें कहता है, झूठ बोलकर भ्रम फैलाता है, तो हमें क्या कहना चाहिए? क्या ऐसे लोगों को दोबारा वोट दिया जाना चाहिए? नरेंद्र मोदी झूठों के सरदार हैं।

केंद्र कर रहा है बिहार के साथ सौतेला व्यवहार : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। बिहार को विशेष राज्य के दर्जा के सवाल पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीता रमण ने जिस तरह का बयान दिया है, यह खेद जनक है। 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान नरेंद्र मोदी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का एलान किया था, लेकिन अब केंद्र सरकार कह रही केंद्रीय वित्त आयोग की अनुशंसा चाहिए। इससे साफ हो गया है कि केंद्र के नियत में खोट है। भाकपा राज्य राज्य सचिव ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद केंद्र प्रायोजित योजनाओं में केंद्रीय हिस्सा की राशि में काफी कटौती कर ली गई है। जिस योजना में केंद्र सरकार 90 फीसदी हिस्सा देती थी, उसे घटाकर 60 फीसदी कर दी गई है। इससे राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि भाजपा सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल में बिहार को न ही विशेष पैकेज मिला और न ही विशेष राज्य का दर्जा। बंद पड़े एक भी चीनी मिल चालू नहीं हुआ। बाढ़ की त्रास्दी से निजात के लिए कोशी, कमला और बागमती नदी पर हाई डैम का भी निर्माण नहीं कराया गया। केंद्र की मोदी सरकार को जनता के साथ किए गए छलावा का परिणाम भुगतना होगा।

सारण में राजद समर्थक की हत्या अत्यंत निंदनीय : माले

● अपनी हार को देखकर बौखला गई है भाजपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि बिहार में अपनी हार को देखकर भाजपा बौखला गई है। छपरा में भाजपा नेताओं व उसके समर्थकों ने जिस प्रकार से चुनाव बाद हिंसा को अंजाम दिया, जिसमें एक राजद समर्थक चंदन राय की हत्या की दी गई और अन्य दो पीएमसीएच में जिंदगी-मौत से जूझ रहे हैं, बेहद ही निंदनीय है। इस मामले में भाजपा के जिन 12 नेताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है, उनकी अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए। बड़ा तेलपा प्राथमिक विद्यालय के बूथ पर मतदान के दौरान महागठबंधन की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने बूथ के अंदर वोट डालने के बाद भी जुटे भाजपा समर्थकों को बाहर जाने को कहा था। उसके बाद भाजपा समर्थकों ने रोहिणी आचार्य के खिलाफ हंगामा व नारेबाजी शुरू कर दी और अगले दिन हिंसक घटना को अंजाम दिया। इससे जाहिर होता है कि भाजपा शांतिपूर्ण व सही तरीके से चुनाव नहीं चाहती है। अन्य इलाकों से भी खबरें मिल रही हैं कि समाज के वर्चस्वशाली ताकतें अभी से ही दलितों-गरीबों को डराने लगी हैं। चुनाव आयोग को ऐसी गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखनी चाहिए और समाज के वंचित तबकों के शत-प्रतिशत मतदान की गारंटी करवानी चाहिए।

माले महासचिव आज से काराकाट में करेंगे चुनाव प्रचार : भाकपा-माले महासचिव का दीपंकर भट्टाचार्य 23 मई से 25 मई तक काराकाट के दौरे पर होंगे। वहां से इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा-माले उम्मीदवार कामरेड राजाराम सिंह के समर्थन में कई सभाओं को संबोधित करेंगे। सबसे पहले वे 23 मई को नवीनगर के जोगिया हाईस्कूल के मैदान में चुनावी सभा में शामिल होंगे। उनके साथ पार्टी के अरवल विधायक महानंद सिंह, राजद के प्रदेश सचिव प्रो श्री निवास सिंह, राजद के जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र कुशवाहा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, सीपीआई के जिला सचिव और वीआइपी के जिला अध्यक्ष जगदीश चौधरी सभा में शामिल होंगे।

चुनाव में हिंसा कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता : युवा कांग्रेस

पटना। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने चुनावी रंजिश को लेकर छपरा गोलीकांड पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह घटना भारतीय लोकतंत्र को कलंकित किया है। चुनाव में हिंसा कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपाई गुंडे द्वारा राजद कार्यकताओं पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है और दो जिंदगी व मौत से जूझ रहे इलाजरत हैं। यह घटना बिहार सरकार की सुशासन की पोल खोल कर रख दिया है तथा चुनाव आयोग का चुप्पी पर भी बहुत कुछ बयां कर रही है। श्री गरीब दास ने कहा कि छपरा लोक नायक जयप्रकाश नारायण की भूमि रही है और यहां के लोग अमन-चैन एवं सत्य और अहिंसा को पसंद करते हैं, लेकिन भाजपा नेता ने अपनी हार को देख हताशा में छपरा में हत्या करवा कर यहां की पावन भूमि को रक्त रंजित कर कलंकित किया है। जनता इसका माकूल जवाब बीजेपी को देगी। श्री दास ने कहा कि पुलिस अधीक्षक से बात कर घटना में शामिल भाजपाई गुंडे को अविलंब पकड़नें एवं स्पीडी ट्रायल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का मांग किया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि युवा कांग्रेस के साथियों के द्वारा भी घटना स्थल पर जाकर अमन-चैन कायम करने के लिए अपील किया जा रहा है तथा बहुत जल्द बिहार युवा कांग्रेस की टीम पीड़ित परिवार से मिलेगी। उनको न्याय दिलाने तक सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से आवाज बुलंद करेगी। भाजपा का पुराना इतिहास रहा है कि जब-जब वह चुनाव हारने लगती है तो वह इसी तरह से दंगा फसाद करवाकर गरीब लोगों को बलि का बकरा बनाती रही है और हिंसा भड़काती है।

युवाओं को अच्छा भविष्य देना इंडिया गठबंधन का संकल्प : अंशुल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के युवा ऐसा सांसद चाहते हैं, जो उनके भविष्य को लेकर अच्छी सोच रखता हो, उनके लिए रोजगार, अच्छी कोचिंग और हॉस्टल्स, न्यूनतम खर्च पर आवागमन और भोजन की व्यवस्था करे। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद इस कार्य में पूर्णतः विफल रहे, वो कभी युवाओं के बीच गए ही नहीं। पटना साहिब को थका हुआ नहीं, ऊर्जा से भरपूर और नई सोच वाला सांसद चाहिए। यह बात पटना साहिब से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. अंशुल अविजित कुशवाहा ने मीडिया से कही। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ने पटना साहिब विधानसभा के वृंदावन गार्डन, मालसलामी में वार्ड क्रमांक 70,71,72 के इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं से संवाद किया, जहां पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार भी उपस्थित रहीं। बुधवार सुबह कांग्रेस प्रत्याशी ने तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेका और गुरुद्वारा श्री में लंगर चखा और सेवा की। उन्होंने सिख समुदाय के तीसरे गुरु, गुरु अमर दास जी के प्रकाश पर्व की सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और सुख, समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने गुरुद्वारा गली, वार्ड 67 में जनसंपर्क किया, जहां लोग उनसे दिल खोलकर मिले। डॉ. अंशुल अविजित ने पटना साहिब विधानसभा में अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया, जहां जिला अध्यक्ष शशिरंजन यादव एवं इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गोलीकांड में घायल लोगों से मिले पप्पू यादव, दी सांत्वना

● तत्काल उन्हें 25-25 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी

● सांसद रूडी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व सांसद पप्पू यादव ने सारण चुनावी हिंसा में घायल लोगों से पटना के पीएमसीएच अस्पताल में जाकर मुलाकात की और घटना को लेकर दुःख व्यक्त किया। इस मौके पर उन्होंने घायल लोगों के परिजनों को ढाढस बंधाया और इलाज के लिए तत्काल उन्हें 25-25 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। इसके बाद पप्पू यादव सारण के लिए प्रस्थान कर गये। इससे पहले उन्होंने कहा कि यह घटना दुःख है और यह चुनाव के दौरान फैलाई गई जातीय उन्माद का नतीजा है। लोकसभा चुनाव के दौरान नेताओं ने चुनाव जीतने के लिए जमकर नफरत बांटे हैं। उसी की परिणति है कि सारण गोलीकांड है। उन्होंने कहा कि इस घटना में दोषी जो भी है, उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। और बांकी लोगों से आग्रह है कि आपस में लड़ने से कोई फायदा नहीं है। हम सबों से शांति बनाये रखने की अपील करते हैं। वही, पप्पू यादव ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर बीजेपी नेता राजीव प्रताप रूडी पर हमला बोला और उनके बयानों की निंदा की। उन्होंने लिखा कि रूडी जी, आप जाहिलों की तरह क्यों बात कर रहे हैं? गोलियां चलती रहेगी तो देश और बिहार की आप अपनी सरकार एवं प्रशासन को बंगाल की खाड़ी में फेंक दीजिए! हां आप कमजोर नहीं हैं, हत्यारा कमजोर कैसे होगा? पप्पू यादव ने आगे लिखा कि बिहार पुलिस तत्काल इस व्यक्ति को गिरफ़्तार करे। यह व्यक्ति कह रहा है आत्मरक्षा में गोलियां चलती रहेगी, मतलब क्या बिहार में जंगलराज है?

वैश्य समाज का मत विकास के नाम पर : सर्राफ

पटना। जदयू के विधानपार्षद सह प्रदेश कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने शिवहर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार लवली आनंद के समर्थन में रीगा विधानसभा के बैरगनिया बाजार में व्यवसायी समाज के साथ बड़ी बैठक की। इस मौके पर सर्राफ ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में वैश्य समाज का एक-एक मत विकास के नाम पर और नीतीश-मोदी के काम पर जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 18 वर्ष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों का कार्यकाल कारोबारी समाज के लिए स्वर्णिम काल रहा है। डबल इंजन की सरकार में चैतरफा विकास की जो गति है, उसे वैश्य समाज हरगिज अवरुद्ध नहीं होने देगा। श्री सर्राफ ने आगे कहा कि पिछले 18 वर्षों में बिहार का बजट दस गुणा से अधिक बढ़ा है और विकास दर लगातार डबल डिजिट में है। ऐसे में वैश्य समाज न केवल स्वयं एकजुट है बल्कि समाज के बाकी तबकों को भी एनडीए के पक्ष में एकजुट कर रहा है। इस बार श्री नरेन्द्र मोदी 400 से अधिक सीटों के साथ प्रधानमंत्री होंगे

शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण : राठौड़

पटना। बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने अपर शिक्षा सचिव के के पाठक के द्वारा शिक्षकों को 5:45 बजे सुबह स्कूलों में उपस्थिति को लेकर आएं ताजा आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि आखिर शिक्षकों के ऊपर नाहक दबाव देने की लगातार कोशिश मुख्यमंत्री के शह पर की जा रही है। श्री राठौड़ ने आरोप लगाया कि के के पाठक तो केवल मोहरा हैं असल में सरकार के आदेश पर शिक्षकों को प्रताड़ित करने के लिए निकाला गया है। उन्होंने कहा कि ये सारे आदेश सरकार के देख रेख में शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की साजिश है। शिक्षकों की अपनी सामाजिक जीवन को भी दोयम दर्जे पर रखकर मानवाधिकार का हनन किया जा रहा है। अहले सुबह विद्यालय पहुंचने के लिए उन्हें कितने तरीके से समय का प्रबंधन करना पड़ता है, शिक्षा देना कोई मार्निंग वॉक नहीं होता है जो सरकारी आदेश निकाल कर उन्हें मानसिक तौर पर अस्थिर करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि शिक्षकों को तंग करना वें बंद करें और उनसे रचनात्मक कार्य लें।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी०)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रूप में आमंत्रित करती हैः–।

क्र० सं० : 1, **निविदा सूचना सं० :** टी.सी.–89–2024–एस.पी.जे., **कार्य का नाम :** समस्तीपुर मंडल में वर्ष 2024–25 के लिए रेलवे विनिर्देश के अनुसार बाकुडीह/पाकुड़ से 50 मी.मी. आकार की 1,40,000 घनमीटर मशीन कश्ड स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति तथा किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में लदाई का कार्य। **निविदा लागत (रुपये में) :** 208304600.00, **बयाने की राशि (रुपये में) :** 1191500.00, **कार्य की समाप्ति अवधि :** 15 माह

क्र० सं० : 2, **निविदा सूचना सं० :** टी.सी.–90–2024–एस.पी.जे., **कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम समस्तीपुर के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न समपारों के बुनियादी सुविधाओं का उन्यन। **निविदा लागत (रुपये में) :** 19072092.34, **बयाने की राशि (रुपये में) :** 245400.00, **कार्य की समाप्ति अवधि :** 12 माह

क्र० सं० : 3, **निविदा सूचना सं० :** टी.सी.–91–2024–एस.पी.जे., **कार्य का नाम :** मधुबनी में पुरी लम्बाई की यात्री ट्रेन को समायोजित करने के लिए प्लेटफार्म संख्या 1 का विस्तार। **निविदा लागत (रुपये में) :** 5536692.47, **बयाने की राशि (रुपये में) :** 110700.00, **कार्य की समाप्ति अवधि :** 12 माह

क्र० सं० : 4, **निविदा सूचना सं० :** टी.सी.–92–2024–एस.पी.जे., **कार्य का नाम :** घोघरडीहा–निर्मली स्टेशन के बीच किमी० 59.00 से 59.85 पर स्थित एल एच एस संख्या 73 के जल निकासी व्यवस्था एवं पहुँच पथ का सुधार। **निविदा लागत (रुपये में) :** 9151758.00, **बयाने की राशि (रुपये में) :** 183000.00, **कार्य की समाप्ति अवधि :** 09 माह

(1) आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रुप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 13.06.2024 को 12:00 बजे तक। **(2) ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** 13.06.2024 को 12:00 बजे के बाद। **(3) वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वेबसाईट www.ireps.gov.in. उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय
पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर

पीआर/00319/एसपीजे/इंजी०/टी/24–25/64

जाति व मजहब को छोड़ मोदी की गारंटी को गले लगा रही जनता : विजय

नाकामियों की खीज मिटाने के लिए अराजकता का माहौल बनाने में जुटा विपक्ष

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि चुनाव के नतीजों की आहट से अब इंडी अलायंस के नेताओं के दम फूलने लगे हैं। अब तक हुए पांच चरणों के चुनाव में जनता ने जाति, मजहब और क्षेत्र की सीमाओं को तोड़कर जिस तरह से मोदी जी की गारंटी को गले लगाया है, उसे देखकर इन्हें कोई रास्ता नहीं सूझ रहा । लिहाजा ये लोग शब्दों की हिंसा से आगे बढ़कर अब शारीरिक हिंसा जैसे हथकंडे अपनाने पर उतर आए हैं। श्री सिन्हा ने किसी भी चुनाव में कोई पार्टी या गठबंधन अपना रिपोर्टकार्ड, अपना एजेंडा और अपना विजन आगे रखकर जनता के बीच जाती है। लेकिन इंडी अलायंस ने ऐसा कुछ नहीं किया । एक तो न ये ढंग से अपना गठबंधन बना पाए, न कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय कर पाए और न ही एक घोषणापत्र बना पाए। गठबंधन के पांच सितारा होटलों में शानदार डिनर पार्टियों से इनकी चुनावी रणनीति की कवायद शुरू हुई। इसलिए इनका एजेंडा भी मटन की रेसिपी तक सिमट कर रह गया। घोषणापत्र की बात करें तो जितने चेहरे उतने बोल की तर्ज पर हर पार्टी का अलग-अलग घोषणापत्र इन्होंने जारी किया। श्री सिन्हा ने कहा कि देश की जनता के साथ इंडी गठबंधन के नेताओं को भी यह भरोसा था कि आएंगे तो मोदी जी ही। इसलिए जब चुनाव में उतरे तो इन्हें समझ ही नहीं आया कि जनता से क्या कहें ? कभी इन्हें संविधान खतरे में नजर आता, कभी लोकतंत्र संकट में दिखता। जब इनके ये दांव नहीं चले तो इंडी वाले समाज को धर्म और जाति के आधार पर बांटने में जुट गए। यहां तक कि अपने पक्ष में ये अपने पाकिस्तानी दोस्तों से भी इन्होंने अपील कराने से भी बाज नहीं आए । आसमान में उड़ने वाले इन परिवरवादी सत्ताधीशों की आंखें जब हर चरण के मतदान के बाद धीरे-धीरे खुलनी शुरू हुईं तो समझ आया कि इनके तमाम राजनीतिक पैतरों के दिन अब लद चुके हैं। अपनी नाकामियों की खीज मिटाने के लिए अब ये लोग हिंसा और अराजकता का माहौल बनाने में जुट गए हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि आज 140 करोड़ लोगों का मोदीजी का परिवार विकसित भारत बनाने की दिशा में मजबूत इरादे के साथ बढ़ चुका है। 4 जून को दिशाहीन इंडी गठबंधन के परिवारवादी नेताओं की राजनीतिक जमींदारी जब्त होने वाली है ।

झूठ का व्यापार करने वालों को जनता नहीं करेगी स्वीकार : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बुधवार को बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शिवहर लोकसभा से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी लवली आनंद के समर्थन में कई चुनावी जनसभाएं की। इस मौके पर श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार समेत पूरे देश की जनता केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में हुए विकास के अनेकों काम हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि बिहार में एक ओर वे हैं जिन्हें केवल अपना परिवार हित दिखाई देता है वहीं दूसरी ओर नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार के लिए पूरा देश ही उनका परिवार है और गरीब कल्याण को इन्होंने अपने जीवन का संकल्प बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल से बिहार में जातिगत गणना का काम पूरा हुआ और उसके आंकड़ों के अनुरूप 75 फीसदी तक आरक्षण का दायरा भी बढ़ाया गया है। साथ ही आर्थिक रूप से पिछड़े सभी वर्ग के लिए कई योजनाएं शुरू की गई है। श्री कुशवाहा ने कहा कि शिवहर लोकसभा में एनडीए गठबंधन बड़े अंतर से चुनाव जीत रहा है। विपक्ष दूर-दूर तक कहीं मुकाबले में नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जनकल्याण के क्षेत्र में इतने काम किए हैं की उसकी चर्चा करने के लिए पूरा दिन भी काफी नहीं है। दूसरी ओर ऐसे विपक्षी हैं जिनके पास गिनाने के लिए अपने एक भी काम नहीं है इसलिए हमारे नेता के कामों को गिनाकर झूठा श्रेय ले रहें हैं। लेकिन शिवहर और बिहार की जनता हकीकत को अच्छी तरह से जानती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झूठ की खेती करने वाली विपक्षी पार्टियां लाख कोशिश कर लें, वो बिहार की जनता को अपने दुष्प्रचार के भ्रमजाल में नहीं फंसा सकते हैं। प्रदेश की जनता का वोट नए शिवहर, नए बिहार और नए भारत के लिए होगा। शिवहर और बिहार सहित पूरे देश में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत सुनिश्चित है और श्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार रिकॉर्ड बहुमत से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा का ये चुनाव लोकतंत्र और परिवारतंत्र के बीच है, विकास और विनाश के बीच है और आपको तय करना है कि आप किस ओर हैं। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार की कल्पना नीतीश कुमार के बिना और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना नरेन्द्र मोदी के बिना मुश्किल है। अब तक हुए पांच चरणों के चुनाव में सभी लोकसभा क्षेत्रों का दौरा किया है। इन सभी चरणों में लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला है। इस बार बिहार की 40 की 40 सीटें एनडीए की झोली में आएंगी। हमलोग हर जगह सिर्फ जीत ही नहीं रहे हैं, बल्कि बड़े अंतर से जीत रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

चयनित शिक्षकों को दी गई चहक प्रशिक्षण

बेनीपुर(दरभंगा)। बीआरसी भवन जयंतीपुर में मंगलवार को वर्ग 1 से 5 के चयनित 45 शिक्षकों को चहक का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में जकी इमाम एवं अजीत कुमार ने चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं को वर्ग कक्ष में बच्चों को पढ़ाने का तौर-तरीका बताया। इस दौरान बच्चों को क्रियाशीलता एवं ब्रेक आईस टिप्स के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधि में शामिल करने और शैक्षणिक गतिविधि को और बेहतर बनाने का तौर तरीका बताया। इसके अलावा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान सहित चहक के 140 गतिविधि और इसके आयाम आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान छात्र का स्तर, सिस्टम स्तर आदि के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। शिक्षकों को विद्यालय में गतिविधि कराकर बच्चों के बीच शैक्षणिक माहौल बनाने का गुड़ भी सिखाया गया। इस दौरान वर्ग का शैक्षणिक माहौल बिना बोरिंग किये ही बेहतर तरीके से संचालन करने के बारे में बताया गया। वही एफएलएन के विकासात्मक लक्ष्य एचडब्लू आदि के बारे में भी बताया गया। बुनियादी साक्षरता एवं भाषा कौशल, बुनियादी संख्या ज्ञान सहित जानकारी दी गई। इस दौरान बीआरपी रामकृष्ण मंडल आदि उपस्थित थे।

बड़े भाई ने छोटे भाई को तेज धारदार हथियार से किया घायल

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर अपने ही छोटे भाई के सिर पर गड़ासा से हमला कर सिर काटकर बड़े भाई ने गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी व्यक्ति की पहचान सिंघिया गांव निवासी सिमरन ठाकुर के रूप में हुई है। परिजन ने जख्मी व्यक्ति को ईलाज के लिए पीएचसी कल्याणपुर में भर्ती कराया। जहां उसके गंभीर स्थिति को देखते हुए ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नितेश चन्द धारिया ने बताया कि जख्मी व्यक्ति के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

प्रखंड समन्वय समिति की बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड समन्वय समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय के प्रकोष्ठ में बुधवार को बीडीओ देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर आश्रय स्थल का चयन आंगनवाड़ी भवन के लिए जगह चिन्हित करना एवं मीजरस रुबेला बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी पंचायत एवं ग्रामीण स्तर पर सभी जगह मॉनिटर एवं टीकाकरण का सघन निरीक्षण करने सहित मुद्दों पर बैठक किया गया। बैठक में सीओ शशि रंजन कुमार, मीरा कुमारी, डॉ बीके ठाकुर, डॉ दिलीप कुमार, संतोष कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु डोर टू डोर अभियान चलाया गया

हाजीपुर। गोरौल प्रखंड स्थित आरपीसीजे उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलवरघाट में भारत स्काउट एवं गाइड यूनिट द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु डोर टू डोर अभियान चलाया गया।भारत स्काउट एवं गाइड के रोवर स्काउट लीडर उमेश कुमार प्रसाद सिंह के नेतृत्व में स्काउट्स एवं गाइड्स ने घर-घर जाकर मतदाताओं से 25 तारीख को होने वाले लोकसभा चुनाव में मत देने की अपील की। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। मत की कीमत बहुत बड़ी है ,मत के दम पर देश खड़ी है आदि नारों के साथ बच्चों ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में डोर टू डोर अभियान के माध्यम से लोगों को हर हाल में मतदान करने की अपील। साथ ही स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लेते हुए नारा बुलंद किया कि हम सब ने ठाना है, वैशाली में मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। इस अभियान के अंतर्गत स्काउट गाइड ने वैसे मतदाताओं को चिन्हित किया जो दिव्यांग है या बूथ तक जाने में असमर्थ है । उन्हें यह बताया गया कि मतदान के दिन बूथ पर जाने के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था है। आप सभी निश्चित रूप से अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अभियान में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार शरण के साथ राहुल कुमार चौधरी,अजीत कुमार, निशा कुमारी, अंशु कुमारी ,दीपांशु कुमारी, मधुमिता कुमारी सहित अन्य स्काउट गाइड ने हिस्सा लिया।

जिंदगी बचाने वाला अस्पताल स्वयं गंदगी से बीमार है

अस्पताल के सफाई कर्मचारी के बकाया वेतन देने की मांग को लेकर हड़ताल पर

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर अनुमंडलीय अस्पताल के सफाई कर्मचारी के बकाया वेतन देने की मांग को लेकर बीते एक सप्ताह से हड़ताल पर चले जाने के कारण जिंदगी बचाने वाला अस्पताल स्वयं गंदगी से बीमार हो गया है। अस्पताल का कोना कोना गंदगी से बजबजा रहा था। वार्डो में गंदगी का अंबार लगा रहा। वहीं दूसरी ओर मेडिकल वेस्ट भी इधर उधर पड़े रहे।सफाईकर्मियों की हड़ताल से अस्पताल की स्थिति नारकीय हो गयी है। इनडोर और गायनो समेत सभी वार्डो में मेडिकल कचरा बिखरा पड़ा है, जिससे मरीजो में संक्रमण होने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इलाज कराने आये मरीज और उसके परिजनों को बदबू के बीच इलाज कराने को विवश होना पड़ रहा है। हड़ताल की वजह से अस्पताल प्रबंधन को भी अब गंदगी की चिंता सताने लगी है। अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी, इमरजेंसी रूम के, डिलीवरी रूम सहित सहित स्वास्थ कर्मचारियों के शौचालय नर्क बने हुए हैं चारों ओर यात्रा गंदगी एवं बदबू से मरीज सहित स्वास्थ्य कर्मी तक परेशान हो चुके हैं।अनुमंडलीय अस्पताल में इनडोर एवं आउटडोर सहित पूरे परिसर की सफाई का जिम्मा लिच्छवी फाउंडेशन एजेंसी को दिया गया है। जिसके द्वारा लगभग 13 सफाईकर्मी अनुमंडलीय अस्पताल में 24 घंटा नियमित रूप से मरीज रूम से लेकर सहित पूरे परिसर की सफाई करते है। इन सभी सफाई कर्मियों का 8 महीना से वेतन का भुगतान नहीं हो सका है। सफाई कर्मियों के द्वारा बार-बार एजेंसी से अपना वेतन की मांग करने के बावजूद अभी तक एजेंसी के द्वारा अभी तक भुगतान ना करने के कारण सफाई कर्मियों के द्वारा बीते 15 मई से अस्पताल परिसर में साफ सफाई का काम पूर्णता बंद कर दिया गया। जिस कारण अस्पताल में यत्र तत्र गंदगियों का अंबार देखा जा रहा है।इस संबंध में अस्पताल प्रबंधक प्रभास कुमार ने बताया कि बीते एक सप्ताह से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण अस्पताल में साफ सफाई का कोई कार्य नहीं हो पा रहा है जिस कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है अस्पताल प्रबंधन के द्वारा यदि दूसरे सफाई कर्मी से सफाई करवाने की कोशिश की गई मगर वर्तमान सफाई कर्मचारियों ने उन्हें साफ सफाई ना करके विरोध प्रदर्शन किया जिस कारण अनुमंडलीय अस्पताल में साफ सफाई का कार्य नहीं हो पा रहा है जिससे मरीज सहित अस्पताल प्रबंधन को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मारी आंखें जीवन को सार्थक बनाती हैं : प्रो मुश्ताक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।मानव मानव जीवन को सार्थक बनाने में मनुष्य की दो आंखें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं यदि मनुष्य की आंखें स्वस्थ हैं तो वह दुनिया के किसी भी कष्ट को देखकर अपने जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास करता है और अगर मनुष्य खुद ही प्रकृति की इस देन से मरहूम है तो फिर वह दुनिया को न अपनी आंखों से देखता है और न अपने जीवन में किसी तरह के परिवर्तन के लिए सबक सिखता है उक्त बातें प्रो मुश्ताक अहमद प्रधानाचार्य, सीएम कॉलेज, दरभंगा ने कही। प्रो अहमद सी एम कॉलेज में एक निशुल्क आंख जांच शिविर से संबोधित कर रहे थे कॉलेज परिसर में अवस्थित पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य से कॉलेज के शिक्षक कर्मी एवं छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया था इस आंख जांच सिविल में बड़ी संख्या में शिक्षक कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने अपने आंख की जांच कराई प्रो अहमद ने कहा की कॉलेज परिसर में स्वास्थ्य संबंधी शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जागरूकता पैदा करना है कि हमारे छात्र एवं शिक्षक कर्मी स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और समाज में भी लोगों को स्वास्थ्य के संबंध में जानकारियां देते रहें। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर के साथ-साथ उनके सभी कर्मी सहयोग कर रहे थे पीएनबी के सौजन्य से एएसजी हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं उनकी पूरी टीम कॉलेज में निशुल्क जांच शिविर को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। कॉलेज के प्रो आशीष बडियार, डॉ अबसार आलम एवं अन्य शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिए कार्यक्रम में बैंक के मैनेजर संतोष कुमार ने कहा कि भविष्य में भी कॉलेज परिसर में किसी भी प्रकार की निशुल्क स्वास्थ्य संबंधी शिविर में हम सहयोग करेंगे। इस अवसर पर प्रो मयंक श्रीवास्तव, डॉ आशीष कुमार, बिंदु चौहान, डॉ संजीत कुमार झा, डॉ दिव्या झा, डॉ विजय सेन पांडे, डॉ फैजान हैदर, डॉ शशांक शुक्ला, एएसजी हॉस्पिटल शमशाद आलम, विपिन कुमार सिंह, सरफराज अहमद, डॉ चंदा कुमारी इत्यादि शामिल थे।

सशस्त्र सीमा बल द्वारा दरिद्र नारायण भोजनालय कार्यक्रम के तहत अति भोजन मुहैया करवाया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी एसएसबी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के प्रांगण में गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं जयनगर कमला बीओपी में कल दरिद्र नारायण भोजनालय कार्यक्रम के तहत अति गरीब लोगों को भोजन मुहैया करवाया गया, जिससे कि कम से कम इन लोगों को एक वक्त का खाना मिल सके। 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के संतोष कुमार निमोरिया एवं विवेक ओझा (उप कमांडेंट) कमला बीओपी के निरीक्षक लोकेंद्र कुमार द्वारा अति गरीब बच्चों एवं लोगों को खाना परोसा गया। इस बल के आदर्श वाक्य सेवा सुरक्षा और भाईचारा को मध्य नजर रखते हुए सशस्त्र सीमा बल विभिन्न हिस्सों में अंतरिक सुरक्षा कर्तव्यों के साथ साथ नागरिक कलयाण और जनहित के कार्यक्रम करवाना है,तथा सीमा क्षेत्र में रहने वाले युवाओं के जीवन में विकास एवं राष्ट्र के प्रति जागरूक किया गया।

उत्पाद मामले में दो महिला सहित पांच दोषी करार, पांच वर्ष सश्रम कारावास व एक लाख जुमार्ना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने बुधवार को उत्पाद मामले से सम्बंधित ताजपुर थाना कांड संख्या 538/22 के मामले में पांच अभियुक्तों को दोषी पाया है। दोषी पाए गए प्रत्येक अभियुक्त को धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

अभियुक्तों की पहचान हलई थाना क्षेत्र के चकलालशाही टोला सैदन के विनोद सहनी की पत्नी पनदुकिया देवी, परीक्षण सहनी के पुत्र विनोद सहनी व पांडव सहनी, परीक्षण सहनी की पत्नी पीला देवी एवं लालदेव सहनी के पुत्र मनोज सहनी के रूप में बतायी गई है। बताया गया कि 9 नवंबर 2022 की दोपहर ताजपुर थाना क्षेत्र अधीन तब के हलई ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त के घर पर छापेमारी की थी। इस दौरान सभी अभियुक्त फरार हो गए थे।

जिसके बाद उनके घर के पीछे नदी के किनार में झाड़ी में छुपाकर रखा हुआ दो पांच-पांच लीटर के गैलन में कुल दस लीटर तथा दो-दो लीटर के दो प्लास्टिक के बोतल में चार लीटर कुल 14 लीटर देशी शराब बरामद किया गया था।

जिसके बाद बरामद देसी शराब के आधार पर मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक (उत्पाद) अधिवक्ता अविनाश राय एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया व अधिवक्ता राकेश कुमार थे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उप कारा बेनीपुर का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। उच्चतम न्यायालय एवं नालसा के निदेर्शानुसार उप कारा बेनीपुर का निरीक्षण जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा विनोद कुमार तिवारी ने किया।

उन्होंने उपकारा में सामान्य स्वच्छता, साफ-सफाई, वाशरूम की स्थिति, बैरकों में सीपेज,पानी टंकी की आवश्यकता जैसे मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने महिला बंदियों के स्वास्थ्य के संबंध में, साथ ही महिला बंदियों के साथ रहने वाले बच्चों के आहार,चिकित्सा सुविधा आदि के बारे जानकारी लिया।उन्होंने अधीक्षक से कहा कि बच्चों का टिकाकरण उपकारा में हीं कराने का प्रबंध करें। यदि कोई महिला बंदी कहती है कि बच्चे को टीका लगाया जा चुका है तो टीकाकरण संबंधी कार्ड की मांग करें। उन्होंने पुरुष वार्डो का भी बारी-बारी से निरीक्षण कर कैदियों से जेल में उपलब्ध कराये जाने वाले सुविधाओं के बारे में पूछा।

चिकित्सालय में चिकित्सा उपकरणों एवं उपलब्ध दवाओं को देखा तथा पाकशाला में बन रहे भोजन की गुणवत्ता को देखा। पुस्तकालय में पढ़ रहे बंदियों से पढ़ाई संबंधी जानकारी भी ली। उन्होंने उपकारा की सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के संबंध में पूछताछ किया। निरीक्षण में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार कारा निरीक्षण के लिए गठित टीम की महिला सदस्या प्रोतिमा परिहार, विशेष न्यायाधीश पोस्को भी मौजूद थी। मौके पर एसीजेएम संगीता रानी,उपकाराधीक्षक धीरज कुमार,जेल लिगल एड क्लिनिक के अधिवक्ता राजनाथ यादव,जेलर भजन दास,जेल चिकित्सक डॉ. सलमान रजा आदि उपस्थित थे।

चुनाव ड्यूटी ज्वाइन करने से पहले अचानक गायब हुई महिला सिपाही

- हथियार समस्तीपुर पुलिस केंद्र के कोत शाखा में है जमा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिला पुलिस बल की महिला सिपाही सुभांती कुमारी द्वारा लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिये सीतामढ़ी प्रतिनियुक्त किये जाने के बाद बिना किसी सूचना के गायब होने के मामले में समस्तीपुर पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है वह बिना किसी पूर्व सूचना के गायब है, लेकिन उसका हथियार समस्तीपुर पुलिस केंद्र के कोत शाखा में जमा है। समस्तीपुर पुलिस के द्वारा बताया गया है कि महिला सिपाही संख्या-443 सुभांति कुमारी घटहो थाना अंतर्गत 112 डायल पर प्रतिनियुक्त है। 26 अप्रैल को अररिया में प्रधानमंत्री के चुनावी कार्यक्रम में विधि व्यवस्था को लेकर ड्यूटी में उक्त महिला सिपाही को प्रतिनियुक्त किया गया था। जिसके बाद घटहो थाना से पुलिस केंद्र समस्तीपुर में उसने योगदान किया तथा अररिया में ड्यूटी के उपरांत पुनः पुलिस केंद्र समस्तीपुर में योगदान किया। इसके बाद 28 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह एवं 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और 1 मई को मधुबनी में सीएम के कार्यक्रम पर विधि व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी जगह ड्यूटी समाप्त करने के बाद उसने समस्तीपुर पुलिस केंद्र में अपना योगदान किया। इसके बाद 4 मई को उक्त महिला सिपाही पूर्व से प्रतिनियुक्त घटहो थाना अंतर्गत डायल 112 (ईआरभी) ड्यूटी के लिए पुलिस केंद्र समस्तीपुर से प्रस्थान की, लेकिन उक्त सिपाही घटहो थाना में योगदान ना देकर 5 मई को अपना हथियार समस्तीपुर पुलिस केंद्र कोत शाखा में जमा करने के बाद बिना किसी सूचना के गायब हो गई। घटहो थाना नहीं पहुंचने पर उक्त महिला सिपाही के विरुद्ध घटहो थाना अध्यक्ष के द्वारा अनुशासनिक कार्रवाई करने के लिए वरिय पदाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया। जिसके आलोक में समस्तीपुर जिलादेश अंकित कर वेतन धारित करते हुए विभागीय कार्रवाई के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई। इसी दौरान 20 मई को सीतामढ़ी लोकसभा सीट पर होने वाले चुनाव को लेकर 15 मई को पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों का प्रस्थान समस्तीपुर से सीतामढ़ी करवाया गया जिसमें उक्त महिला सिपाही सुभांति कुमारी का भी नाम था। लेकिन उक्त सिपाही सीतामढ़ी जिला में होने वाले चुनाव के लिए प्रस्थान नहीं की और बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्य से फरार हो गई। सीतामढ़ी में उक्त सिपाही सुभांती कुमारी के योगदान नहीं देने पर वहां के एसपी ने समस्तीपुर के एसपी को पत्र लिखकर उक्त सिपाही पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की है। सीतामढ़ी एसपी ने पत्र में लिखा है की चुनाव जैसे महत्वपूर्ण ड्यूटी से अनुपस्थित रहना उनके घोर लापरवाही, मनमानेपन, आदेश-उल्लंघन एवं कर्तव्यहीनता का परिचायक है।

छपरा गोली कांड में 12 नामजद व 50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ' छपरा गोली कांड को लेकर मृतक के पिता नागेंद्र राय द्वारा प्राथमिक की दर्ज कराई गई है, जिसमें रामाकांत सोलंकी, उमाकांत सोलंकी, पिता स्वर्गीय जय नारायण सिंह सोलंकी, मिथिलेश सिंह पिता राजकुमार सिंह, पंकज सिंह पिता विश्वनाथ सिंह, राम प्रताप सिंह पिता देवेंद्र सिंह,मनोज कुमार सिंह पिता पासपति सिंह, सत्यानन्द सिंह पिता स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह, मिंटू सिंह एवं मनीष कुमार सिंह पिता स्वर्गीय बैजू सिंह, चंदन कुमार सिंह पिता रमाशंकर सिंह, दीपू सिंह एवं पिंटू सिंह पिता स्वर्गीय जय सिंह का नाम शामिल है, सभी बड़ा तेल नया बस्ती के निवासी बताए गए हैं ' 21 मई को नगर थाना में मृतक के पिता नागेंद्र राय द्वारा प्राथमिक दर्ज कराई गई है ' दर्ज प्राथमिकी के अनुसार के इस घटना में 12 अभियुक्त को नामजद किया गया है, जबकि 50 अज्ञात व्यक्ति पर भी प्राथमिक दर्ज की गई है ' अब तक दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है,जिसमें रमाकांत सोलंकी एवं राम प्रताप सिंह का नाम शामिल है।

31 मई तक कराना होगा दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के खाताधारियों को पीएम बीमा योजना का रिन्यूअल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के वैसे समस्त खाताधारियों जिन्होंने विगत वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का पॉलिसी करवाया था, उनके पॉलिसी का नवीकरण दिनांक 31 मई 2024 तक हो जाना है अन्यथा उनकी पॉलिसी स्वतः समाप्त हो जाएगी। उक्त बातें समस्तीपुर प्रक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कौशिक ने कहा। उन्होंने योजना से जुड़े.सभी ग्राहकों से अनुरोध किया है कि वे अपने बचत खातों में प्रीमियम की राशि पीएमजेजेबीवाई हेतु 436 रुपए एवं पीएमएसबीवाई हेतु 20 रुपए अवश्य रखें ताकि उन्हें बीमा योजना का लाभ मिल सके। श्री कौशिक ने यह भी जानकारी दिया कि बीमा पॉलिसी की वैधता दिनांक 01 जुन 2024 से 31 मई 2025 तक रहेगी। पॉलिसी धारक के बचत खाते से प्रीमियम की राशि दिनांक 31 मई 2024 तक स्वतः ऑटो डेबिट हो जाएगी। बीमा पॉलिसी के प्रीमियम नवीकरण हेतु ग्राहक शीघ्र ही अपने बैंक के शाखा या बीसी एजेंट से संपर्क करें। साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कौशिक ने जिले के आम जनता से अपील किया कि जो भी इस लाभकारी बीमा योजना से नहीं जुड़े.है, वे 01 जून 2024 से दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा एवं सीएसपी सेंटर से संपर्क कर उक्त बीमा योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए इस बीमा योजना से जुड़े एवं इसका लाभ उठावें।

प्रखंड कार्यालय, झंझारपुर के निर्वाचन शाखा पर होगी मतगणना

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी झंझारपुर प्रखंड के रैयाम पश्चिम कृषि साख सहयोग समिति पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक 24.05.2024 शुक्रवार को पूर्वाह्न 07:00 बजे से 4:30 बजे अपराह्न तक संपन्न होगा। साथ ही मतगणना उसी दिन दिनांक 24.05.2024 शुक्रवार को निर्वाचन के तुरंत पश्चात मतगणना स्थल प्रखंड कार्यालय, झंझारपुर के निर्वाचन शाखा पर निर्धारित किया है। इस सम्बन्ध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी(स0 स0) सह जिला दंडाधिकारी, अरविन्द कुमार वर्मा के द्वारा स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान मतगणना संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था मद्देनजर आवश्यक निदेश दिया गया है रैयाम पश्चिम कृषि साख सहयोग समिति(पैक्स) निर्वाचन को लेकर वरीय दंडाधिकारी के रूप में चन्दन कुमार झा, उप समाहर्ता, भूमि सुधार, झंझारपुर को तथा पुलिस पदाधिकारी के रूप में नीतीश कुमार, एस. आई. झंझारपुर थाना को नामित किया गया है। साथ ही सेक्टर दंडाधिकारी के रूप में सुश्री अभिलाषा पाठक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, झंझारपुर एवं पुलिस पदाधिकारी के रूप में हिमांशु कुमार, एस. आई., भैरवस्थान थाना को नामित किया गया है। मतदान के दिन किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अनुमंडल नियंत्रण कक्ष एवं जिला नियंत्रण पल-पल की निर्वाचन सम्बंधित गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी। उक्त निर्वाचन के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, झंझारपुर को जोनल दंडाधिकारी एवं जोनल पुलिस पदाधिकारी रूप में भ्रमणशील रहकर शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने का निदेश जिला दंडाधिकारी द्वारा दिया गया है।

एक माह में दी जाएगी 4जी सुविधा : महाप्रबंधक

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बेनीपुर के उपभोक्ताओं को बीएसएनएल का 4जी सुविधा एक माह में उपलब्ध करा दिया जाएगा। सुदूर देहात के लोगों को फाइबर ऑप्टिकल के माध्यम से इंटरनेट से जोड़ने के लिए कार्य में तेजी लाई गई है। अनुमंडलीय दूरसंचार कार्यालय सह एक्सचेंज बेनीपुर का निरीक्षण गत 21 मई को बीएसएनएल के वरिष्ठ महाप्रबंधक विनोद कुमार गुप्ता ने मंगलवार को देर शाम ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पहले बेनीपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 4जी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद बिरौल को भी यह सुविधा दी जाएगी। इसका कार्य तेजी से चल रहा है। सीनियर जीएम श्री गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण इलाके के उपभोक्ताओं को इंटरनेट से जोड़ने के कार्य में गति लाई गई है। उन्होंने कहा कि एफटीटीएच के माध्यम से इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। इसको विस्तार करने के लिए ओएलटी देहाती इलाकों में लगाई जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा होगा। उन्होंने तफ्तीश के दौरान विभागीय एसडीओ श्याम जी प्रसाद को एक्सचेंज के स्क्रैप सामान का निष्पादन शीघ्र करने को कहा। एक्सचेंज का देखभाल एवं ग्राहकों की शिकायत को गंभीरता से लेकर दूर करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि एक्सचेंज के भूतल भवन को एसबीआई को भाड़ा पर दिया गया है। ऊपरी भवन में भी दो से ढाई हजार स्क्वायर फीट में कोई राष्ट्रीयकृत बैंक आना चाहे तो उसे दिया जाएगा। बीपीएससी पास बिहार के गैर निवासी शिक्षकों को 25 तक जमा करना पड़ेगा दक्षता प्रमाण पत्र

प्राथमिक से लेकर उच्च मावि के एच एम व बीईओ को दी जमा कराने की जिम्मेदारी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। बीपीएससी पास वैसे शिक्षकों की नौकरी जा सकती है जो बिहार के मूल निवासी नहीं है फिर भी बिहार अधिनियम तीन का लाभ प्राप्त किया है। इब्तेशाम शाहिन बनाम राज सरकार के मामले में हाई कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षा विभाग एक बार फिर से हरकत में आ गया है। अब वैसे शिक्षकों को चिन्हित करने के लिए शिक्षक पात्रता प्रमाण पत्र के साथ ही आधार कार्ड और डोमिसाइल सर्टिफिकेट जमा करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने डीईओ को निर्देश दिया है। जारी निर्देश के आधार पर डीईओ ने प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर के स्कूलों के प्रधानों से कहा है कि बीपीएससी के पहले एवं दूसरे पेज में योगदान करने वाले बिहार के बाहर के सभी शिक्षकों सीटीईटी,एसटीईटी,बीटीईटी दक्षता प्रमाण पत्र,आधार कार्ड तथा डोमिसाइल सर्टिफिकेट की स्वभिप्रमाणित फोटो कॉपी देनी होगी।

सभी बीईओ को आदेश का पालन कराने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

स्कूलों के प्रधानों को इस बात का शपथ पत्र भी देना होगा कि बिहार से बाहर के शिक्षकों के संबंध में मांगी गई जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।जिन स्कूलों में बिहार से बाहर के शिक्षक कार्यरत नहीं है उन्हें भी यह लिखित देना होगा की मांगी गई जानकारी से संबंधित शिक्षक उनके स्कूल में नहीं है। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आदेश का पालन समय सीमा के अंदर कराने का निर्देश दिया है।विभाग ने स्पष्ट आदेश दिया है कि इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले शिक्षक के स्कूल प्रधानाध्यापक के साथ ही बीईओ पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जलवाड़ा व थलवारा पंचायत में किया जाएगा विधिक जागरूकता कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा रंजन देव द्वारा बताया गया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह जिला सत्र न्यायाधीश, दरभंगा के निर्देश के आलोक में जून माह में दरभंगा के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में विभिन्न विषयों पर विधिक जारूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में 2 जून को पूर्वाह्न 11 बजे से केवटी प्रखण्ड के जलवाड़ा पंचायत में तथा 8 जून को पूर्वाह्न 11 बजे से हनुमाननगर प्रखण्ड के थलवारा पंचायत में विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 02 जून (रविवार) को आयोजित विधिक जारूकता कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अजय कुमार साहू एवं पारा विधिक स्वयं सेवक नीलाम्बर मिश्रा द्वारा बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में, नालसा (वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सेवाएँ), दत्तक ग्रहण का कानून और प्रक्रिया के बारे, एसिड अटैक के दौरान पीड़ित व्यक्ति का उपचार और बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना- के बारे में, दिव्यांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम के बारे में एवं लोक अदालत एवं ए.डी.आर तंत्र के बारे में तथा 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

खतरे में है जैव विविधता - डॉ सत्येंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर।जैव विविधता इस धरती पर खतरे में है। जीवो के लिए ऑक्सीजन एवम जल अति आवश्यक है। पर्याप्त ऑक्सीजन के लिए जादा से जादा पौधे लगाए एवम पर्याप्त जल के लिए जलाशय को बचाए ये बाते वैशाली वन प्रमंडल द्वारा कृष्ण कुमारी विद्या मंदिर धरहरा में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एस एन एस कॉलेज, हाजीपुर के जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सत्येंद्र कुमार ने कही।साथ में यह भी कहा कि जैव विविधता संरक्षण के विशिष्ट पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने, उभरती चुनौतियों और प्रेरक समाधानों पर ध्यान आकर्षित करना होगा। जैव विविधता हानि और जलवायु परिवर्तन की चल रही चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक मुहिम के रूप में देखना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य अविनाश कुमार ने की और कहा अपूरणीय जैविक संपदा के साथ सद्भाव रखने होंगे। ।जीपुर रेंजर रंजीत कुमार राय ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में जैव विविधता की मौलिक भूमिका निभाती है।

संक्षिप्त खबरें

मतदान को शांतिपूर्ण कराने को लेकर रक्सौल बॉर्डर आज से 25 मई तक हुआ सील

रक्सौल।पूर्वी चंपारण व पश्चिम चंपारण में छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर भारत-नेपाल सीमा को आज से 25 मई शाम 6 बजे तक बॉर्डर को सील कर दिया गया है। 25 मई को मतदान के बाद शाम 6 बजे से बॉर्डर को खोल दिया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। सीमावर्ती क्षेत्र में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर सुरक्षा के दृष्टि से भारत नेपाल सीमा को रविवार शाम 6 बजे तक आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। बॉर्डर सील होने के बाद सभी प्रकार के वाहनों का आना व जाना बंद हो गया है। वही पैदल आते व जाते लोगों को देखा गया। भारत-नेपाल का मुख्य बॉर्डर मैत्री पुल, पंटोका, शिवान टोला, सहदेवा, महदेवा, मुशहरवा में सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया गया है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एसएसबी के द्वारा बॉर्डर पर गहनता से जांच की जा रही है। वही बॉर्डर के सील होने से लोगों की परेशानिया भी देखने को मिली।

चोरी किया हुआ 07 माह की बच्ची सकुशल बरामद, एकआरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/सोनो। क्षेत्र के ग्राम-मंडवाटाड़ बाबुडीह से पुलिस ने एक व्यक्ति को बच्चा चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के निशानदेही पर एक 7 माह के बच्ची को पुलिस ने बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नन्दकिशोर दास पिता कदु दास पता- लखनकियारी थाना सोनो जिला-जमुई के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नंदकिशोर दास और उसका बेटा सुरेश दास कोलकाता के सियालदह में मजदूरी का काम करता था। नंदकिशोर दास का साला परमेश्वर दास के बेटे रंजीत दास को केवल एक लड़का था, रंजीत दास को एक बेटी चाहिए थी। जिसको लेकर परमेश्वर दास की नंदकिशोर दास से एक नवजात लड़की लाने की बात कही गई थी। इसके बाद नंदकिशोर दास ने अपने बेटे सुरेश दास के साथ मिलकर नवजात बच्ची को कोलकाता के मुचीपारा, सियालदह से चुराकर सोनो ले आया, और बच्चे का सौदा अपने साले परमेश्वर दास के हाथों 6 हजार रुपए में कर दिया।

मामले का खुलासा तब हुआ जब चौकीदार इंद्रदेव पासवान को बीते रात सूचना मिली कि लखनकियारी गांव के सुरेश दास उर्फ देव दास और उसका पिता नन्दकिशोर दास दोनों मिलकर सियालदह कोलकाता से एक 7 माह के बच्ची को चुरा कर लाया है और चोरी छुपे उसको बेचने के लिया छुपाकर अपने ससुराल सोनो थाना क्षेत्र के मंडवाटांड बाबुडीह गांव में अपने साले परमेश्वर दास के घर पर रखा है। मामले की जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि चौकीदार की सूचना के बाद मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक जमुई को दी गई। एसपी दिशा निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल द्वारा ग्राम पहुँचकर प्रमेश्वर दास के घर पर छापामारी की गयी तो प्रमेश्वर दास के द्वारा बताया गया कि बच्चा मेरे पास नहीं है, बच्चा महादेव दास के पास है। तत्पश्चात महादेव दास के घर पर छापेमारी कर सकुशल उक्त 07 माह की बच्ची को बरामद किया गया तथा साथ ही नन्दकिशोर दास को आवश्यक पूछताछ के लिए थाना लाया गया। पूछ-ताछ के क्रम में यह पता चला कि प्रमेश्वर दास का पुत्र रंजीत दास का एक लड़का था, लड़की नहीं रहने के कारण उक्त 07 माह की बच्ची को बेचने के लिये 6000/- (छह हजार) रू० में बातचीत किया था।पुलिस द्वारा जब कोलकाता पुलिस से संपर्क किया गया तो यह जानकारी सामने आई की बच्चा चोरी के संबंध में मुचीपारा, सियालदह थाना कांड सं0-72/24 दिनांक-20.05. 2024 धारा-363 भा०द०वि० अज्ञात के विरूद्ध दर्ज किया गया है। इसके बाद इस संबंध में कोलकाता पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद कोलकाता पुलिस बच्चों की मां को लेकर सोनो थाना पहुंच गए। जमुई पुलिस ने 7 माह की बच्ची को चिकित्सीय जांच के बाद सियालदह पुलिस और उसकी मां को सुपुर्द कर दिया। वहीं पुलिस गिरफ्तार आरोपी नंदकिशोर दास को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी कर रही है। तो वही इस मामले में अन्य आरोपी फरार हैं, जिसकी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी टीम में सोनो थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह, पु०अ०नि० मंकेश्वर प्रसाद , तकनिकी शाखा जमुई सहित सशस्त्र बल शामिल रहे।

रजनीगंधा-तुलसी का पैसा मांगने पर कार सवार बदमाशों ने दुकानदार को मारी गोली

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र के बिहारीगंज अंतर्गत परिया पंचायत के लक्ष्मीपुर लालचंद वार्ड नंबर 12 निवासी अवध किशोर मेहता अपने घर पर ही किराना का दुकान चलाते हैं। अपने दुकान पर बैठे थे कि इतने में ही एक चार चक्का वाहन पर सवार कुछ लोग आये और उनसे रजनीगंधा तुलसी लिया, वही पैसा मांगते ही वाहन में पीछे बैठे एक शख्स ने उनपर गोली चला दिया। हो हल्ला मचाने पर आस पास के लोग जबतक वहाँ पहुँचे वो लोग हथियार लहराते हुए बिहारीगंज की ओर भाग निकले। परिजनों ने स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से जख्मी को बिहारीगंज सीएचसी में भर्ती करवाया जहाँ से प्राथमिक ईलाज कर बेहतर ईलाज के लिए उन्हें जननायक कपूर्री ठाकुर मेडिकल कॉलेज मधेपुरा रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि गोली जख्मी के बायीं तरफ के गाल को छूते हुए निकल गयी है। चिकित्सकों के अनुसार जख्मी खतरे से बाहर है। इधर घटना कि सूचना मिलते ही बिहारीगंज थाना कि पुलिस घटनास्थल पर पहुँच मामले की छानबीन में जुट गयी है। इधर घटना को लेकर बिहारीगंज प्रभारी थाना अध्यक्ष जया कुमारी ने बताया कि जानकारी मिली कि कार सवार लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। फिल्हाल जख्मी का ईलाज मेडिकल कॉलेज मधेपुरा में चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

पंचायती के दौरान भाई बहन के साथ मारपीट कर ईट पत्थर चलाकर किया घायल

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] घरेलू विवाद में हो रहे पंचायती के दौरान महिला और उसके भाई के साथ महिला की बड़ी ननद एवं अन्य लोगों ने ईट पत्थर से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घायल की पहचान खैरा थानाक्षेत्र के डुमरियाटांड के रहने वाले रितेश कुमार और उसकी बहन झाझा थानाक्षेत्र के करहरा गांव की रहने वाली फुलकुमारी देवी के रूप में हुई है। मारपीट के कारण घायल भाई बहन को इलाज के लिए परिजनों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने घायलों का इलाज किया। घायल रितेश कुमार ने बताया कि मेरी बहन का ससुराल करहरा है और अक्सर मेरी बहन की बड़ी ननद बबीता देवी मेरी बहन के साथ विवाद करते रहता है जिसको लेकर बबीता देवी का ससुराल केशोपुर गांव में हमलोग अपनी बहन को लेकर उसके घर पर पहुंचकर विवाद सुलझाने को लेकर आपस में ही पंचायती कर रहे थे कि तभी बबीता देवी और उसका बेटा एवं अन्य लोगों ने हमलोगों के साथ विवाद करना शुरू कर दिया और मेरी बहन के साथ मारपीट करते हुए उसके ऊपर ईट से प्रहार कर घायल कर दिया जब मैं अपनी बहन को बचाने की कोशिश किया तो मेरे उपर भी ईट पत्थर चलाकर मुझे भी घायल कर दिया। घायल ने बताया कि घटना की जानकारी दी तो वहां से सबसे पहले इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

बीडीओ ने दो पंचायत में बन रहे वेस्ट प्रोसेंगिग यूनिट कार्य का किया निरीक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के बलियाडीह पंचायत व रजला पंचायत में बन वेस्ट प्रोसेंगिग यूनिट के चल रहे कार्य को लेकर बीडीओ रविजी कार्यस्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें संबंधित मुखिया व सचिव को वेस्ट प्रोसेंगिग यूनिट को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा। बीडीओ ने कहा कि ससमय इसका कार्य पूरा कर दे ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। इसके अलावे बीडीओ ने पंचायत में स्वच्छता को लेकर भी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता को लेकर केंद्र व राज्य सरकार सचेत है। वेस्ट प्रोसेंगिग यूनिट का निर्माण हो जाने से पंचायत के सभी घर से कचरा का उठाव होकर क्रियान्वयन किया जा सके। बीडीओ ने बताया कि बलियाडीह पंचायत में मनरेगा द्वारा कार्य करवाया जा रहा है जबकि रजला पंचायत में 15वीं वित्त योजना के तहत कार्य हो रहा है। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

सोनपुर मंडल द्वारा चलाया विशेष टिकट जांच अभियान

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। सोनपुर मंडल द्वारा उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इसी क्रम में बिना टिकट/बिना उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध सोनपुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग अभियान सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 21.05.2024 को सोनपुर मंडल के विभिन्न खण्डों पर सुबह 06.00 बजे से रात्रि 20.00 बजे तक 14 घंटे तक विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया । इस दौरान वाणिज्य विभाग के अधिकारियों की अलग-अलग टीम तथा टिकट चेकिंग दस्ते एवं आरपीएफ जवान तैनात कर प्लेटफॉर्मों तथा स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ियों में तथा प्रमुख स्टेशनों से गुजरने वाली गाड़ियों में ऑन बोर्ड गहनता से टिकट जांच अभियान चलाया गया, जिसमें बिना टिकट/बिना उचित प्राधिकार के कुल 4943 मामलों से जुमार्ने के रूप में 33 लाख 36 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस अभियान के दौरान मंडल के सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, मानसी एवं नवगछिया आदि स्टेशनों पर मुख्य रूप से टिकट जांच की गई। साथ ही अळ्श्ट एवं वळर मोबाइल एप के द्वारा टिकट खरीदने हेतु यात्रियों को जागरूक भी किया गया । विदित हो कि चालू *वित्त वर्ष (2024-25) में 21 मई तक बिना टिकट/बिना उचित प्राधिकार के लगभग 01 लाख 41 हजार मामलों से जुमार्ने के रूप में 08 करोड़ 94 लाख रुपये *की वसूली की जा चुकी है। इन टिकट चेकिंग अभियानों के परिणामस्वरूप स्टेशनो के टिकट काउंटरो पर बढ़ी हुई भीड़ देखी गयी और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए। इस टिकट जांच अभियान में सोनपुर मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारी एवं टिकट चेकिंग स्टाफ तथा आरपीएफ स्टाफ भी शामिल रहे। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान मंडल में आगे भी जारी रहेंगे । सोनपुर मंडल यात्रियों से अपील करती है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें। सदैव रेल टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें।

बिक्रम में स्कूली बच्चों ने अभिभावकों को मतदान के लिए किया प्रेरित, निकाली रैली

प्रात: किरण, संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी` लोस आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार मतदाताओं को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार जागरूक किया जा रहा है` जिला प्रशासन समेत स्वीप व विभिन्न संगठनों व शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रीय मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा हैं इसी कड़ी में बुधवार को स्थानीय पार्वती हाई स्कूल के बच्चों ने प्राचार्य डॉ मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर क्षेत्रीय लोगों व अभिभावकों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया` रैली से पूर्व विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने मतदान हेतु प्रेरक पोस्टर लगाए` रैली के दौरान बच्चों ने जन-जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है। एक दो तीन चार मतदान है सबका अधिकार, पहले मतदान फिर जलपान आदि नारों का उद्घोष करते हुए लोगों को जागरूक किया। रैली पार्वती हाई स्कूल बिक्रम से निकलकर बाजार परिसर होते हुए असपुरा चौक पहुंची पुनः उसी रास्ते विद्यालय परिसर वापिस हो गयी। रैली के दौरान सैंकड़ों छात्र छात्राएं शामिल होकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया` मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार सिंह, शिक्षक विकास मोहन, सुधीर कुमार, रणधीर कुमार, अमित कुमार, माधवेंद्र पाठक, संतोष तिवारी, विपिन कुमार, रवि शंकर कुमार, सुनीता कुमारी, हरेंद्र सिंह, सुनीता कुमारी तथा हयुमाना पीपल टू पीपल इंडिया की डायट कॉर्डिनेटर नाज़िया खान व स्कूल समन्वयक प्रीति कुमारी आदि मुख्य रूप से शामिल थे ।

पूर्व मंत्री सह जेडीयू विधायक के निजी सचिव के भाई की गोली मारकर कर दी गई हत्या

- पुलिस के लिए चुनौती, मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा आलमनगर जेडीयू विधायक सह पूर्व मंत्री के निजी सचिव विनोद यादव के भाई प्रमोद यादव की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मामला पुरैनी थाना क्षेत्र के कुरसंडी पंचायत स्थित वार्ड संख्या 10 बाला टोल गांव की है। बताया जा रहा कि मृतक प्रमोद यादव देर रात दूध डेरी फॉर्म से अपने घर लौट रहा था, इसी क्रम में अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। गोली मृतक के कमर में लगी जिसे आनन फानन में स्थानीय ग्रामीणों ने पुरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देख बेहतर इलाज हेतु भागलपुर के मायागंज रेफर कर दिया। हालांकि भागलपुर के मायागंज से भी चिकित्सकों ने हायर सेंटर पटना रेफर कर दिया जिससे गंभीर हालत में प्रमोद यादव ने रास्ते में हीं दम तौर दिया। मृतक की पहचान कुरसंडी पंचायत के बाला टोल गांव स्थित वार्ड संख्या 10 निवासी दुखहरण यादव के पुत्र प्रमोद यादव सह पूर्व मंत्री के निजी सचिव विनोद यादव के सगे भाई के रूप में हुई है। वहीं घटना की सूचना पाते ही पुरैनी थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश प्रारंभ कर दी है। मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रमोद दूध देरी फॉर्म से करीब 9 बजे घर लौट रहा था इसी क्रम में चार की संख्या में अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। वहीं इस मामले को लेकर उदाकिशुनगंज इंस्पेक्टर सह प्रभारी एसडीपीओ वासुदेव रॉय ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है तत्काल अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि फिलहाल पीड़ित परिजनों के द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुई है आवेदन प्राप्त होते हीं प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

कॉलेज की लडकियों का अश्लील फोटो बनाने वाला अपराधी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

भगवानपुर। प्रखंड क्षेत्र में साइबर अपराधियों काफी सक्रिय हो गए है इन साइवर अपराधियों द्वारा द्वारा सुनियोजित ढंग से महाविद्यालय के लडकियों का अश्लील फोटो और विडियो बनाकर उन्हें प्रताड़ित करने तथा उन्हें ब्लैकमेल करने का कारोबार काफी दिनों से चलाया जा रहा हैकइस इलाके के सबसे लोकप्रिय एवम पुराना महाविद्यालय लक्ष्मी नारायण कॉलेज की लड़कियां भी इसका शिकार हो रही हैं' इसी प्रकार की एक शिकायत महाविद्यालय के एंटी सेक्सुअल हैरेसमेंट सेल में आई, जिसपर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कारवाई थी। हाजीपुर के साइबर सेल ने इसपर तत्परता से कार्रवाई करते हुए अपने अनुसंधान के क्रम में एक अपराधी को अमरेश कुमार,किरतपुर,राजराम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है गिरफ्तार अपराधी अपने आपको पर्यटन विभाग का उच्च अधिकारी होने का धौस जमाता था।

इस त्वरित कार्रवाई के लिए हाजीपुर साइबर सेल का महिला प्रभार विशेष धन्यवाद का पात्र है' इससे महाविद्यालय प्रशाशन तथा छात्राओं का मनोबल बढेगा और वे पढाई छोड़कर घर में बैठने को बाध्य नहीं होंगी' बल्कि इनका मुकाबला कर पाएंगी' इससे सरकार की ह्यबेटी बचाओ बेटी पढाओह्न योजना को बल मिलेगा' महाविद्यालय की प्राचार्या सुनीता डा सुनीता कुमारी गुप्ता ने पुलिस पदाधिकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनकी भूत भूरी प्रशंसा की है।

जमुई की ओर से जिला प्रदीप केसरी के नेतृत्व में सुशील मोदी को श्रद्धांजलि दि

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई : दधिचि देहदान समिति जमुई की ओर से सुशील कुमार मोदी जी के पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा के आयोजन के मौके पर कुंज बिहारी बांका ने अपना अंगदान करने का संकल्प लिया एवं जिले वासियों से नेत्रदान अंगदान करने का आह्वान भी किया। वहीं जिले के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज साह ने कहा है कि यह संस्था समाज के लिए उपयोगी है । जिले के सभी लोगों को संगठन से जोड़ने का अनुरोध किया। यह संस्था धर्म और जाति से ऊपर उठकर काम कर रही है। साथ ही महासचिव दिलीप साहू जी ने कहा कि हम सबको नेत्रदान अंगदान करना चाहिए। समिति के अध्यक्ष प्रदीप केसरी ने जिले वासियों से जीते जी रक्तदान मृत्यु उपरांत अंगदान करने का संकल्प पत्र भरने का अनुरोध किया है। संरक्षक डॉ मनोज सिन्हा ने कहा कि हम सबको सुशील कुमार मोदी जी के मार्गदर्शन में चलकर उनके अधूरे सपने को पूरा करना है। इस मौके पर उपस्थित उपाध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ मंटू जी, डॉक्टर महेंद्र बरनवाल, संरक्षक महेश प्रसाद केसरी, चंद्रदेव सिंह ,डॉ अमर मोदी, नितेश केसरी, बुद्धिजीवी उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

चार दिवसीय अयोध्या धाम यात्रा को झंडी दिखाकर किया गया रवाना

प्रात: किरण, संवाददाता

महुआ कृषक कल्याण समिति परसौनिया द्वारा चार दिवसीय अयोध्या धाम यात्रा(श्री राम लला दर्शन) को झंडा दिखाकर हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष विनोद यादव, जिला सचिव अमर कुशवाहा, आर के डेयरी के संस्थापक रणधीर कुमार, समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, सचिव संजीव कुमार एवं डॉ अजय कुमार आदि ने रवाना किया। चार दिवसीय यात्रा की जानकारी देते हुए डॉ अजय कुमार ने बताया कि यह चार दिवसीय यात्रा थावे होते हुए गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर दर्शन करना है। यात्रा के दुसरे दिन कबीर दास जी के समाधि स्थल मगहर होते हुए अयोध्या धाम पहुंचना है। वहीं तीसरे दिन अयोध्या धाम से विंध्याचल होते हुए बनारस तथा चौथे दिन बनारस से ताड़का वध स्थान बक्सर होते हुए यात्रा अपनी पूर्णता प्राप्त करेगी।श्री राम लाल दर्शन हेतु इस यात्रा से परसौनिया ग्राम में उल्लास का माहौल बना हुआ है। सैकड़ो लोगों ने अन्न, वस्त्र एवं धन का दान देकर इस यात्रा को सफल बनाने में सहयोग किया साथ ही ग्रामीण जनों ने यात्रा प्रारंभ के समय जय श्री राम के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस यात्रा में कुल 71 महिला पुरुष तीर्थयात्री यात्रा पर गए हैं।यात्रा को ज्ञान ज्योति गुरुकुलम कन्हौली के ब्रह्मचारियों द्वारा मंगल आरती हवन पूजन तथा चंदन वंदन के साथ प्रारंभ किया गया। यात्रा के सफलता के लिए पिछले कई दिनों से दीपक कुमार, राजा बाबू, शुशांत,राजेश सिंह,निकेत, प्रियेश,प्रीतेश आदि ने लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है।

विवाहिता महिला की संदिग्त हालत में हुई मौत

मायका वालो के परिजन ने लगाया आरोप, दहेज नहीं देने के कारण कर दी गई हत्या

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनी में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान पुरैनी वार्ड 10 निवासी मो. रियाज की पत्नी (25) फरीदा खातुन के रूप में हुई। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद पति समेत ससुराल के सभी लोग फरार बताए जा रहे हैं। मृतका के मामा मो. आलबीन ने बताया कि फरीदा खातुन की शादी लगभग 8 साल पहले श्रीनगर थाना क्षेत्र के पुरैनी वार्ड-10 निवासी मो. रियाज के साथ हुई थी। शादी में डेढ़ लाख रुपए दहेज भी दिया गया था। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले एक लाख रुपए और दहेज की मांग करने लगे। इसके लिए फरीदा के साथ ससुराल में अक्सर मारपीट किया जाता था। पिता मो. मुनिफ ने बताया कि मंगलवार की शाम पता चला कि फरीदा की मौत हो गई है। जानकारी मिलने पर जब वे लोग ससुराल पहुंचे तो घर के सभी लोग फरार थे। फरीदा का शव घर में रखा हुआ था। इसकी जानकारी श्रीनगर थाना को दी गई। इसके बाद शव को थाना लाया गया, जहां कागजी प्रक्रिया पूरी कर बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि मृतका फरीदा खातून को तीन बच्चे हैं। सबसे छोटा बच्चा मात्र 6 महीना का है। मौत के बाद मृतका के मायके में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस बाबत श्रीनगर थानाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के पिता के आवेदन पर पति समेत चार लोगों पर हत्या केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

डीबीडीसी टीम अस्पताल पहुंचकर प्रबंधक के साथ बैठक कर किया अस्पताल का निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] यक्ष्मा रोग को लेकर राज्यस्तरीय डीबीडीसी टीम रेफरल अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया। टीम में आए डाक्टर रवि, डॉ.सौरव, डॉ. मेजर अवकाश, डॉ. सरोजकांत चैधरी ने इस दौरान अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र के साथ बैठक भी किया। जिसमें वर्तमान में इस क्षेत्र में यक्ष्मा रोग को लेकर किए जाने वाले कार्यो की पूर्ण जानकारी लिया। टीम में आए सदस्यों ने रेफरल अस्पताल में कार्यरत महेंद्र सिंह वरीय यक्ष्मा पदाधिकारी से भी कई तरह की जानकारी लेते हुए निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीते दिनों कितने यक्ष्मा रोग से ग्रस्ति मरीज है उनका कैसे इलाज किया और वर्तमान में उन मरीजों की स्थिति क्या है इन सभी चीजों की जानकारी ली जिसपर टीम के लोग संतुष्ट हुए। यक्ष्मा पदाधिकारी ने टीम के सदस्यों को अस्पताल के भवन जर्जर होने के कारण बरसात में यक्ष्मा कार्यालय में काम करने के दौरान होने वाली परेशानी सहित अन्य मांगों को रखते हुए एक अलग कमरा व्यवस्था करने की मांग रखा जिसपर टीम के लोगों ने समस्या समाधान करने का आश्वासन भी दिया। टीम के सदस्यों ने क्षेत्र में यक्ष्मा के संदिग्ध रोगी हो तो उन्हे तुरंत अस्पताल लाकर उनकी सही रूप से जांच कर उनका समुचित इलाज करने सहित अन्य कई तरह के दिशा निर्देश भी यक्ष्मा पदाधिकारी को दिया। मौके पर जिला सीडीओ डॉ. अरबिंद कुमार, डॉ. सत्यजीत प्रियदर्शी भी मौजूद थे।

10 दिवसीय श्री अश्वमेघ महायज्ञ एवं श्री विष्णु महायज्ञ के तैयारी पूरी

प्रात: किरण, संवाददाता

भगवानपुर। प्रखंड के रघुनाथपुर इमादपुर में शुरू हो रहे 10 दिवसीय श्री अश्वमेघ महायज्ञ एवं श्री विष्णु महायज्ञ के तैयारी पूरी अंतिम चरण में है।इसके लिए स्थानीय ग्रामीण एवम धर्मलंबी लोग जोड़ शोर से पूरी तन्मयता से यज्ञ की तैयारी में जुटे हुए है।यज्ञ में विभिन्न देवी देवताओं की 1001 मूर्तिया तथा ढाई सौ से अधिक डिजिटल मूर्तिया का निर्माण कराया जा रहा है। यज्ञ में मनोरंजन के लिय खेल तमाशे एवम विभिन्न प्रकार के झुला का प्रबंध किया गया है।यज्ञ में कोई भी अप्रिय घटना घटित नही हो इसके लिए दो दर्जन से अधिक सी सी कमरे लगाए जा रहे है।इस संबंध में पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह,मेला अध्यक्ष विनय सिंह, यज्ञअध्यक्ष संजीत कुमार, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, उपकोषाध्यक्ष कृष्णा सहनी ,राजू निषाद, अजय यादव,राजेश सहनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगो ने अपने अपने विचार एवम सुझाव दिया। यज्ञ शुरू होने से पहले ही आस पास के गावों में मांस,मछली मदिरा पर पूरी तरह प्रबंध लगा दिया गया है।अधिकांश घरों में सामिस खाना बना बंद हो गए है।पूरा क्षेत्र भक्तिमय होने लगा है। यज्ञ आगामी 7जून से शुरू होकर दिनांक 16 जून को समापन होगा। यज्ञ के कलश यात्रा में शामिल होने के लिय श्रद्धालु से यज्ञ के कार्यालय में आकर अपना नाम दर्ज कराने को कहा गया है।

सम्पादकीय

शहरी उदासीनता का चुनाव

आम चुनाव, 2024 के 5वें चरण के मतदान के साथ ही 428 लोकसभा सीटों पर चुनाव सम्पन्न हो गया। गुजरात में एक निर्वाचन निर्विरोध हुआ था। शेष 114 सीटों के लिए दो चरण मतदान अभी होने हैं। उसके बाद ही जनादेश का विश्लेषण किया जा सकता है। दरअसल इस बार चुनाव की बुनियादी चिंता यह रही कि शहरी मतदाता अपेक्षाकृत उदासीन रहा। उसने मतदान के प्रति दायित्व और मताधिकार के महत्व को कमतर आंका, नतीजतन मतदान के शुरूआती आंकड़े निराश करते रहे। हालांकि अपडेट मतदान पहले चरण में 66.14 फीसदी, दूसरे में 66.71 फीसदी, तीसरे में 65.68 फीसदी और चौथे चरण में 69.16 फीसदी तय किया गया है। विपक्ष ने इन बढ़े आंकड़ों पर भी सवाल उठाया कि चुनाव आयोग गड़बड़ कर रहा है, लेकिन मतदान को अद्यतन करने में कुछ दिन लगे, इस पर कोई भी सर्वोच्च अदालत तक नहीं गया। चुनाव आयोग ने भी स्पष्टीकरण दिया कि इतने बड़े देश के, कोने-कोने से, मतदान के आंकड़ों को जुटाने और संयोजित करने में वक्त लगना सहज प्रक्रिया है। बहरहाल मतदान के अब जो आंकड़े सामने आए हैं, वे सम्मानजनक हैं, अलबत्ता 2019 के चुनाव की तुलना में अब भी कम हैं। चुनाव के 5वें चरण में भी, 20 मई रात्रि 11.45 बजे तक, आठ राज्यों और संघशासित क्षेत्रों की 49 सीटों पर 60.3 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। यह 2019 के 5वें चरण के 62.5 फीसदी मतदान से कुछ कम रहा है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि शुक्रवार, 24 मई तक मतदान का अंतिम आंकड़ा दर्ज किया जा सकता है, लिहाजा मतदान के आंकड़ों में भी बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है। बहरहाल दो जगह पर मतदान बड़ा उत्साहवर्धक रहा है और दोनों ही कश्मीर के हिस्से रहे हैं। लद्दाख आज संघशासित क्षेत्र है, जो जम्मू-कश्मीर राज्य का ही हिस्सा था, वहां करीब 70 फीसदी मतदान किया गया। दूसरा क्षेत्र बारामूला है, जो नियंत्रण-रेखा के करीब है और आतंकियों की पनाहगाह रहा है। इस संसदीय सीट में सोपोर भी सम्मिलित है, जो पत्थरबाजी के गढ़ के तौर पर कुख्यात था। वहां हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के नेताओं का भी खूब प्रभाव था, लिहाजा चुनावों के बहिष्कार होते रहते थे। इस बार सोपोर और पहलगाम आदि इलाकों में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं, तो लगा कि जन्नत का जम्हूरियत यही है। बारामूला सीट पर 1984 के बाद पहली बार 50 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है।

चरम पर चाटुकारिता

निर्मल रानी

चाटुकारिता या खुशामद परस्ती का हमारे भारतीय समाज के एक वर्ग से गहरा नाता है। इस कला में पारंगत लोग किसी का महिमामंडन व उसकी चापलूसी कर उसे खुश करना चाहते हैं और इसके बदले कुछ हासिल कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। और अपनी तारीफ सुनने वाला व्यक्ति अपनी इस झूठी तारीफ के बदले में प्रायः उसे उपकृत कर देता है। राजा महाराजाओं, नवाबों व बादशाहों के वक़्त से चला आ रहा यह सिलसिला आज भी जारी है। इसे दूसरे शब्दों में किसी को खुश करने का शार्ट कट भी कह सकते हैं। अंग्रेजों ने भी हम हिन्दुस्तानियों की इस दुखती रग को बखूबी पहचान लिया था। और वे भी देश के लाखों प्रभावशाली लोगों को अपने पक्ष में करने के लिये उन्हें राय बहादुर, खान बहादुर जैसी अनेक उपाधियाँ दिया करते थे। इसके बदले में उनकी रियासतों के क्षेत्रफल में विस्तार हो जाता था। पदवी बढ़ जाती थी, माल-ओ-दौलत में इजाफा हुआ करता था। आज स्वतंत्र व लोकतान्त्रिक भारत में भी वही स्थिति है। आधे अधूरे वे लोग जिन्हें अपनी योग्यता व अपने कौशल पर विश्वास नहीं वे अपने आकाओं को खुश करने में लगे रहते हैं। याद कीजिये आपातकाल यानी 1975 का वह दौर जब तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष देव कांत बरुआ ने प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की प्रशंसा में कहा था कि -इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा यानी इंदिरा भारत हैं और भारत इंदिरा है। कांग्रेस के शासन में भी अनेक नेताओं की दुकानदारी खुशामद परस्ती व चाटुकारिता के दम पर ही चला करती थी। आज भी देखने को मिलता है कि कहीं कहीं सोनिया गाँधी व ममता बनर्जी जैसे नेताओं के भक्त उन्हें देवियों के रूप में पेश करते रहे हैं। परन्तु वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में तो ऐसी अनगिनत मिसालें हैं जिसमें लोगों ने मोदी को न केवल देवताओं व भगवान का अवतार बताया बल्कि अब तो भगवान को मोदीह्ल का भक्त तक बता दिया गया। पिछले दिनों भाजपा के बड़बोले प्रवक्ता संबित पात्रा ने जोकि उड़ीसा के पुरी लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी भी हैं, ने तो भगवान जगन्नाथ को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भक्त बता डाला। कुछ टी वी चैनल्स को साक्षात्कार देते हुए पात्रा ने यह कह दिया कि, भगवान जगन्नाथ, पीएम मोदी के भक्त हैं। चुनावी बेला में उनके मुंह से यह निकलते ही अनेक प्रमुख विपक्षी नेताओं ने पात्रा की ह्यस चरम चाटुकारिता को लपक लिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस बयान को ओडिया की अस्मिता को चोट पहुंचाना बताया। पटनायक ने एक्स में लिखा, कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ ब्रह्मांड के भगवान हैं। महाप्रभु को किसी अन्य इंसान का भक्त कहना भगवान का अपमान है। यह पूरी तरह से निंदनीय है। इससे भावनाएं आहत हुई हैं और दुनिया भर में करोड़ों जगन्नाथ भक्तों और उड़िया लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस टिप्पणी को लेकर एक्स में लिखा कि जब प्रधानमंत्री खुद को सम्राट समझें और भगवान उन्हें दरबारी लगने लगे तो साफ है कि पाप की लंका का पतन करीब है। करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार मुट्ठी भर भाजपाइयों को किसने दिया? यही अहंकार उनके विनाश का कारण बन रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये भाजपा नेताओं के अहंकार को दिखाता है। केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं बीजेपी के इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने सोचना शुरू कर दिया है कि वे भगवान से ऊपर हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा है। भगवान को मोदी भक्त कहना भगवान का अपमान है। उधर मौके की नजाकत को भांपते हुये और आगामी 25 मई को पुरी के अपने चुनाव के नफे नुकसान के मद्देनजर संबित पात्रा ने भी मुआफी मांगने के लिये कोई शब्द भी बाकी नहीं छोड़े। पात्रा ने भगवान जगन्नाथि पर अपनी इस शर्मनाक व अतिविवादित टिप्पणी पर मुआफी मांगते हुये कहा कि वह अपनी जुबान फिसलने के लिए माफी मांगते हैं और वह भगवान से क्षमा प्रायश्चित करने के लिए अगले 3 दिनों तक उपवास रखेंगे। उन्होंने एक्स पर इसी आशय का एक वीडियो शेयर कर भगवान जगन्नाथ को लेकर की गयी अपनी गलत टिप्पणी के लिए माफी मांगते हुये लिखा कि आज मैं भगवान जगन्नाथ के संबंध में की गई अपनी गलती से बहुत परेशान हूं। मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर माफी मांगता हूं। अपनी गलती का प्रायश्चित करने और पश्चाताप करने के लिए मैं अगले तीन दिनों तक उपवास रखूंगा। यही संबित पात्रा कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के साथ एक टी वी डिबेट के दौरान मोदी को अपना बाप भी कह चुके हैं। यही बदजुबान पात्रा एक टी वी डिबेट में आचार्य प्रमोद कृष्ण जो इत्तेफाक से अब भाजपा में शरण ले चुके हैं उन्हें ठग और पाखण्डी संत बोल चुके हैं।

मोदी की शान में चरम चाटुकारिता करने वालों की सूची बहुत लम्बी है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव व विश्व हिन्दू परिषद नेता चंपत राय भी प्रधानमंत्री को दिव्य शक्ति संपन्न बताया चुके हैं।। चंपत राय ने राम मंदिर सहित राष्ट्र मंदिर निर्माण का श्रेय मोदी को देते हुए कहा था कि वह अति मानवीय और दिव्य योग्यताओं से युक्त हैं। चंपत राय ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान विष्णु का अवतार बताया था। भाजपा का यह नारा बेवजह नहीं गढ़ा गया है कि जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे। इसी तरह मंडी लोकसभा प्रत्याशी व अभिनेत्री कंगना रनौत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान विष्णु का ही अंश बताती हैं। कंगना के अनुसार नरेंद्र मोदी का नाम भी भगवान विष्णु के नाम पर है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि वह भी उनके ही अंश हैं, जो हमारा पालन कर रहे हैं। हद तो तब हो गयी जब प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध काशी हिंदू विश्वविद्यालय में एक प्रदर्शनी लगी थी जिसमें नरेंद्र मोदी को भगवान विष्णु के अवतार के रूप में दशार्या गया था। यहाँ मोदी @20 नाम के प्रोग्राम में मंच के पोडियम पर नरेंद्र मोदी के विष्णु अवतार रूप की चित्रकारी की गई थी जिसमें मोदी के 12 हाथ बनाए गए थे। गोया शिक्षण संस्थानों में भी इस तरह की अंधभक्ति फैलाने की कोशिश की गयी? हालांकि मोदी को भगवान विष्णु का अवतार बताये जाने पर शिव सेना नेता संजय राउत का कहना है कि-अंधभक्त, मोदी को विष्णु का 13वां अवतार मानते हैं। अगर ऐसा है तो मोदी ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर पर लोकसभा का चुनाव करा कर देख लें, 33 करोड़ देवी-देवता भी उन्हें हार से बचा नहीं सकेंगे। परन्तु इन चुनौतयों को स्वीकार करने से इतर जयकारे और जिंदाबाद के गगनचुम्बी नारे लगाने वाले हमारे देश में नेताओं की चाटुकारिता अपने चरम पर है।

राजनीतिक हस्तक्षेप से त्रस्त शिक्षा संस्थान

हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं। यदि कुलपति की नियुक्ति इस आधार पर होगी कि वह सत्तारूढ़ दल या उसके मुखिया का कितना करीबी है तो क्या उससे शैक्षणिक सुधार लाने की उम्मीद बेमानी नहीं होगी? कहने की जरूरत नहीं कि नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पसंद के आधार पर। विश्वविद्यालय मेधाओं का निर्माण करते हैं। यदि राजनीतिक विचारधारा के कारण मेधाओं की उपेक्षा होगी तो उसके घातक परिणाम होंगे भारतीय उच्च शिक्षा, जो कभी बौद्धिक स्वतंत्रता का प्रतीक थी, राजनीतिक हस्तक्षेप के बढ़ते खतरे का सामना कर रही है। यह हस्तक्षेप अकादमिक उत्कृष्टता की नींव - स्वायत्तता और स्वतंत्रता को कमजोर करता है और अनुसंधान, शिक्षण और छात्र चर्चा पर भयावह प्रभाव डालता है। राजनीतिक हस्तक्षेप से त्रस्त शिक्षा संस्थान, विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए. केंद्र और राज्य सरकारों को इस लक्ष्य को हासिल करने का उपक्रम करना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले और शिक्षा संस्थान राजनीति हस्तक्षेप से मुक्त हों। उन्हें राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय शैक्षणिक सुधारों के बजाय राजनीतिक हितों के पोषण का केंद्र न बनने पाएं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के विश्वविद्यालयों में राज्य सरकारें करती हैं। जिस राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है, वह अपने चहेतों को कुलपति नियुक्त करती है। हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं। पाठ्यचर्या संबंधी निर्णय राजनीतिक लक्ष्यों से प्रभावित हो सकते हैं।

प्रियंका सौरभ
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

विश्वविद्यालय शैक्षणिक सुधारों के बजाय राजनीतिक हितों के पोषण का केंद्र न बनने पाएं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के विश्वविद्यालयों में राज्य सरकारें करती हैं। जिस राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है, वह अपने चहेतों को कुलपति नियुक्त करती है। हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं। यदि कुलपति की नियुक्ति इस आधार पर होगी कि वह सत्तारूढ़ दल या उसके मुखिया का कितना करीबी है तो क्या उससे शैक्षणिक सुधार लाने की उम्मीद बेमानी नहीं होगी? कहने की जरूरत नहीं कि नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पसंद के आधार पर। विश्वविद्यालय मेधाओं का निर्माण करते हैं। यदि राजनीतिक विचारधारा के कारण मेधाओं की उपेक्षा होगी तो उसके घातक परिणाम होंगे भारतीय उच्च शिक्षा, जो कभी बौद्धिक स्वतंत्रता का प्रतीक थी, राजनीतिक हस्तक्षेप के बढ़ते खतरे का सामना कर रही है। यह हस्तक्षेप अकादमिक उत्कृष्टता की नींव - स्वायत्तता और स्वतंत्रता को कमजोर करता है और अनुसंधान, शिक्षण और छात्र चर्चा पर भयावह प्रभाव डालता है। राजनीतिक हस्तक्षेप से त्रस्त शिक्षा संस्थान, विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए. केंद्र और राज्य सरकारों को इस लक्ष्य को हासिल करने का उपक्रम करना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले और शिक्षा संस्थान राजनीति हस्तक्षेप से मुक्त हों। उन्हें राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय शैक्षणिक सुधारों के बजाय राजनीतिक हितों के पोषण का केंद्र न बनने पाएं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के विश्वविद्यालयों में राज्य सरकारें करती हैं। जिस राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है, वह अपने चहेतों को कुलपति नियुक्त करती है। हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं।

पाठ्यचर्या संबंधी निर्णय राजनीतिक लक्ष्यों से प्रभावित हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, विशेष राष्ट्रीय आख्यानों को आगे बढ़ाने या संवेदनशील विषयों पर सेंसर वार्ता को आगे बढ़ाने की पहल की गई है। यह आलोचनात्मक सोच के साथ-साथ व्यापक शिक्षा को भी बाधित करता है। यदि संकाय और छात्र अलग-अलग राय व्यक्त करने के नकारात्मक परिणामों से डरते हैं तो वे राजनीतिक दबाव के कारण आत्म-सेंसर कर सकते हैं। यह ईमानदार चर्चा और परेशान करने वाली सच्चाइयों की खोज को रोकता है। विडंबना है कि शिक्षा के तमाम पाठ्यक्रम, जिन्हें अब कार्यक्रम कहा जा रहा है, पुराने ढर्रे के हैं। कोई भी शैक्षणिक सुधार पाठ्यक्रम को एकांगी होने के दोष से बचाकर, उच्च शिक्षा तथा शोध का मान उन्नत करके ही संभव है। शोध का मान तब उन्नत होगा, जब गंभीर शोध और सतत अध्ययन का रचनात्मक परिवेश निर्मित हो। यह परिवेश निर्मित कर ही युवा शक्ति को सकारात्मक और सृजनशील ढंग से ऊर्जस्वित किया जा सकता है, पर त्रासदी है कि उच्च शिक्षा की विषय वस्तु और प्रक्रिया प्रायः विदेशी ज्ञान को मानक मानकर की जाती रही है, जिसके परिणामस्वरूप हम अपनी परंपरा से कटकर दूर चले गए हैं। राजनीतिक कारक अनुसंधान निधि और प्रोफेसर पदों के वितरण पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह योग्यता को नष्ट करता है और संभावित विवादास्पद अनुसंधान को रोकता है। राजनीतिक हस्तक्षेप से विश्वविद्यालयों की स्वशासन की क्षमता कमजोर हो सकती है। इससे सर्वोत्तम उम्मीदवारों को नियुक्त करने और अपने स्वयं के शैक्षणिक लक्ष्य स्थापित करने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। विश्वविद्यालयों ने कभी-कभी प्रशासनिक पदों पर राजनीतिक रूप से संबद्ध व्यक्तियों की नियुक्ति देखी है, जिससे निर्णय लेने में संभावित पूर्वाग्रह के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। यदि कुलपति की नियुक्ति इस आधार पर होगी कि वह सत्तारूढ़ दल या उसके मुखिया का कितना करीबी है तो क्या उससे शैक्षणिक सुधार लाने की उम्मीद बेमानी नहीं होगी? कहने की जरूरत नहीं कि नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पसंद के आधार पर। विश्वविद्यालय मेधाओं का निर्माण करते हैं। यदि राजनीतिक विचारधारा के कारण मेधाओं की उपेक्षा होगी तो उसके घातक परिणाम होंगे।

यह विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान और मानविकी में देखा जाता है, जहां वरिष्ठ शिक्षाविद भी उस काम को प्रकाशित करने से डरते हैं जिसके बारे में उन्हें लगता है कि इससे राज्य के अधिकारियों से उनके लिए समस्याएं पैदा हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, प्रताप भानु मेहता और समीना दलवई जैसे बुद्धिजीवी। सरकारी नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण छात्र विरोध प्रदर्शनों को कभी-कभी भारी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है, परिसर में मुक्त भाषण और असहमति को रोक दिया जाता है। उदाहरण के लिए, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में। कुछ मामलों में, सरकारों ने राजनीतिक रूप से असुविधाजनक समझी जाने वाली पुस्तकों या विषयों को पाठ्यक्रम से हटाने का प्रयास किया है।

प्रायः देखा जाता है कि राजनीतिक पसंद-नापसंद के आधार पर सरकारें विश्वविद्यालयों को धन आवंटित करती हैं। राज्याश्रित होने के कारण विश्वविद्यालयों को राजनीतिक दबाव का सामना करना पड़ता है। राज्यों के विश्वविद्यालय संसाधन की कमी के कारण समस्याग्रस्त रहते हैं और सरकार के मुखापेक्षी बने रहते हैं। प्राचीन काल में शिक्षा राज्याश्रित नहीं थी। इसीलिए तब गुरु की स्वतंत्र सत्ता होती थी। तब शिष्यों को नैतिक और बौद्धिक रूप से गुरु गढ़ता था और शिष्य के व्यक्तित्व के निर्माण को अपना धर्म मानता था। आज की शिक्षा न दुराग्रहों से मुक्त है, न राजनीतिक बाधाओं से। आज की शिक्षा समावेशी भी नहीं है। आज तक न तो एकसमान पाठ्यक्रम लागू हो पाया, न एकसमान शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

भारत राजनीतिक हस्तक्षेप के जोखिमों को समझकर और सक्रिय उपायों को लागू करके यह गारंटी दे सकता है कि उसकी उच्च शिक्षा प्रणाली बौद्धिक जांच और आलोचनात्मक विचार के लिए एक वास्तविक स्थान बनी रहेगी, जो एक समृद्ध लोकतंत्र और टिकाऊ भविष्य के लिए आवश्यक है। आज अभिभावक अपनी संतान को इस तरह की शिक्षा दिलाते हैं जिनसे करियर बने और यथेष्ठ धनोपार्जन हो। आदर्श स्थिति यह है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो विद्यार्थी को बेहतर मनुष्य बनाए। बेहतर मनुष्य ही बेहतर नागरिक होगा, जिसके लिए देश और देशहित सर्वोपरि होगा। केंद्र और राज्य सरकारों को इस लक्ष्य को हासिल करने का उपक्रम करना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले और शिक्षा संस्थान राजनीति हस्तक्षेप से मुक्त हों। उन्हें राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाना चाहिए।

विश्वविद्यालय शैक्षणिक सुधारों के बजाय राजनीतिक हितों के पोषण का केंद्र न बनने पाएं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के विश्वविद्यालयों में राज्य सरकारें करती हैं। जिस राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है, वह अपने चहेतों को कुलपति नियुक्त करती है। हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं। यदि कुलपति की नियुक्ति इस आधार पर होगी कि वह सत्तारूढ़ दल या उसके मुखिया का कितना करीबी है तो क्या उससे शैक्षणिक सुधार लाने की उम्मीद बेमानी नहीं होगी? कहने की जरूरत नहीं कि नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पसंद के आधार पर। विश्वविद्यालय मेधाओं का निर्माण करते हैं। यदि राजनीतिक विचारधारा के कारण मेधाओं की उपेक्षा होगी तो उसके घातक परिणाम होंगे।

बुद्ध की शिक्षाओं का आधुनिक समाज में प्रभाव

भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति (बुद्धत्व या संबोधि) और महापरिनिर्वाण ये तीनों वैशाख पूर्णिमा के दिन ही हुए थे। राजपाठ का मोह त्यागकर संसार को जरा, मरण, दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग एवं सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में रात्रि में तपस्वी बनने के लिए 29 वर्ष की आयु में वन की ओर चले गए। इस घटना को महाभिष्क्रमण कहते हैं। बुद्ध सात साल तक भटकते रहे और 35 साल की उम्र में निरंजना नदी के तट पर एक पीपल के पेड़ के नीचे ध्यान करते हुए उरुवेला में वर्षों की कठोर साधना के पश्चात उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध बन गए। इस पीपल पेड़ को ह्यबोधि वृक्षह्ल के रूप में जाना जाने लगा और यह स्थान बोधगया (बिहार में) बन गया। ह्यबुद्धह्ल शब्द का अर्थ है ह्यप्रबुद्धह्ल। बौद्धकालीन शिक्षा वर्तमान में भी प्रासंगिक है जो शिक्षा मानव कल्याण हेतु है। बुद्ध ने अपने व्यक्तिगत अनुभव से दु:ख को पहचाना एवं इससे मुक्ति हेतु सही मार्ग बताया। बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने दु:खों से मुक्ति पा सकता है। बुद्ध का पंचशील, मनुष्य को सत्य बोलने, झूठ न बोलने, किसी स्त्री से व्यभिचार न करने, जीव हत्या न करने तथा मादक पदार्थों से दूर रहने की प्रतिज्ञा करता है। इन प्रतिज्ञाओं का पालन करते हुए व्यक्ति अपने आप को श्रेष्ठ बना सकता है और बुद्ध के बताये अष्टांगिक मार्ग पर चलकर मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है।

लेखक :- निरंजन कुमार
अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय

बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व में बैसाख मास की पूर्णिमा के दिन कपिलवस्तु (वर्तमान नेपाल में) के पास लुंबिनी में राजकुमार सिद्धार्थ के रूप में हुआ था।भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति (बुद्धत्व या संबोधि) और महापरिनिर्वाण ये तीनों वैशाख पूर्णिमा के दिन ही हुए थे। राजपाठ का मोह त्यागकर संसार को जरा, मरण, दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग एवं सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में रात्रि में तपस्वी बनने के लिए 29 वर्ष की आयु में वन की ओर चले गए। इस घटना को महाभिष्क्रमण कहते हैं। बुद्ध सात साल तक भटकते रहे और 35 साल की उम्र में निरंजना नदी के तट पर एक पीपल के पेड़ के नीचे ध्यान करते हुए उरुवेला में वर्षों की कठोर साधना के पश्चात उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध बन गए। इस पीपल पेड़ को ह्यबोधि वृक्षह्ल के रूप में जाना जाने लगा और यह स्थान बोधगया (बिहार में) बन गया। ह्यबुद्धह्ल शब्द का अर्थ है ह्यप्रबुद्धह्ल। बौद्धकालीन शिक्षा वर्तमान में भी प्रासंगिक है जो शिक्षा मानव कल्याण हेतु है। बुद्ध ने अपने व्यक्तिगत अनुभव से दुःख को पहचाना एवं इससे मुक्ति हेतु सही मार्ग बताया। बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर मनुष्य अपने दुःखों से मुक्ति पा सकता है। बुद्ध का पंचशील, मनुष्य को सत्य बोलने, झूठ न बोलने, किसी स्त्री से व्यभिचार न करने, जीव हत्या न करने तथा मादक पदार्थों से दूर रहने की प्रतिज्ञा करता है। इन प्रतिज्ञाओं का पालन करते हुए व्यक्ति अपने आप को श्रेष्ठ बना सकता है और बुद्ध के बताये अष्टांगिक मार्ग पर चलकर मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। आजकल मनुष्य नैतिक मूल्यों से गिरता जा रहा है, यदि वह बौद्धकालीन शिक्षा का अनुसरण करें, तो वह अपना, अपने परिवार का तथा समाज का कल्याण करते हुए एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकता है। बौद्ध कालीन शिक्षा सभी वर्ग के लोगों के लिए खुली थी, केवल चण्डाल को छोड़कर। बौद्ध कालीन शिक्षा में मनुष्य का विकास किया जाता था, मनुष्य को भिक्षु जीवन तथा भौतिक जीवन के लिए तैयार किया जाता था। आधुनिक समाज में भी बुद्ध की शिक्षाओं का गहरा प्रभाव देखा जा सकता है, बुद्ध की शिक्षाओं में ध्यान का विशेष स्थान है। समाज में ध्यान और योग का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से निपटने के लिए ध्यान एक प्रभावी उपाय साबित हुआ है। विपश्यना, जिसे बुद्ध ने प्रचारित किया था, आज की जीवनशैली में मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान करती है। बुद्ध ने अपने अनुयायियों को पाँच शील का पालन करने की सलाह दीः अहिंसा, चोरी न करना, असत्य भाषण न करना, व्यभिचार न करना और मादक पदार्थों का सेवन न करना। आधुनिक समाज में नैतिकता और जीवन मूल्यों की कमी एक बड़ी चुनौती है। बुद्ध की ये शिक्षाएँ व्यक्ति और समाज को नैतिकता के उच्च मानकों पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। बुद्ध ने जाति-पाँति और वर्ग भेदभाव का विरोध किया था। उन्होंने समता और समानता की बात की।वर्तमान समय में जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव की समस्या मौजूद है। बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर कई सामाजिक आंदोलनों ने समानता और समरसता की दिशा में काम किया है। भारतीय संविधान में समानता का अधिकार बुद्ध की शिक्षाओं से प्रभावित है। बुद्ध ने ज्ञान और शिक्षा पर बल दिया था और कहा था कि अज्ञानता ही सभी दुःखों का मूल कारण है। वर्तमान स्थिति में शिक्षा का महत्व सर्वोपरि है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति को जागरूक और समाज को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर किया जा सकता है।बुद्ध की शिक्षाओं में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सम्मान और प्रेम की बात की गई है। उन्होंने हर जीवित प्राणी के प्रति करुणा और दया का संदेश दिया। अभी के समय में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरित होकर कई संगठन और व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान जैसी गतिविधियाँ इन शिक्षाओं का प्रत्यक्ष परिणाम हैं। बुद्ध ने परोपकार और दूसरों की सेवा करने का महत्व बताया था। आधुनिक समाज में गैर-सरकारी संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं का काम इसी सिद्धांत पर आधारित है। समाज में आपसी सहयोग और सहानुभूति का माहौल बनाने में बुद्ध की शिक्षाएँ प्रेरणा स्रोत हैं।बुद्ध की शिक्षाओं में आत्मनिरीक्षण और आत्मविकास पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा था कि व्यक्ति को अपने भीतर झाँकना चाहिए और अपने दोषों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। आधुनिक समाज में व्यक्तित्व विकास और आत्मविकास के लिए कई कार्यशालाएँ और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में बुद्ध की शिक्षाओं का समावेश करके व्यक्तियों को जीवन में संतुलन और शांति पाने के लिए प्रेरित किया जाता है। गौतम बुद्ध की शिक्षाएँ आधुनिक समाज में एक प्रकाश स्तंभ की तरह हैं, जो हमें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। उनके सिद्धांत न केवल व्यक्तिगत विकास और मानसिक शांति के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि सामाजिक समरसता, नैतिकता, और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बुद्ध की शिक्षाएँ हमें संतुलन, शांति और सुख की ओर ले जाती हैं। बुद्ध की शिक्षाओं का प्रभाव आधुनिक समाज के हर पहलू में देखा जा सकता है, और यह प्रभाव आने वाले समय में भी प्रासंगिक रहेगा।

मतदान में युवाओं की अत्यावश्यक भूमिका

कर्मपाल

भारत को अपने मूल लोकतांत्रिक सिद्धांतों को मजबूत बनाने के लिए अपनी युवा शक्ति का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए और राजनीति व लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा पेश की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 18-19 साल के महज 790000 युवा मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं जबकि राज्य में इस आयु वर्ग के युवाओं की संख्या 4209000 है। राज्य की कुल जनसंख्या में 18-19 साल के युवाओं की संख्या 4.5 प्रतिशत है, लेकिन इस आयु वर्ग में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या राज्य की आबादी का महज 0.6 प्रतिशत है। राज्य भर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों मं नियमित रूप से मतदाता पंजीकरण अभियान चलाए जाने के बावजूद, 18-19 आयु वर्ग में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या में मामूली सुधार हुआ है। जहां नवंबर 2022 में ऐसे मतदाताओं की संख्या कुल आबादी का 0.3 प्रतिशत थी, वहीं अप्रैल 2023 के लिए यह आंकड़ा 0.6 प्रतिशत था। चूंकि मतदाता पंजीकरण एक जीवंत, समावेशी और मजबूत सहभागिता वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली सीढ़ी है, ऐसे में मतदान के प्रति युवाओं की उदासीनता के कारणों को दूर करना जरूरी है। इन आंकड़ों से देश भर में शहरी मतदाताओं की उदासीनता का पता चलता है, जहां राष्ट्र और राज्य स्तर के चुनावों की तुलना में स्थानीय चुनावों में बेहद कम मतदान होता है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि देश के कई शहरी युवा अपने मताधिकार के प्रयोग से दूर रहे हैं, और इस बात को लेकर राष्ट्रीय युवा नीति 2014 में भी चिंता जताई गई है। नीति में राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देने के अलावा यह भी कहा गया है कि राजनीति और प्रशासन में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए बेहद कम समन्वित प्रयास किए गए हैं। भारत की राजनीति को युवा देश, बूढ़े नेता के रूप में परिभाषित किया जाता है। भारतीय राजनीति में अपनी धाक जमाने वाले ज्यादातर युवा नेता बड़े राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखते हैं, जो सामाजिक-राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली हैं। हालांकि मुख्यधारा की लगभग हर राजनीतिक पार्टी का अपना एक स्टूडेंट विंग है और ये सभी पार्टियां कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ के चुनावों में जोर शोर से भाग लेती हैं, लेकिन ऐसा कोई व्यवस्थित तंत्र मौजूद नहीं है जो छात्र नेताओं को विधायी राजनीति में आगे बढे में मदद कर सके और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान कर सके। उदाहरण के लिए, 17वीं लोकसभा (2019-2024) में 40 वर्ष के कम उम्र सांसदों की संख्या महज 12 प्रतिशत है

वहीं स्वतंत्र भारत की पहली लोकसभा में 26 प्रतिशत सांसदों की उम्र 40 वर्ष से कम थी। खासकर (हर बड़े) चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियां अपने घोषणापत्रों में युवाओं के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू करने की

संक्षिप्त खबरें

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कर रही गश्ती

परसाःकानून व्यवस्था मजबूत रखने को सुरक्षा बनाए रखने को पुलिस लगातार गश्त कर रही है बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर परसा थाना के क्षेत्रों में पुलिस ने फ्लैग मार्च व पैदल गश्त किया इस दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। साथ ही लोगों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी जानकारी ली और समस्या होने पर पुलिस को सूचना देने की सलाह दी।

हत्या के आरोपी समेत शराब के साथ एक गिरफ्तार, जेल

बेतिया। सिरसिया पुलिस ने हत्या काण्ड के नामजद आरोपी मृतक के भसूर हिरालाल यादव मूसहरी गांव निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं गरभुआ गांव में छापेमारी कर तीन लीटर देशी दारू के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मदन कुमार मांझी ने बताया कि हाल ही के दिनों में भसूर हिरा लाल यादव ने अपने भवे नीलू देवी को गला दबा कर हत्या का आरोप लगाया था इस मामले में मृतक के परिजनों ने हिरा लाल यादव समेत चार लोगों को आरोपी करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस टीम ने हिरा लाल यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है वहीं अन्य आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। श्री मांझी ने बताया कि गरभुआ गांव में छापेमारी कर धंधेबाज शम्भू साह को तीन लीटर चुलाई दारू के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल बॉर्डर किया सील

रक्सौल। लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा को आगामी 25 मई को चुनाव होने तक पूरी तरह से सील कर दिया गया है। बॉर्डर को बुधवार 12 बजे दिन से बंद किया गया है। हालांकि लोगों की पैदल आवाजाही जारी रहेगी। इस बीच दोनों ही देश भारत और नेपाल के बाइकर्स को अपने-अपने देश में आने-जाने की अनुमति दे दी गई है, अर्थात नेपाली नंबर की बाईक को नेपाल जाने दिया जा रहा है और भारतीय नंबर की बाईक को भारत में आने दिया जा रहा है। वहीं बार्डर बंद होने से दोनों ही देशों के अर्थव्यवस्था पर काफी असर पड़ता है, परंतु सुरक्षा के मद्देनजर बॉर्डर को हर चुनाव में सिल कर दिया जाता है, ताकि चुनाव शांतिपूर्व तरीके से संपन्न हो सके। उधर सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता कर दिया गया है।

मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चरम पर, मस्टर रॉल में बन रही सैकड़ों मजदूरों की फर्जी हाजरी

● पंचायत समिति की अनुशंसा पर हो रहा पईन सफाई कार्य

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह) ।मजदूरों को रोजगार की गारंटी देने वाली केन्द्र की मनरेगा योजना जिम्मेदारों के लिए दुधारू गाय साबित हो रही हैं। योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है, साथ ही रोजगार गारंटी योजना के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। योजना में भ्रष्टाचार को रोकने हेतु एनएमएमएस सिस्टम लागू किया गया हैं जिसमें साइड पर जो मनरेगा मजदूर काम करते हैं उनकी मस्टर रॉल में आनलाइन हाजिरी रोजगार सेवक या मेठ द्वारा लगानें का नियम है। इसके अनुसार मजदूरों का काम करते हुए फोटोग्राफ्स भी अपलोड किया जाता है जो फोटो साफ सुथरी और ऊंचे स्थान से खड़े होकर खींचा गया हो जिसमें मजदूरों का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे कि जिन मजदूरों की हाजिरी मस्टरोल में लगी हो वही मजदूर फोटो में प्रर्दशित हो लेकिन मझौलिया प्रखंड के रमपुरवा महनवापंचायत में जनप्रतिनिधियों व मनरेगा कर्मी की मिलीभगत से नियमों की खूब धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ताजा मामला मझौलिया प्रखंड के रमपुरवा महनवा पंचायत का है।पंचायत में पंचायत समिति की अनुशंसा पर दो योजनाओं का मस्टर रोल चल तो रहा है एनएनएमएस पर सैकड़ो मजदूरों की हाजरी भी बन रही है लेकिन धरातल पर कार्य की शुरूआत भी नही हुई है। पईन सफाई की 2 योजनाओं में बन रही 173 मजदूरों की हाजरी धरातल पर कार्य की शुरूआत नही महनवा रमपुरवा पंचायत में पहली योजना रामबुल ठाकुर के खेत से हरपुर सिवान तक जानेवाली पइन सफाई कार्य मे बुधवार यानी 22/5/24 को मस्टरोल में 90 मजदूरों की हाजिरी तो लगाई गई लेकिन एनएमएमएस अपलोड फोटो में सिर्फ 7 मजदुर ही नजर आ रहे लेकिन धरातल पर कार्य की शुरूआत नही हुई हैं।वही दूसरी योजना पहली योजना शेख मैमुदिन के खेत से सेराजुल के खेत तक जानेवाली पइन सफाई कार्य मे 22/5/24 को मस्टरोल में 83 मजदूरों की हाजिरी तो लगाई गई लेकिन अपलोड फोटो में सिर्फ 6 से 7 मजदुर ही नजर आ रहे लेकिन यहां भी धरातल पर कार्य की शुरूआत नही हुई है। दोनो योजनाओं में 1 ही मजदूरों वाली फोटो को एनएमएमएस पर अपलोड कर बनाई जा रही हाजरी मनरेगा में जमकर मची लूट का सबसे बड़ा उदाहरण एनएमएमएस पर 1 ही मजदूरों वाली फोटो है।एनएनएमएस पर 1 ही मजदूरों वाली फोटो दोनों पईन सफाई वाली योजनाओं पर लगाकर कुल 173 मजदूरों की फर्जी हाजरी बनाई जा रही है। क्या कहते हैं ग्रामीण? ग्रामीणों की शिकायत पर जब कार्यस्थल का मुआयना किया गया तो कही भी मजदूर भी कार्य करते हुए नही पाए गए।इतना ही नही कार्यस्थल को देखकर ही पता चलता है कि कार्यस्थल पर अभी कार्य की शुरूआत भी नही हुई है।सबसे विचित्र बात यह है कि चल रहे कार्य में सैकडों मजदूरों में दर्जनों महिला मजदूरों की भी ऑनलाइन हाजरी बनाई गई थी।वही कार्यस्थल पर कहीं भी डिस्पले बोर्ड नहीं लगा दिखाई दे रहा, जबकि सरकारी आदेशानुसार हो रहे कार्यों पर डिस्पले बोर्ड पहले लगाए जाएं।वही ग्रामीणों की माने तो पंचायत में पंचायत समिति की अनुशंसा से चल रही दोनो पईन सफाई की योजनाओं में सिर्फ कागज पर काम हो रहा है धरातल पर कार्य का तो पता ही नही है।वही कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विगत कुछ दिन से रोज सुबह 5 से 7 लोग आकर खड़े जो जाते हैं और फोटो खिंचवा कर चले जातें हैं। ग्रामीणों का आरोप-मनरेगा ठीकेदार द्वारा कागज पर काय हालांकि वही ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत समिति की अनुशंसा पर होनेवाले कार्य को पंचायत के ही कुछ लोग द्वारा कराया जाता है जिन्हें ग्रामीण मनरेगा ठीकेदार कहते हैं।वही ग्रामीणों ने कहा कि अगर जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा इन दोनों पईन सफाई की योजनाओं की स्थलीय जांच हो तो मनरेगा लूट का खुलासा हो सकता है।

जब जब सारण की धरती से लालू यादव और परिवार ने चुनाव लड़ा है रक्त रंजित हुआ है सारण : विवेक

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चुनावी रंजिश में कोई घटना पर बोलते हुए कहा है कि जब-जब सारण से लालू यादव का एवं उनका परिवार चुनाव लड़ा है तब तक सारण की धरती रक्त रंजित हुई है लालू यादव का इतिहास रहा है कि वह जब चुनाव लड़े तब तब वहां हत्याएं हुई यह परिवार लोगों के लाशों पर राजनीति करके आगे बढ़ने का काम करते है समाज में विद्वेष एवं आपसी झगड़े खड़ा कर पूरे बिहार का माहौल खराब करने का इन्होंने उनके परिवार ने काम किया है इन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में जातिवाद को बढ़ाने का किया है जिस परिवार पर तेजस्वी यादव आरोप लगाया है उसे परिवार पर कभी इस तरह आरोप नहीं लगा है जातीऐ उदमाद फैलाने के आरोप में रोहिणी आचार्य ,तेजस्वी यादव, लालू यादव एवं भोला यादव पर अविलंब जिला प्रशासन को प्राथमिकी दर्ज करना चाहिए , लालू प्रसाद यादव जो चारा घोटाला में सजायाफ्ता है जो बीमारी के नाम पर बेल पर बाहर है वह किस आधार पर चुनावी कैंपेन एवं चुनावी बैठक सारण में कर रहे थे इसकी सूचना भी जिला प्रशासन को माननीय उच्च न्यायालय को देनी चाहिए झूठ तथ्यों के आधार पर माननीय न्यायालय को गुमराह कर वह चुनाव हेतु चुनावी कैंपेन में लगे थे। और तेजस्वी यादव जिनका पूरा परिवार है पर केस दर्ज हो और सजायाफ्ता हो वह दूसरे को आदतन मुजरिम बताएं यह कहीं से उचित नहीं है जो घटना घटी इस घटना में प्रत्यक्ष रूप से इन राजद नेताओं का हिस्सा कराया है इसलिए इस केस में इन लोग का भी नाम जोड़ना चाहिए एवं कठोर कार्रवाई भी करनी चाहिए ताकि की राजद के लोग भविष्य में भी जातीय उन्माद न फैला पाए क्योंकि सारी घटना के पीछे इन्हीं राजद नेताओं ने लोगों को बहका कर रमाकांत सोलंकी के घर पर चढ़ने के लिए प्रेरित किया है इसकी जांच कर इन लोगों की भी गिरफ्तारी आवश्यक है।

आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में चार शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में चार शिक्षकों पर पठखौली ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि बगहा दो प्रखंड के कुछ शिक्षकों ने बाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र के राजद प्रत्याशी दीपक यादव के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। इसकी शिकायत अधिकारियों तक पहुंची।तब आनन-फनन में सभी शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। इस संबंध में डीपीओ योगेश कुमार ने बगहा दो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर आदेश दिया कि तत्काल सभी शिक्षकों पर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराते हुए इसकी सूचना सूचना वरीय पदाधिकारियों को भी उपलब्ध कराई जाय। विभाग के द्वारा चिन्हित शिक्षको में बगहा दो प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैकवलिया बाजार के शिक्षक संजय कुमार, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरा धिरौली के शिक्षक भोलानाथ यादव, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिश्रौली के शिक्षक राम विनोद पासवान एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांसगांव के शिक्षक सुनील कुमार यादव शामिल हैं। जिनके द्वारा वाल्मीकिनगर के राजद प्रत्याशी के साथ तस्वीर खिंचवाई गई थी। यह तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गई थी। बगहा दो के अतिरिक्त बीईओ विजय कुमार यादव ने चारों शिक्षकों पर पठखौली थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अनीष कुमार ने बताया कि बीईओ के आवेदन पर चारों शिक्षकों पर आचार संहिता के उल्लघंन की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चुनाव बाद सारण संसदीय क्षेत्र के लाईसेंसधारियों का शस्त्र जमा कराने का क्या औचित्य: राजीव रुडी

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण में मतदान संपन्न होने के अगले दिन तेलपा में हुई हत्या की घटना को लेकर जिला प्रशासन ने सभी अनुज्ञप्तिधारियों को उनके शस्त्र को जमा कराने का फरमान जारी कर दिया है। इस संदर्भ में भाजपा प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखकर आपत्ति जताते हुए इस संदर्भ में चुनाव आयोग के लिखित आदेश की प्रति उपलब्ध कराने को कहा है। इस संदर्भ में रुडी ने कहा कि लाईसेंसधारियों का शस्त्र जमा कराना उनको असुरक्षित करना है। यदि ऐसा है तो पहले प्रशासन को उनकी सुरक्षा में सुरक्षाकर्मियों को प्रतिनियुक्त करते हुए उनकी पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करे, तत्पश्चात शस्त्र जमा करवाये। उन्होंने बगैर किसी नोटिस के अनुज्ञप्तिधारियों का हथियार जमार कराने के फरमान को अनुचित बताया है। रुडी ने कहा कि आमतौर पर चुनाव से पूर्व अनुज्ञप्तीधरियों का शस्त्र स्थानीय प्रशासन जमा करा लिया जाता है ताकि चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे। बावजूद इसके सारण में वोटिंग समाप्त होने के उपरान्त तेलपा में हत्या की घटना के बाद स्थानीय प्रशासन अनुज्ञप्तिधारी शस्त्र रखने वालों को फोन करके और अन्य माध्यम से संपर्क करके शस्त्र जमा कराने को कह रहे है।

बंद हुआ इंटरनेट तो मुश्किल हो गया समय काटना, फोन कर दिनभर जानकारी जुटाते रहे लोग

प्रात : किरण, संवाददाता

परसाः-तकनीक ने मनुष्य के जीवन को काफी सरल कर दिया है। इंटरनेट आज के दौर में बड़ी आबादी का दिनचर्या का हिस्सा है।अचानक नेट बंद हो जाने से आम जिदगी पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। नेट बंद होने से जहां बहुत सारे लोगों को राहत मिली है तो वहीं बहुत से लोग काफी परेशान हो गए हैं। लोगों ने इंटरनेट बंदी के कुछ फायदे तो कुछ नुकसान भी गिनवाए। इसमें अगर नुकसान की बात करें तो सबसे बड़ा नुकसान चिकित्सा जगत में देखने को मिला।चूंकि कई सारे गंभीर बीमारियों की रिपोर्टिंग आनलाइन ही होती है। सैकड़ों गंभीर पेशेंट का रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण चिकित्सक काफी परेशान दिखे। वहीं, डिजिटल लेने देन के बढ़ते प्रभाव के कारण लोगों ने जेब में पैसे रखने काफी कम कर दिए हैं। चूंकि अब चाय-पान की दुकानों में भी डिजिटल पेमेंट की सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं। ऐसे में बुधवार को लोग आदतन घर से निकले मगर जेब में पैसे नहीं होने के कारण वापस लौट गए। इंटरनेट बंद होने पर आम और खास लोगों ने क्या कहा

चिकित्सीय जीवन में अब इंटरनेट की अहमियत काफी बढ़ गई है। ऐसे में अचानक से नेट बंद होने के कारण बहुत सारे गंभीर मरीजों की रिपोर्टिंग में दिक्कतें आ गई हैं। हालांकि फोन चालू रहने के कारण हम लोग दूरभाष पर इसकी रिपोर्ट की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

डॉ रविन्द्र कुमार
आंख,चिकित्सक

इंटरनेट बंद होने से जैसे लगता है कि पुराना जमाना फिर से लौट आया है। समय ही समय मिल गया है। इसका फायदा अधिक और नुकसान कम लगता है। समय मिलने के बाद अपनों से बात करने, उनका हालचाल जानने का मौका हर किसी को मिल गया है। एक तरह से कहूं तो काफी सुकून मिला है। मगर आदत के अनुसार बार-बार मोबाइल चेक करने पर ही नेटबंद होने का एहसास होता है।

विजय कुमार
सरपंच प्रतिनिधि

इंटरनेट जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हमारे बच्चे आनलाइन क्लास करते हैं। इसके लिए इंटरनेट का होना जरूरी है। दो दिनों की नेट बंदी से कुछ खास फर्क तो नहीं पड़ेगा, मगर इंटरनेट बंद कर देने से समस्या का हल निकलना मुश्किल है।

अमित कुमार व्यवसायी

इंटरनेट बंद रहने से थोड़ी सुकून की नींद आई है। यूं तो दिन में सोने की आदत नहीं है। मगर अब जबकि इंटरनेट काम ही नहीं कर रहा है तो किसी प्रकार की सूचनाएं मोबाइल पर नहीं मिल पा रही है। वैसे मेरे जीवन में इंटरनेट की बस दुकान भर ही अहमियत है।

संजय कुमार गुप्ता
दवा दुकानदार

चर्चित दवा दुकानदार हत्या मामले में किशोर रिहा

● कोर्ट ने तत्कालिन अनुसंधानकर्ता थानाध्यक्ष सहित एस डी पी ओ पर विभागीय कर्रवाई करने का दिया आदेश

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश चाइल्ड एक्ट नीरज कुमार ने नगर थाना कांड संख्या 469/21 के सी सी केस संख्या 12/22 चर्चित दवा दुकानदार हत्या मामले में आरोपी किशोर को पुलिस द्वारा प्रयाप्त न्यायालय में सबूत नही पेश करने के कारण रिहा करने का आदेश दिया है। विदित हो को 23 अगस्त 2021 को छपरा नगर थाना के मौना नीम निवासी दीपक कुमार ने अपने पिता रघुबर दयाल शर्मा की हत्या अपराधियों द्वारा रात्रि मे चाकू मारकर कर दिए जाने को लेकर छपरा सदर अस्पताल में अपना फर्द बयान दर्ज कराया था।विशेष लोक अभियोजक चाइल्ड राइट एक्ट मिथलेश कुमार सिंह ने कुल दस गवाहों की गवाही न्यायालय में प्रस्तुत किया था। परंतु जांच के क्रम में तत्कालिन नगर थानाध्यक्ष विमल कुमार सिंह और अनुसंधानकर्ता राजबल्भ कुमार तथा एस डी पी ओ सदर ने घोर अनियमितता बरती और मृतक रघुबर दयाल शर्मा को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाने वाले रिक्शा चालक का बयान पुलिस द्वारा अस्पताल में नही लिया गया और न ही बाद मे लिया गया। जबकी उसी रिक्शा वाले ने शर्मा को रेलवे स्टेशन उनके घर मौना नीम भी लाया था जहां अभियुक्तों ने लूट पाट और चाकू मारे थे। साथ ही चाकू मारने वाले चारो वायक्ति का जो सीसी फुटेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था वो भी साफ और सही नहीं था। जिसका सीधा फायदा अभियुक्त को मिला और कोर्ट ने कथित किशोर को रिहा कर दिया । न्यायालय ने सख़्त रुख अपनाते हुए केस के तीनो जांचकर्ताओ तत्कालीन छपरा सदर एस डी पी ओ, नगर थाना प्रभारी बिमल कुमार सिंह और अनुसंधानकर्ता राजबलभ कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हेतु सरकार को निर्देश दिया है।

चौथा मतदाता जागरूकता अभियान ऑनलाइन नि:शुल्क शतरंज प्रतियोगिता कल

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(कुमार अभिजितम) ।अखिल बिहार शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त चंपारण शतरंज अकादमी के द्वारा आयोजित होगी चौथा मतदाता जागरुकता अभियान ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता कल यानी शुक्रवार को ऑनलाइन लीचेस पे आयोजित होगी।अकादमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन ने बताया की यह प्रतियोगिता कल रात 8 बजे से शुरू होगा और रात 9:10 तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चंपारण शतरंज के प्रांगण कोतवाली चौक में जाकर अपना एंट्री करा सकते हैं और अपना लीचेस आई डी भी बनवा सकते हैं और प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं चौथा मतदाता जागरुकता अभियान ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता आज यानी 23 मई बृहस्पतिवार को भाग लेने की अंतिम तिथि हैं। यह प्रतियोगिता लीचेस पेयरिंग सिस्टम पर खेला जाएगा और खेलने का समय प्रत्येक मैच पाँच मिनट तीन सेकंड इंक्रीमेंट मैच में होगा और कुल एक घंटा दस मिनट का प्रतियोगिता होगा उसमे से टॉप दस आने वाले को विजेता घोषित किया जाएगा। उसमें से टॉप आने वाले 10 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमे से जितने वाले सभी खिलाडियों ट्रॉफी, मेडल और डिजिटल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन कराकर पश्चिमी चंपारण, बिहार , भारत में जागरूकता अभियान के लिए कराया जा रहा है जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। छठे चरण के चुनाव वाले आठ सीटों में वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, महाराजगंज, सिवान, एवं गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र सम्मिलित हैं यहा पे मतदान 25 मई शनिवार को होगा। इस जिले से इस प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा खिलाडियों ने भाग लेंगे ।इसके लिए चंपारण शतरंज अकादेमी के अनेक प्रकार के प्रतियोगिता और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं जिससे जिले में ज्यादा से ज्यादा मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी हो।

25 मई को निश्चित रूप से अपने मत का प्रयोग करें मतदाता : जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च-सह-मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभाग यथा जीविका, आइसीडीएस, शिक्षा, खेल के जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ एनसीसी, स्काउट एवं गाइड, रेड क्रॉस बेतिया आदि संस्थाओं/संगठनों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। कैंडल मार्च-सह-मानव श्रृंखला का आयोजन समाहरणालय परिसर से मुहर्रम चौक तक किया गया। इस दौरान मतदाताओं को 25 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु जिला प्रशासन लगातार स्वीप गतिविधि के तहत प्रयास कर रहा है। मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज का यह कार्यक्रम आयोजित है। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाता अपने मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक हो और 25 मई को अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने जिले के मतदाताओं से अपील किया कि 25 मई को निश्चित रूप से अपने-अपने बूथों पर जाकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। ज्ञातव्य हो कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के दिशा-निर्देश के आलोक में समूचे पश्चिम चम्पारण जिले में स्वीप अंतर्गत लगातार विभिन्न जगहों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को 25 मई 2024 को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन का उदेश्य है कि जिले के शत-प्रतिशत मतदाता अपने मत का प्रयोग करें।इसी कड़ी में आज मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च-सह-मानव श्रृंखला निर्माण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कमलाकांत त्रिवेदी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, डीपीओ आइसीडीएस कविता रानी, डीपीएम जीविका आर0 के0 निखिल सहित अन्य अधिकारी एवं स्वीप कार्यकर्ता उपस्थित थे।

25 मई को मतदान को लेकर चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। जिला में लोकसभा के लिए 25 मई को मतदान होना है। जिला के शत प्रतिशत मतदाता अपना मतदान करें इसको सुनिश्चित कराने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी और जीविका संगठन के द्वारा गांव-गांव, टोले, कस्बे सहित शहरी इलाकों में रैली, कैंडल मार्च,रंगोली, पेंटिंग्स, दीवार लेखन सहित डोर टू डोर भ्रमणकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर पर इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है। जिला के सभी मतदान केंद्रों को मतदाताओं के लिए मतदाता फ्रेंडली बनाया जा रहा है। मतदान केंद्रों पर सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश निर्गत है। मतदान केंद्रों पर धूप से बचाव के लिए छाया, मटका में ठंडा पेयजल, शौचालय, बिजली, पंखा, रैंप सहित सभी जरूरी दवाओं की मेडिकल किट की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया है। ताकि कहीं किसी मतदाता को असुविधा न हो। जिला में 12 विधानसभा क्षेत्र हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो आदर्श मतदान केंद्र, महिला संचालित पिंक बूथ, युवाओं द्वारा संचालित यूथ बूथ एवं दिव्यांगजन द्वारा संचालित बूथ बनाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को सभी सुविधा उपलब्ध कराएगी। 25 मई को मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र पर अपना वोट डालें जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण इसकी अपीलकर रही है।

सेक्टर पदाधिकारी फिल्ड में फर्स्ट रिस्पॉन्डर हैं: प्रेक्षक

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। आगामी 25 मई को महाराजगंज लोक सभा के लिए आयोजित छठे चरण के चुनाव के लिए आयोजित मतदान के निमित सेक्टर और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग बुधवार को जिला प्रेक्षा गृह में आयोजित की गयी। समान्य प्रेक्षक ने चुनाव के पहले, चुनाव के दिन और चुनाव पश्चात की जाने वाली तैयारी, कार्य और सावधानी पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि कल हुए सारण लोक सभा चुनाव से सीख लेते हुए महाराजगंज की तैयारी को चुस्त दुरुस्त करना है. सतर्कता को बढ़ाना है. ताकि अफरातफरी और संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न हो सके. उन्होंने बूथ पर किसी प्रकार के तस्वीर या सूचना को सफेद चार्ट पेपर से ढकवाने, 100 मीटर के दायरे को व्हाइट पाउडर से चिन्हित करने, बूथ पर प्रवेश और निकास को चिन्हित कराने, पीओ के अलावा किसी के भी मोबाइल को बूथ में अलाउ नहीं करने का निदेश दिया. कितने लोगों ने ईपिक के अलावा अन्य डॉक्यूमेंट से वोट किया इसकी लिखित रिपोर्ट देंगे. यह स्क्रूटिनी का हिस्सा होता है. इसलिये विशेष सावधानी रखेंगे. जब भी आप संबद्ध बूथ का भ्रमण करें विजिट शीट पर इंट्री अवश्य करें. एएमएफ की कमी को दूर करते हुए इसकी लिखित सूचना और सर्टिफिकेट कल शाम तक एआरओ को देंगे. मतदान के दिन अपनी रिपोर्ट भरने के साथ ही समय समय पर पीओ से भी पूछते रहेंगे. बाजार समिति में आ कर न भरें. उन्होंने सभी को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। निवार्ची पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने स्टेपवार कार्य बताते हुए कहा कि यहां से निकल कर सीधे बूथ पर जाएं. न्यूनतम सुविधाओं को ठीक कराएं. क्षेत्र भ्रमण कर लोगों की कॉन्फिडेंस बिल्डिंग करें. विद्यालय के अलावा अन्य भवनों में बनाए गए बूथ पर विशेष ध्यान रखें. पार्टी मिलान के दिन अपने बूथ की सभी टीम से मिलकर नंबर एक्सचेंज कर लेंगे. सामग्री प्राप्ति में टीम को सहयोग करेंगे। तत्पश्चात पुनः क्षेत्र भ्रमण को जाएंगे. चुनाव के एक दिन पूर्व डिस्पैच सेंटर पर पहले पोलिंग पार्टी को इवीएम प्राप्त करने में सहयोग करेंगे. उसके पाश्चात अपना रिजर्व इवीएम प्राप्त करेंगे. इवीएम प्राप्त करते ही बिलकुल सेंटिसाइज हो जाएंगे. सीधे चिन्हित स्थल पर ही रुकेंगे. आपके भोजन पानी की व्यवस्था वहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि पोल डे को मॉक पोल के पूर्व बूथ पर पहुंच जाएं. फॉर्मेट पर पोलिंग एजेंट का हस्ताक्षर, सीआरसी करने, पर्ची निकालने, काले लिफाफे में सील करने, समय समय पर वीटीआर अपडेट करने के बारे में पूछते रहें. कहीं पोलिंग एजेंट न हो या मशीन रिप्लेस करने की सूचना कंट्रोल रूम को अवश्य दें. वीटीआर की रिपोर्ट एक्यूरेट करें. सुबह और शाम के समय अधिक सतर्क हो जाएं. लाइन में अधिक मतदाता की सूचना एआरओ और कंट्रोल रूम को तुरंत दें।

शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन सम्पन्न कराएं अर्द्धसैनिक बल : जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा पश्चिम चम्पारण जिले को अर्द्धसैनिक बल उपलब्ध कराये गये हैं।बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बेतिया अमरकेश डी द्वारा संयुक्त रूप से अर्द्धसैनिक बलों के अधिकारियों की ब्रीफिंग की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा सभी अर्द्धसैनिक बलों के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। साथ ही उन्हें डिस्पैच सेंटर, मतदान केन्द्र, वाहन की उपलब्धता, पोलिंग पार्टी, जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी आदि के बारे में जानकारी दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिले के दो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पूरी तरह से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन सम्पन्न कराना है। अलर्ट होकर कार्यों को संपादित करना है। उन्होंने कहा कि अर्द्धसैनिक बल अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का भलीभांति मुआयना कर लें। उन्होंने कहा कि अर्द्धसैनिक बल क्रिटिकल एवं नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों से संबंधित क्षेत्रों में लगातार एरिया डोमिनेशन करेंगे। उन्होंने कहा कि अर्द्धसैनिक बलों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जायेगी। वाहनों का लॉगबुक, ड्राईवर का नाम, नंबर आदि आपको उपलब्ध करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्षेत्र में समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत वरीय अधिकारियों को सूचित करेंगे ताकि त्वरित गति से समाधान कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक बेतिया अमरकेश डी ने कहा कि डिस्पैच सेन्टर से ईवीएम आदि के साथ सीधे मतदान केन्द्र ही जाना है। बीच में कहीं नहीं रूकेंगे।

वैश्य समाज से जयप्रकाश चौधरी ने आकाश के पक्ष में मतदान करने का किया आह्वान

प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर ।एकमा विधान सभा के रसूलपुर, मोहम्मदपुर एकमा आदि चट्टी बाजारों व गांवों में ऑल इंडिया वैश्य समाज के सचिव व बिहार कांग्रेस कमिटी के महासचिव और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी ने जनसंपर्क किया और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से आकाश सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील वैश्य समाज से किया ।कहा कि वैश्य समाज से कांग्रेस का गहरा संबंध स्वतंत्रता संग्राम से ही रहा है ।कहा कि कांग्रेस ने वैश्य समाज सहित गरीब व पिछड़े समाज के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है ।कांग्रेस के कदावर नेता रहे व बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लहटन चौधरी के पौत्र जयप्रकाश ने कहा कि कांग्रेस ही वैश्य समाज की सच्ची हितैषी है ।मोदी सरकार ने वैश्य समाज के विकास के लिए कुछ नहीं किया ।इसलिए इस बार वैश्य समाज पुरी तरह से कांग्रेस के साथ गोलबंद होकर मतदान कर रही है ।स्थानीय कांग्रेस नेता एनपी कुंदन सिंह,अनोखा सिंह,जितेंद्र प्रसाद, दिलीप तिवारी ,सुनील कुमार चौधरी ,तारकेश्वर यादव ,लाली यादव,धरमेंद्र महतो,रामजी नेता आदि जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर आकाश को जीताने की अपील की।

संक्षिप्त खबरें

आयोजन किया गया मतदाता जागरुकता अभियान

आरा। तपेश्वर सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कायमनगर भोजपुर आरा में एक दिवसीय मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कॉलेज के सचिव डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान को अति महत्वपूर्ण बताया सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं को कहा की मतदान के दिन अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करना साथ ही उस दिन अपने परिवार के सभी सदस्यों मित्रों गांव के सभी नागरिकों को भी मतदान के लिए जगरुक करें इस मौके पर डॉ वीणा पांडे डॉ सत्य सिंह डॉ अमित उपाध्याय डॉ ऐस के पांडे सुमन कुमारी आयुषी दीपक कुमार तिवारी अभिषेक रंजन राहुल सिंह पार्वती सहित समस्त प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

महा ऑफर के साथ लुई फिलिप शो रूम में पुरुषों के हर तरह कपड़े के रेंज

गया। गया शहर के पिरमंसुर रोड पर आदित्य बिरला ग्रुरुप के प्रिमियर रेडीमेड शो रूम में विश्व का प्रसिद्ध ब्रांड लुई फिलिप शो रूम में पुरुषों के हर तरह कपड़े के रेंज उपलब्ध है और इस रेंज के साथ महा आफर भी कंपनी के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है इस संबंध में शो रूम के प्रोपराइटर -पवन कुमार एवं विजय झाँ ने बताया कि तिन हजार नौ सौ निनावे के खरिदारी पर एक हजार की विशेष छुट दिया जा रहा है वही किसी भी दो कपडो के खरिदारी पर 40% प्रतिशत की छुट दिया जा रहा है लुई फिलिप शो रूम भारत के हर कोने कोने पर खुला हुआ है।

नास्ते चाय की दुकान से वन सुंदरी पहाड़ी सांप का रेस्क्यू

बेतिया। वाल्मीकिनगर टंकी बाजार स्थित चाय नास्ते की दुकाम में वनसुन्दरी सांप को देख दुकानदार समेत ग्राहकों के बीच भगदड़ मच गई। लोगों ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर फौरन रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच गए और भारी मशक्कत कर सांप का रेस्क्यू कर लिया गया। न्यूज संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने बताया कि यह सांप खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है और यह विषहीन सांप होता है। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि रिहायशी इलाके में वन जीवजंतुओं को देखें तो फौरन उसे बिना नुकसान पहुंचाए वन विभाग को सूचित करें।

कोरियम चेक पोस्ट से 69,300 रुपए जब्त

अरवल। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त बनाने के लिए जिले में जगह-जगह चेक पोस्ट बनाये गये है, जिसके माध्यम से अवैध वस्तुओं के निर्गमन पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में 22.05.2024 को अहियापुर लख चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त अंचलाधिकारी अरवल के द्वारा 4,63.320 रुपए एवं कोरियम चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी अरवल के द्वारा 69,300 रुपए बरामद किये गये। इस तरह से जिले में आज कुल नगद राशि 5,32.620/- (पाँच लाख बत्तीस हजार छः सौ बीस रूपए) जब्त किया गया है। इस आलोक में संबंधित व्यक्ति से जब्त की गई राशि के संबंध में जानकारी लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

मोदी जी जितनी बार बिहार आएंगे महागठबंधन को उतने ही फायदा होगा : ई राघवेंद्र

पटना। गोपाल विद्यार्थी लोस आम निर्वाचन 2024 के लिए अब सभी दलों के नेताओं ने अंतिम चरण के मतदान में पूरी ताकत लगा दी है, ताबड़तोड़ जन सभाएं व रोड शो किए जा रहे हैं सभी अपने अपने उम्मीदवारों की जीत का दावा कर रहे हैं साथ ही एक दूसर पर आरोप प्रत्यारोप भी खूब लगाया जा रहा है इधर आगामी 25 जून को बिक्रम में होने वाले पीएम मोदी की जन सभा को लेकर राजद नेता सह समाजसेवी ई राघवेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी जितनी बार बिहार आएंगे उतने ही ज्यादा फायदा महागठबंधन को होगा। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में जिन-जिन क्षेत्रों में मोदी जी का कार्यक्रम हुआ उन क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों की करारी हार हुई थी और महागठबंधन के उम्मीदवार विजयी हुए थे। इस बार तो एनडीए की स्थिति और भी ज्यादा खराब है। 2020 में एनडीए हाफ हुआ था 2024 में साफ होगा। राजद नेता ई राघवेंद्र बुधवार को बिक्रम और नौबतपुर प्रखंड के आरा, मिल्की, खरीस, भगीरथी टोला, तिलकपुर, नवही आदि गांवों में महागठबंधन प्रत्याशी डॉ मीसा भारती के लिए जनसम्पर्क कर रहे थे।

ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिये बनाये गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के 7वा चरण अंतिम चरण जहानाबाद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गया जिला के अतरी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले 01 जून को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर खिजर सराय इंजीनियरिंग कॉलेज के मीटिंग हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा अतरी विधानसभा में मतदान कार्य मे लगे सभी सेक्टर पदाधिकारी, सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, मास्टर ट्रेनर एव तकनीकी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सेक्टर पदाधिकारी के क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र एवं ईवीएम संबंधित क्या क्या काम करना है, उसे स्पस्टता से समझ ले कि क्या करना है और क्या नही करना है। ताकि मतदान के तिथि में कोई दिक्कत नही हो सके। यदि किसी को लगता है कि उन्हें अतिरिक्त ट्रेनिंग की आवश्यकता है, तो बताए, उन्हें ट्रेनिंग दिया जाएगा। मतदान के पहले अपनी पूरी दायित्व को अच्छी तरह समझ लें। सभी प्रजाईडिंग ऑफिसर को ईवीएम मशीन दिए जाएंगे वह सभी अपने मशीन को अपने साथ सीधे तौर पर मतदान केंद्र या क्लस्टर पॉइंट पर ले जाएंगे, इसके अलावा किसी भी अन्य जगहों पर किसी भी हालत में कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के पश्चात प्रजाईडिंग ऑफीसर ईवीएम को सीधे स्ट्रांग रूम जहानाबाद लाएंगे। उन्होंने का की 01 जून को जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में चुनाव है। 30 मई को पार्टी मिलान किया जाना है। गया इंजीनियरिंग कॉलेज खिजर सराय में ही पार्टी मिलान होगा। इसके अलावा सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दिया गया, ताकि कोई कर्मी कुछ भूल गए तो उनकी डाउट को क्लियर किया जा सके। वाहन भी डिस्पैच सेन्टर से सेक्टर वार लगे रहेंगे। सेक्टर बार बने बूथ के लिये सीधे मतदान कर्मी पूरी टीम के साथ संबंधित बूथ या क्लस्टर पॉइंट पर रवाना होंगे। हर सेक्टर पदाधिकारी के पास रिजर्व में ईवीएम रखा जाएगा ताकि किसी भी बूथ पर अचानक कोई ईवीएम खराब होने से तुरंत रिप्लेस कराया जा सके। इसके अलावा प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी के साथ एक-एक मास्टर ट्रेनर भी टैग किया गया है, जिससे कोई भी तकनीकी खराबी किसी बूथ से प्राप्त होने पर उसे तुरंत समाधान करवाया जा सके। प्रत्येक मतदान केंद्र पर ईवीएम को कैसे सील करना है कौन-कौन से प्रपत्र भरे जाएंगे इत्यादि की पूरी जानकारी अच्छी तरह रख लें ताकि मतदान के दिन कोई समस्या नहीं हो। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मॉक पोल के दौरान सी यू खराब रहता है तो सी यू को तुरंत बदलना होगा। मतदान शुरू होने के बाद यदि सी यू खराब होता है तो पूरी सेट को बदलना होगा। मॉकपोल के बाद सिआरसी जरूर दबाए। मतदान समाप्ति के बाद क्लोज बटन जरूर दबाए। सभी सेक्टर पदाधिकारी के पास अनिवार्य रूप अपने वरीय अधिकारियों का दूरभाष नंबर उपलब्ध रहे। हर दो घंटे पर सभी बूथों से पोलिंग की रिपोर्ट लेनी होगी। मतदान के दिन लास्ट दो घंटे काफी सतर्कता एव विशेष ध्यान से काम करना होता है।

डिस्पैच सेंटर में खाने के लिए काउंटर लगाए जाएंगे इसके अलावा सभी मतदान केदो पर रसोईया के माध्यम से पेड बेसिस पर खाना बनाकर खिलाने की भी व्यवस्था रखी जा रही है। सहायक निर्वाचि पदाधिकारी अपने क्षेत्र के सभी मतदान केदो का रूट चार्ट अंतिम रूप से फाइनल कर ले ताकि उसे छपाकर संबंधित प्रजाईडिंग ऑफिसर को उपलब्ध कराया जा सके। सामान्यतः जून माह में गर्मी चरम सीमा पर रहता है। हीट वेब की आसंका बनी रहती है। हर सेक्टर पदाधिकारी के साथ 1-1 डॉक्टर की टीम एव 1-1 एम्बुलेंस भी टैग रखा गया है। ताकि हीट वेब से किसी का तबियत खराब होने पर उनका त्वरित उपचार किया जा सके। सभी बूथों पर शेड एव जार वाला ठंडा पानी की पूरी व्यवस्था रखी जा रही है। अतरी विधानसभा के 50% मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की व्यवस्था रखी जा रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी सेक्टर पदाधिकारी अभी से लेकर मतदान तक हर दिन अपने क्षेत्र के विधि व्यवस्था संबंधित खैरियत प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाएंगे। सभी मतदान केंद्रों का आज से निश्चित तौर भी विजिट करे, इसमें कोई कोताही नही बरते। मतदान केंद्र के आस पास ग्रामीणों,मतदाताओं से बात चीत करते रहे। पूर्व से चिन्हित वल्नरेबल बूथ ,टोला पर विशेष नजर रखे। मतदान में संभावित व्यवधान डालने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नियम अनुसार कार्रवाई करें।जिला पदाधिकारी ने अतरी विधानसभा के मतदाताओं से अपील किया है कि आप सभी मतदाता भय मुक्त वातावरण में अपने घरों से निकालकर अपना वोट का प्रयोग करें। प्रशासन की स्तर से शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए अनेको कार्य किए गए हैं। डीएम ने सभी सेक्टर पदाधिकारी को निर्देश दिया है लंच ब्रेक दोपहर का खाना के नाम पर पोलिंग बंद नही होनी चाहिए, मतदान केंद्र में मतदान कर्मिगण आपसी समन्वयन करते हुए खाना खाएं और मतदान भी सुचारू रहे। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि किसी मतदाता के पास मतदाता पर्ची वोटर्स स्लिप नही रहने पर भी पात्र 13 दस्तावेज आइडी में से कोई भी 01 दस्तावेज को देख कर मतदान करने दिया जाएगा। वोटर स्लीव के आभाव में कोई मतदाता बिना मतदान के वापस नही लौटे, इसे पूरी तरह सुनिश्चित करना होगा। वरीय पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि अतरी विधानसभा में पूर्व में भी चुनाव के दौरान छीट पुट घटनाएं हुई है।उसे लेकर वर्तमान समय मे क्या स्थिति है उन क्षेत्रों का, उसका सभी थानाध्यक्ष आकलन कर ले, एव उन स्थानों पर विशेष अलर्ट बरते। पूरी निष्पक्ष एवं तत्परता के साथ चुनाव कार्य संपन्न करवाये। मतदान केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ नही लगे, इसे सुनिश्चित करवाये। आखरी फेज का चुनाव है। पूरी शांति वातावरण में सम्पन्न करवाये। इसके बाद ईवीएम विविपैट का हो रहे कमिश्निंग का भी डीएम ने निरीक्षण किया है। कमिसनिंग के बाद ईभीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिये बनाये गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया गया है।

सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया अभिभावक सम्मेलन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। सरस्वती शिशु मंदिर, उदवंतनगर, भोजपुर में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें भोजपुर विभाग के विभाग प्रमुख वीरेंद्र कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।साथ ही विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय ओझा, सचिव पुतुल लाल, कोषाध्यक्ष श्री मती कुसुम तथा सदस्य विक्की कमलेश साथ ही साथ उदवंतनगर के जिला पार्षद वंदना की गरिमामयी उपस्थिति रही। अभिभावक एवं माताएं बड़ी संख्या में शामिल हुई।

अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करने के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने आगत अतिथियों का परिचय एवं सम्मान किया तथा अभिभावक सम्मेलन पर प्रस्तावित उद्बोधन दिया। बारी बारी से सभी ने अपना विचार रखा। अध्यक्षीय उद्बोधन विद्यालय की कोषाध्यक्ष कुसुम जी के द्वारा सम्पन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन विजय ओझा के द्वारा संपन्न हुआ। विद्यालय के आचार्य नरेंद्र ,सीमा की सहभागिता रही।अंत में वंदे मातरम के द्वारा सम्मेलन का समापन किया गया ।

हथियारबंद बदमाशों ने बाइक मैकेनिक को मारी गोली

आराः भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी पुल के समीप मंगलवार की शाम जमीन के विवाद में हथियारबंद बदमाशों ने बाइक मैकेनिक को गोली मार दी। उसे दाहिने साइड पीठ पर गोली लगी है, जो अंदर फंसी हुई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल से शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. विकास सिंह ने उसका ऑपरेशन कर गोली का बुलेट निकला। घटना को लेकर गांव में आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है।

उधर, घटना की सूचना पाकर उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मी से मिल घटना की जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जख्मी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गडहा गांव निवासी स्व. कृष्णा सिंह का 25 वर्षीय पुत्र मुनन कुमार है। वह पेशे से बाइक मैकेनिक है। असनी बाजार स्थित बाइक दुकान पर काम करता है।इधर, मुनन कुमार ने बताया कि गडहा गांव में उसका ढाई बिगहा जमीन है। जिसको लेकर वर्ष 2022 में आरोपित के परिवार से झगड़ा भी हुआ था। उसी समय से उनसे विवाद चला आ रहा है। मंगलवार की शाम वह जीरो माइल स्थित ऑटो केयर में बाइक बनाने गया था। इसके बाद वह अपने भाई के साथ पैदल वापस गांव लौट रहा था। इसी क्रम में असनी पुल के समीप पहुंचा। तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाश वहां आ धमके और पहले उसकी जमकर पिटाई की।

तृतीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। डीएवी पब्लिक स्कूल कैंट परिसर में 6 बिहार बटालियन एनसीसी का तृतीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन हुआ है।इस शिविर में प्रदेश के गया,औरंगाबाद और जहानाबाद के 655 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। कैंप कमांडेंट कर्नल एमके शुक्ला ने शिविर का उद्घाटन किया गया है। इस मौके पर एनसीसी कैडेटो को संबोधित करते हुए कैंप कमांडेंट कर्नल एमके शुक्ला ने कहा कि एनसीसी में शामिल होने वाला व्यक्ति अनुशासन, एकता के साथ राष्ट्रीय एकता और आत्मरक्षा के लिए प्रतिबद्धता से बंधता है। शिविर में शामिल सभी एनसीसी कैडेट्स को ड्रिल, मैप रीडिंग, स्वास्थ्य,योग आदि प्रशिक्षण दिया जायेगा।शिविर में अनेक प्रतिस्पधाओं का भी आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर 6 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एमके शुक्ला,सूबेदार मेजर अमलेंदु मंडल,सूबेदार संतोष कुमार, सुंदर, प्रमोद,राकेश नायब सूबेदार मुकेश अरविंद, बीएचएम महेश,पीआई स्टाफ अरुंजय, कानाराम,भोला, अर्जुन,राहुल, विकास, आशिष सहित एनसीसी कैडेट्स मौजूद थे।

लावारिस तथा बेसहारा पशुओं को पेयजल की व्यवस्था हेतु एक प्रयास विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

आरा इकाई के द्वारा सभागार में प्रधानाचार्या के अध्यक्षता में "लावारिस तथा बेसहारा पशुओं को पेयजल की व्यवस्था हेतु एक प्रयास" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आरा नगर निगम की महापौर श्रीमती इंदु देवी, विश्वविद्यालय के सी.सी.डी. सी. प्रो. प्रसुंजय कुमार सिन्हा, कार्यक्रम समन्वयक एन एस एस डॉ. साधना रावत की सहभागिता रही। सभा को संबोधित करते हुए समन्वय एन एस एस डॉ साधना रावत ने कहा कि समाज में रह रहे असहाय एवं लावारिश पशु - पक्षियों भी समाज का ही अंग है और उनके लिए पेयजल की व्यवस्था करना अपने आप में सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आरा नगर निगम की महापौर माननीय महोदया श्रीमती इंदु देवी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यो से हम सब को भी प्रेरणा मिलती है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है और आरा नगर निगम सदैव ऐसे कार्यो को करवाने के लिए तत्पर रहता है। कार्यक्रम में सम्मिलित विशिष्ट अतिथि के रूप में सी सी डी सी प्रो. प्रसुंजय कुमार सिन्हा जी ने कहा कि यह उनके कार्यकाल मे पहली बार है।

पर्यावरणीय असंतुलन वैश्विक समस्याओं से समाधान का एकमात्र विकल्प पर्यावरण संरक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

गया कॉलेज गया के प्राचार्य डा सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर शिक्षा विभाग के बीएड प्रशिक्षु द्वारा मध्य विद्यालय रामपुर में पर्यावरण संरक्षण पर बच्चों के बीच जानकारी साझा की गई है।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक को डॉक्टर धनंजय धीरज विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग एवम अभिषेक कुमार इंटरनसिप समन्वयक डा आर एन प्रियादर्शनि ने प्रशिक्षुओं की ओर से पौधा भेंट किया है।

इस अवसर पर छात्र शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर परिसर के साफ-सफाई की एवं उक्त अवसर पर कई पौधे भी धरती की गोद में समर्पित किए गए हैं। प्रशिक्षुओं से जानकारी साझा करते हुए डॉ धनंजय धीरज ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एवं पर्यावरणीय असंतुलन जैसी वैश्विक समस्याओं से समाधान का एकमात्र विकल्प पर्यावरण संरक्षण ही है।वृक्षों की अंधाधुंध कटाई एवं प्लास्टिक के बढ़ते हुए प्रयोग के कारण आज पर्यावरणीय संकट न मात्र भारत बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए एक चुनौती बन गई है ऐसे में इन छात्रों के बीच इस बात की जागरूकता अति आवश्यक है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण ही हमारे पर्यावरण को संतुलित रख सकता है वृक्षों के रोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण की भी महती की आवश्यकता है। असमय वर्षा अम्ल वर्षा असहनीय गर्मी जल स्तर का निरंतर गिरते जाना आदि जैसी कई समस्याएं हैं जो प्रकृति के छेड़छाड़ का ही परिणाम है आतः हमें प्राकृतिक संसाधनों के सीमित उपयोग के प्रति जागरूक होना चाहिए और उनके सीमित प्रयोग के प्रति सबों को जागरूक करना भी हराम परम दायित्व है। इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यपक डॉ अमरेंद्र कुमार ने किया है।

वोट के बदले पैसे प्रकरण पर जेडीयू बिहार प्रदेश प्रवक्ता ने चुनाव आयोग द्वारा कार्रवाई पर भरोसा जताया

बेतिया।जेडीयू के बिहार प्रदेश प्रवक्ता धीरज कुशवाहा और मनोरंजन गिरी नें बगहा पहुंचकर चुनाव आयोग द्वारा कार्रवाई पर भरोसा जताया है। इस दौरान जेडीयू नेताओं ने 01 वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट से एनडीए के जेडीयू प्रत्याशी सुनील कुमार के भारी मतों से जीत का दावा करते हुए देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के पीएम बनने का दावा किया है। जबकि लालू परिवार को चारा खाने वाला दागी व सजायाफ्ता बताते हुए आरजेडी के जंगल राज वाले 15 साल के दिन याद दिलाये । दरअसल वाल्मीकिनगर के आरजेडी उम्मीदवार दीपक यादव के पक्ष में वोटरों को धमकाने की लिखित शिकायत कर महिला वोटर ने मंगलपुर औसानी पंचायत के मुखिया पति और नियोजित शिक्षक भोला नाथ यादव पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं जिसमें आधार कार्ड जमा कर एक-एक हजार रुपए प्रति वोटर देने का प्रलोभन समेत जबरन आरजेडी को वोट करने का दबाव बनाने की शिकायत की गई है।

भोजपुर जीविका के दीदियों ने मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में पूरे देश में रचा इतिहास

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर। जीविका भोजपुर के द्वारा आज 1500 से अधिक ग्राम संगठन में मतदाता जागरूकता को लेकर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें 2 लाख से अधिक जीविका दीदियों ने एक समय एक साथ भाग लिया जो अपने राज्य ही नही बल्कि पूरे देश में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा। आज जिले के 2 लाख घरों में एक साथ मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचने का कार्य जीविका के दीदियों के द्वारा किया गया ।

इस कार्यक्रम से भोजपुर जिले के लगभग सभी गांव में जीविका दीदियों ने एक साथ ये संदेश पहुंचाने का कार्य किया है कि वोट हमारे लोकतंत्र के लिए कितना महत्वपूर्ण है और इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित हो आज इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त भोजपुर ने ज्ञान एवम उत्साह जीविका महिला ग्राम संगठन उदवंतनगर में इस मेंहदी प्रतियोगिता कार्यक्रम में अपनी गरिमा गरिमामई उपस्थिति दर्ज की और दीदियों का उत्साह वर्धन किया । उप विकास आयुक्त भोजपुर ने कहा की हमारे जिले का यह लक्ष्य था की कि हमारे यहां सातवें चरण में चुनाव होने होना है जिसकी तिथि 1 /6/2024 निर्धारित है। इस तिथि के अनुसार डीपीएम जीविका को ये लक्ष्य दिया गया था कि पूरे जिले में जीविका के ग्राम संगठनों के द्वारा 1 लाख 62 हजार 24 दीदियों की सहभागिता सुनिश्चित करनी है जो की एक ऐतिहासिक पहल।होगा। लेकिन उन्होंने बताया कि मुझे जानकार यह खुशी हो रही है कि इस कार्यक्रम में लगभग 2 लाख से अधिक जीविका जीविका के दीदियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कि। उप विकास आयुक्त भोजपुर ने दीदियों को उत्साहित करते हुए कहा कि हमारा जिला हर क्षेत्र में आगे है तो मतदान में पीछे क्यों ? हमारे जिले की जीविका दीदियो अगर मन बना ले तो यह काम भी असंभव नहीं है आपके दीदियों के बाल पर ही हम जिले का मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक दर्ज करा सकते हैं।

वरुण कुमार डीपीएम जीविका ने कहा कि हमारे संगठन के द्वारा इतने बड़े पैमाने पर मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम किया गया यह हमारे और हमारे संगठन के सभी अधिकारी/ कर्मी और जीविका दीदियों के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है।इस कार्यक्रम में वरुण कुमार डीपीएम जीविका, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, सामाजिक प्रबंधक प्रीति कुमारी ,संचार प्रबंधक सैफ राही उपस्थित रही ।

एसबी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की ओर से व्याख्यान का आयोजन

व्याख्यान में स्नातक व पीजी के छात्र हुए शामिल

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एसबी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की ओर से एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रकृति का आख्यानःऔपनिवेशिक लेंस के माध्यम से पारिस्थितिकी आलोचना और पारिस्थितिकी नारीवाद विषय पर आयोजित व्याख्यान में स्नातक और पीजी के विद्यार्थी शामिल हुए।इसमें छात्राओं की संख्या काफी अधिक रही। उद्घाटन प्राचार्या डॉ पूनम कुमारी, मुख्य वक्ता महाराजा कॉलेज की पीजी अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ वंदना सिंह, कॉलेज के बर्सर डॉ आरएन मिश्रा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ पूनम कुमारी ने की। मुख्य वक्ता डॉ वंदना सिंह ने कहा कि मानवता, ग्रह और हमारे समुदायों को महिला नेतृत्व की अब पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। उन्होंने इसके कई बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि आज पारिस्थितिकी नारीवाद की कई शाखाएं है, जिनमें अलग अलग दृष्टिकोण व विश्लेषण है।यह इस बात पर भी जोर देता है कि महिलाओं और प्रकृति दोनों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्राचार्या डॉ पूनम कुमारी ने कहा कि यह एक जीवंत विषय है। डॉ आरएन मिश्रा ने कहा कि पारिस्थितिकी नारीवाद पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता और महिलाओं और प्रकृति के बीच बने संबंधों के बारें में जोड़ता है। कार्यक्रम में डॉ कनक लता कुमारी, डॉ साधना रावत, डॉ अर्चना कुमारी, डॉ अभिनव कुमार,डॉ सुदीप्ता शर्मा, डॉ श्वेता, डॉ पूजा कुमारी, डॉ आदित्य कुमार आनंद, डॉ बिंकटेश, डॉ एसडी सिंह, डॉ अनामिका, डॉ आशा रानी, डॉ राकेश रंजन, डॉ डीपी राय, डॉ विनय, डॉ मुकेश कुमार सहित कई शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।संचालन डॉ राजलक्ष्मी व धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक डॉ पंकज कुमार ने किया।

इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो गरीब महिलाओं को एक लाख रुपए दस किलो अनाज गैस के दाम कम होंगे: तेजश्वी यादव

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली। संविधान और आरक्षण बचाने की यह लडाई है।जब हमलोगों की सरका बनेगी तो नौकरी मिलेगी। उक्त बाते सुगौली के विशुनपुरवा हाई स्कूल के प्रांगण में महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी मदनमोहन तिवारी जी को लालू जी और मुकेश सहनी , राहुल गांधी के उम्मीदवार बताते हुए विजयी बनाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि जब हमलोगों की सरका बनेगी तो एक करोड़ युवाओं को नौकरी मिलेगी। पांच किलो अनाज के बदले दस किलो दिया जाएगा। गरीब महिलाओं को प्रत्येक साल एक लाख रुपए हर महीने खाते में नगद पैसे आएंगे गैस का दाम घटेगा। यह लडाई बेरोजगारी गरीबी महंगाई मुद्दा है। मोदी जी चीनी मिल भी नहीं चलवाए। वहीं भीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कम शब्दों में अपना भाषण समाप्त करते हुए कहा कि हमारे कांग्रेस उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी को मजबूती से जिताईए। हम सभी संविधान बचाने की लडाई लड रहे है। हमे परेशान किया जा रहा है। जिसका जबाब वोट से देना है। आप सभी लोग मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनावे। इससे पहले स्थानीय नेताओं व कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा दोनों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष ताराचंद यादव ने किया। जबकि संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजय झा ने किया। कार्यक्रम को कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी, स्थानीय विधायक ई.शशिभूषण सिंह, नरकटिया के विधायक शमीम अहमद, राजद नेता ओमप्रकाश चौधरी, वीआइपी नेता मनोज सहनी, राजद नेता रामबाबू यादव, जेपी यादव, रेयाजूल अंसारी, सुरेश यादव, प्रेमचन्द्र यादव, दीपू मिश्रा आदि ने संबोधित किया। मौके पर जिला युवा राजद अध्यक्ष मो. असलम, रेयाजूल हक मुन्ना, अरविंद यादव, शैलेन्द्र सिंह, अफरोज आलम, मो. सकिलुर्रहमान, विनोद बेदर्दी, धर्मेंद्र तिवारी, दीपू मिश्रा, अजय यादव आदि महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा लाठीचार्ज के प्रतिरोध में कल निकाला जाएगा मौन जुलूस

प्रात : किरण संवाददाता

बक्सर । गोयल धर्मशाला बक्सर में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से आयोजित किसान में सर्व सम्मति से फैसला लिया गया की चौसा के बनारपुर,मोहनपूर्वा और कोच्चाढी में जिला प्रशासन के नेतृत्व में हुए पुलिसया तांडव,तोड़-फोड़,लूट-पाट एवं भीषण लाठीचार्ज के प्रतिरोध में 24 मई को11 बजे दिन मे बक्सर रेलवे स्टेशन से वीर कुंवर सिंह चौक तक किसानों का विशाल मौन जुलूस निकाला जाएगा। जिसका नेतृत्व संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेतागण करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि दिल्ली मे स्वाति मालीवाल को शायद एक लात लगाने वाले आज जेल में है।मगर मोदी राज में यह कैसी अंधेर गर्दी है कि सैकड़ों स्वाति मालीवाल के रूप में कोच्चाढी,बनारपुर और मोहनपुर्वा में 90 साल की बूढी दादी से लेकर जवान लड़की सहित सैकड़ों बूढ़े,दूध मुहें बच्चें एवं जवानों को शरीर का कोई अंग नहीं बचा जहां पुलिस की लाठी और बूट से हमला नहीं हुआ। फिर भी बक्सर जिला प्रशासन पर आज तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं ? मोदी-नीतीश सरकार को इसका जवाब देना होगा।एक दर्जन बार मोदी जी ने बिहार का दौरा किए, कई रात पटना में गुजारे परन्तु अभी तक इन पीड़ितों से मिलने या उनके प्रति सहानुभूति में दो शब्द आज तक उनके मुहं से नहीं निकला। जैसे मणिपुर की घटना पर भी वे आजतक मौन है।चौसा कांड पर भी मौन है।मणिपुर मे अपना उम्मीदवार देने की हिम्मत भी नही हुई।फिर बक्सर क्यो आ रहे है।चौसा के बेकसूर दर्जनों किसान पुरुष एवं महिला जेल में महीनों से बंद है। सैकड़ों घायल के प्रति थोड़ी भी सहानुभूति तो उनके दिल मे होना चाहिए।आजाद भारत में इतना बड़ा भयानक लाठीचार्ज पुलिस अत्याचार का शायद कोई दूसरा मिशाल नहीं है। फिर भी डब्ल इंजन की सरकार का इस भयानक एवं दर्दनाक घटना पर चुप्पी, जनता के खिलाफ और जुल्मी जिला प्रशासन के पक्ष में है। मोदी जी को बक्सर की जनता से वोट मांगने से पहले इसका जवाब देना होगा। वर्ना बक्सर की जनता 1 जून को एन डी ए को परास्त कर अपना जवाब देगी।बैठक को किसान नेता दिनेश कुमार सिंह भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी, अशोक प्रसाद सिंह महासचिव बिहार राज्य किसान सभा, मनोज कुमार संयोजक के के यू,अजय मिश्रा,रघुनाथ सिंह पुर्व प्रमुख,मनोज कुमार सिंह मुखिया औरंगाबाद,केदार सिह जिला पार्षद,अभिमन्यु सिंहकैमूर,रितेश कुमार अधिवक्ता, राजू सिंह एवं विकास कुमार कैमूर,कालीचरण यादव,श्याम नारायण,शैलेश कुमार,अमरनाथ यादव,शिवजी सिंह ने किसान चौपाल को संबोधित किया।किसान चौपाल की अध्यक्षता किसान नेता लाल साहेब उपाध्याय ने की।

अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर चलाया जनसम्पर्क

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। पूरे बिहार में राजग के पक्ष में मतदाता उत्साहित है। आरा लोकसभा में राजग समर्थित भाजपा प्रत्यासी राजकुमार सिंह द्वारा क्षेत्र में किये गए कार्यो की प्रशंसा आज हर जगह हो रही है।

उक्त बातें लोजपा रामविलास संसदीय दल के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद हुलास पांडेय ने आरा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र में जन सम्पर्क कर लौटने के बाद कही। 24 मई को भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के आरा आगमन एवं कार्यक्रम को लेकर हुलास पांडेय ने लोगो को निमंत्रित करते हुए कहा कि अमित शाह के आगमन से आमजन उत्साहित है। आज घर घर मे भारत सरकार और बिहार सरकार द्वारा किये गए विकास कार्यो की चर्चा हो रही है।इन्होंने कहा कि आजादी के बाद आरा के लोगो ने पहली बार चौतरफा विकास कार्य सांसद राजकुमार सिंह के नेतृत्व में देखी है। जिसकी खुशी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगो के आंखों में दिख रही है। आज भोजपुर जिला के लगभग सभी गावो में सांसद राजकुमार सिंह द्वारा लगभग 168 करोड़ की योजना चल रही है या पूर्ण हो गई है। लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान बिहार के सभी सीटों पर राजग प्रत्यासी को जिताने की अपील कर रहे। लोजपा रामविलास के सभी कार्यकर्ता तन मन धन से राजग प्रत्यासी को जिताने के लिए मेहनत कर रहे।वही दूसरी तरफ बिहार में महागठबंधन की सभी रणनीति ध्वस्त हो गई है। पांच चरण के चुनाव के बाद विपक्ष थका हुआ महसूस कर रहा। महागठबंधन के कार्यकताओं में अब निराशा छा गई है जबकि राजग के कार्यकर्ता समर्थकों में उत्साह है।

संक्षिप्त खबरें

पुण्यतिथि पर कौशल सिलाई केंद्र को भेंटकर दी सिलाई मशीन

नवगछिया (भागलपुर)। लायन्स क्लब नवगछिया टाउन के द्वारा कौशल सिलाई केन्द्र को एक सिलाई मशीन भेंट के रूप में दिया गया है।कार्यक्रम स्वगीर्य कौशल बाबू के पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में क्लब के जोन चेयरपर्सन ला. पवन कुमार सर्राफ, क्लब अध्यक्ष ला. कमलेश कुमार अग्रवाल, क्लब उपाध्यक्ष ला. विनोद केजरीवाल, क्लब कोषाध्यक्ष ला. विनोद कुमार चिरानीयां के द्वारा कौशल बाबू के पुत्र आयुश आनंद एवं सिलाई केन्द्र के तरुण कुमार व सुमित कुमार को दिया गया है।इस मौके पर जोन के चेयरपर्सन ला. पवन कुमार सर्राफ ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि लायन्स क्लब नवगछिया टाउन के द्वारा कौशल सिलाई केन्द्र को यथा संभव मदद किये जाने को लेकर अस्वाशन दिया गया है।

मां की डांट पर 19 वर्षीय युवती घर छोड़ हुई लापता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनगामा गांव इलाके की एक महिला ने बिहपुर थाना में आवेदन देकर अपनी 19 वर्षीय पुत्री के गुमशुदगी को लेकर लिखित सूचना के साथ उनकी बरामदगी व खोजबीन हेतू मामला दर्ज करायी गई है। थाना को दिए आवेदन में महिला ने लिखा है कि विगत 19 मई की सुबह किसी गलती पर पुत्री को डांट फटकार लगाई थी, जिसके बाद से वह आक्रोशित व नाराज हो घर से कही चली गई है। वहीं उसे काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चलने के साथ अपने सगे संबंधियों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है, विवाद के कुछ देर बाद से वह घर से लापता चल रही है।उसके खोजबीन अपने सभी सारे सगे संबंधियों व जानने वालों के यहां तलास की लेकिन कही भी पुत्री के बारे में जानकारी नही मिल पायी है।जिसके बाद स्थानीय थाना में लिखित आवेदन दे न्याय की गुहार लगाने के साथ बेटी की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराने पहुँची हूं।वही मामले को लेकर बिहपुर थाना कब थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि पीड़िता माँ के द्वारा बच्ची लापता होने का आवेदन दिया गया है।उक्त जानकारी के साथ ही युवती के लापता का मामला दर्ज कर लिया गया है। वही पुलिस टीम लापता युवती की तलाश के जुट गई है।

हथियार के साथ एक अधिवक्ता हुआ गिरफ्तार

भागलपुर। तिलकामांझी थाना क्षेत्र अंर्तगत जवारीपुर के समीप एक अधिवक्ता को देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। ची पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के क्रम में अपनी पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के पप्पू यादव के रूप बताया है। गिरफ्तार अभियुक्त पेशे से एक अधिक्वक्ता बताया जा रहा हैं। वही मामले को लेकर तिलकामांझी थाना प्रभारी शंभू पासवान ने बताया कि पुलिस की गस्ती दल टीम द्वारा गस्त ड्यूटी के क्रम में संदिग्ध होने पर पूछताछ जांच के क्रम में उसकी तलाशी जांच किये जाने पर उसके पास एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं मामले की जानकारी दिये जाने के साथ ही थाना के थाना प्रभारी ने कहा कि विगत दिनों सीटी एसपी मि. राज ने टेलीफोन पर बताया गया था कि सभी थानों की पुलिस सीनियर एसपी आनंद कुमार के निदेर्शानुसार अपने-अपने थाना क्षेत्र में गस्ती ड्यूटी के आदेश जारी है। उक्त जारी आदेश के आलोक में कहा गया है कि पुलिस गस्त ड्यूटी के दौरान संदिग्ध पाए जाने पर तलासी जांच के साथ पुष्टि किये जाने के बाद किसी व्यक्ति को छोड़ने की बात कही गई हैं। इसी कड़ी में अधिवक्ता को संदिग्ध पाये जाने के साथ उन्होंने हथियार के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है।

गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व पर सजा दीवान, शबद कीर्तन

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में तीसरे गुरु श्री अमरदास जी महाराज के प्रकाश पर्व पर बुधवार को विशेष दीवान सजा। इसके पूर्व पिछले दो दिनों से एडिशनल हेड ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद सजे विशेष दीवान में कथावाचक ज्ञानी चरणजीत सिंह और सतनाम सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। रागी जत्थों में भाई नविंदर सिंह, भाई ज्ञान सिंह, भाई जोगिंदर सिंह, भाई बिक्रम सिंह, भाई कविंदर सिंह, भाई जगत सिंह व भाई हरभजन सिंह ने शबद कीर्तन पेश किया। विशेष दीवान की समाप्ति तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के अरदास के साथ हुआ। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारक व संगत शामिल हुई। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चला। दूसरी ओर माता साहिब कौर व स्त्री साध संगत की ओर से पांचवें गुरु श्री अर्जनदेव जी महाराज के शहीदी पर्व को लेकर सुखमणि साहिब का पाठ किया गया।

अपहरण कर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास व आर्थिक जुर्माना

पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के एडीजे-1 ने सुनायी सजा, 2015 की घटना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र से युवक को अगवा कर 50 लाख की फिरौती मांगने एवं हत्या करने के आरोप में पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश-1 विद्या प्रसाद ने आरोपी को आजीवन कारावास और जुमार्ना की सजा सुनाई है। कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को मृतक के पिता को पांच लाख रुपया भुगतान करने का भी निर्देश दिया है।

अपर लोक अभियोजक सरदार गुरमीत सिंह ने बताया कि आरोपी राहुल कुमार उर्फ गोलू, जिसकी उम्र करीब 25 वर्ष है और वह मालसलामी थाना क्षेत्र के चुटकिया बाजार का रहने वाला है। उसके खिलाफ एडीजे-1 कोर्ट ने आजीवन कारावास एवं 20 हजार का आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। आर्थिक जुमार्ना नहीं दिए जाने पर 6 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा उसे पूरी करनी होगी। एडीजे ने कहा कि मृतक राहुल पांडेय के पिता मुरली मनोहर पांडेय ने जवान बेटे को खो दिया है।

उन्हें खासा मानसिक यातना झेलनी पड़ी है। इस कांड को लेकर मृतक के पिता चुटकिया बाजार के रहने वाले मुरली मनोहर पांडेय ने मालसलामी थाना में कांड 37/2015 दर्ज कराया था। इसमें उन्होंने कहा था कि 9 फरवरी, 2015 की रात उनके 19 साल के बेटे राहुल पांडेय बिना कुछ कहे रात आठ बजे घर से निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। जब उसके मोबाइल पर कॉल किया गया, तो वह उसे रिसीव भी नहीं कर रहा था। उसका बाद में मोबाइल स्विच ऑफ भी हो गया। देर रात करीब 2.10 पर बेटे के नंबर से कॉल आया, मगर आवाज बेटा राहुल का नहीं था।

कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि तुम्हारे बेटे का अपहरण कर लिया गया है। 50 लाख फिरौती देने पर ही उसे छोड़ेंगे। यदि रुपया नहीं दिया गया, तो उसे जान से मार डालेंगे। बाद में फिर कॉल कर कहा कि रुपए का इंतजाम करने के लिए 12 दिनों का समय तुम्हें दे रहा हूं। इसके बाद पिता के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मालसलामी थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान राहुल राज उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर यमुनापर स्थित तालाब से शव को तिरपाल में लपेटा हुआ बरामद किया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 11 लोगों की गवाही हुई थी।

महा गठबंधन को ना तो हमारी संस्कृति की परवाह ना ही देशहित की चिंता : अतुल

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रम। गोपाल विद्यार्थी कॉग्रेस व महागठबंधन दल के नेताओं को ना तो हमारी संस्कृति की परवाह है और ना ही देशहित की चिंता, सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति के माध्यम से बिहार व देश की जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास किया जा रहा है।

उक्त बातें बुधवार को पत्रकारों से हुई बातचीत में भाजपा नेता सह बिक्रम विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार ने कही वह पाटलिपुत्र विधानसभा क्षेत्र के नौबतपुर के इलाके में एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव के लिए जनसंपर्क कर रहे थे, मौके पर उन्होंने संसदीय क्षेत्र के सभी जनता जनार्दन से 1 जून को राष्ट्रहित हित में कमल के निशान पर वोट डालने का अपील किया । उन्होंने कहा कि आप सभी का एक एक वोट देश निर्माण में मदद और मोदी जी मजबूती प्रदान करेगा। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने जगह जगह पर उनका फूल माला देकर स्वागत भी किया। भाजपा नेता अतुल ने ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी एवं सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश और राज्य का तेज गति से विकास हो रहा है। आम लोगों को सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिल रहा है। इसीलिए देशवासियों को भाजपा के संकल्प और मोदी की गारंटी पर पूर्ण भरोसा है। बिहारवासी विकसित बिहार व विकसित भारत के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विकास कार्यों की पूरी दुनिया कायल है। मोदी सरकार 25 करोड़ गरीबों को गरीबी के कुचक्र से बाहर लाने में सफल हुई है और गरीबों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। जिस सामाजिक न्याय का नारा लोग दशकों से सुनते आ रहे थे, उसे पीएम मोदी ने हकीकत में बदला है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत के रूप में अयोध्या में पांच सौ साल बाद भगवान श्रीराम के मंदिर बनने से पाटलिपुत्र समेत पूरा देश गौरवान्वित और प्रफुल्लित है।अतुल ने कहा कि बिहार को बीमारू राज्य बनाने और जातिवाद की आग में झोंकने का श्रेय आरजेडी एवं इंडी एलायंस में शामिल अन्य पार्टी को जाता है। अपने पारिवारिक राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए आरजेडी सुप्रीमो ने बिहार एवं बिहार के लोगों को जंगलराज में धकेलने का घिनौना कार्य किया था। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में अब बिहार परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त होकर, प्रगति के पथ पर तेज गति से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मूलभूत विकास से वंचित बिहार की धरती पर अब बिहार के सर्वांगीण विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। एनडीए कार्यकर्ता और पाटलिपुत्र की जनता एकजुट है और एनडीए बिहार की सभी चालीस सीट पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि 25 मई को बिक्रम के कृषि फॉर्म के मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ऐतिहासिक रैली होने वाली है। उन्होंने कहा की पीएम मोदी का बिक्रम व बिहार प्रेम जगजाहिर है। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त तिथि को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर पीएम के संबोधन को सुनने का आग्रह किया ।

मानसी गंडक घाट नदी किनारे समाजसेवी जनप्रतिनिधियों ने 12 सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मानसी। देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में मानसी गंडक घाट पर नदी के किनारे 12 सूत्री मांग संबंधी ज्वलंत सवालों को लेकर प्रदर्शन किया गया जिसका नेतृत्व अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। प्रदर्शन में दर्जनों जनप्रतिनिधि, वार्ड सदस्यगण, प्रबुद्धजन, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों ने भाग लिया।

पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि डेढ़ दशक से लंबित गंडक घाट पर पूल निर्माण जल्द करने, पहुंचपथ निर्माण करने, मुक्तिधाम शवदाहगृह का निर्माण करने, मानसी नगर पंचायत में शव वाहन जल्द उपलब्ध कराने, चचरी पूल पर जान जोखिम में डालकर हो रही आवागमन से संभावित दुर्घटना पर रोक लगाने, खगड़िया गंडक पुल से नदी किनारे किनारे मानसी घाट होते हुए अगुवानी घाट तक सड़क निर्माण करने, मानसी रेलवे पश्चिमी ढाला पर ओवरब्रिज निर्माण जल्द करने, गंडक घाट एवं प्रदूषित नदी - जल की सफाई करने, बढ़ रहे नदी-जल-वायु प्रदूषण पर रोक लगाने, सीढ़ीनुमा घाट बनाने, गंगा स्नान करने में श्रद्धालुओं का बढ़ते अपार भीड़ के मद्देनजर घाट का सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारी मानसी नगर पंचायत के वार्ड पार्षद डेविड कुमार रंजीत कुमार सुनील कुमार सिंह रंजीत कुमार अखिलेश कुमार दीनानाथ चंद्रवंशी प्रतिनिधि विवेक कुमार पूर्व वार्ड पार्षद सहित देश बचाओ अभियान के उपाध्यक्ष अधिवक्ता डॉक्टर कमल किशोर यादव रंजीत चंद्रवंशी मुरली चंद्रवंशी दिलीप शाह राकेश कुमार आदि दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता किरण देव यादव ने कहा कि पूल निर्माण कार्य एक-डेढ दशक से लंबित है।

मुक्तिधाम शवदाहगृह शव वाहन, पहुंचपथ नहीं रहने से काफी परेशानी होती है। ओवर ब्रिज का सख्त जरूरत है। गंडक के दक्षिणी भाग टीकापुर सहित कई अन्य गांव के 50000 की आबादी जान जोखिम में डालकर चचरी पुल से आवागमन करने को विवश है। चचरी पुल पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। नदी जल वायु प्रदूषण को रोकने की जरूरत है। गंगा स्नान करने के मद्देनजर सीढ़ीनुमा घाट निर्माण सौंदर्यीकरण करने एवं सुरक्षा अति आवश्यक है। प्रतिनिधियों ने कहा कि मांगे पूरी नहीं होगी तो जल सत्याग्रह आंदोलन तेज करेंगे।

परिवारवाद व भ्रस्टाचार पर भारी पड़ेगा विकासवाद की राजनीति, बिक्रम में एनडीए का चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रम। गोपाल विद्यार्थी परिवारवाद व भ्रस्टाचार पर एनडीए व पीएम मोदी की विकासवाद की राजनीति भारी पड़ेगा बिहार के लोग नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं बिहार के चालीस में से चालीस सीट एनडीए जीत रही हैं, उक्त बातें मंगलवार को बिक्रम में एनडीए का चुनाव कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर मंडल अध्यक्ष तेज नारायण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामत्री सह बीससुत्री उपाध्यक्ष ललन मंडल ने कही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट हैं, बिहार के चालीस में चालीस सीट जीतेंगे। भाजपा अपने काम के आधार पर चुनाव मैदान मे जाती है। वहीं पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा ने कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करने के लिए बिहार के लोग इसबार एनडीए को चालीस में से चालीस सीट देने जा रहे हैं। वहीं पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार ने कहा कि देश युवा वर्ग जाग चुकी है। पाटलिपुत्रा में एक लाख से चुनाव जीतेंगे मौके पर भाजपा नेता रविन्द्र रंजन, सजय कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, जदयू अध्यक्ष सुरेश वर्मा, लोजपा अध्यक्ष सुजीत सिंह, संजय राम, संधीर यादव, अमर यादव, धमेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, श्याम किशोर शर्मा, योगेश तिवारी, सूर्य नारायण सिन्हा, नन्द किशोर शर्मा, कमलेश वर्मा, इमाम विक्टोरिया बानो, सगीता शर्मा लंकेश सिंह, राम शर्मा व सुब्रत बासुदेव सहित दर्जनों अन्य लोग उपस्थित थे।

अपने अधिकारों का आओ सम्मान करें, चलो मतदान करें गीत पर झूमे दर्शक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूरे ज़िला में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नॉक-द-डोर, नो-योर-बूथ तथा कास्ट-योर-वोट जैसे अभियान से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा स्वीप कार्यक्रम को जन-अभियान का रूप दिया गया है जिससे शत-प्रतिशत मतदाताओं तक पहुँच बनाई जा सके। हर कार्यक्रम को मतदाता जागरूकता थीम पर आयोजित किया जा रहा है। गाँव-गाँव एवं शहर-शहर में लोगों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की ज़िलाधिकारी की अपील गूंज रही है। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा की जाती है । आज भी उन्होंने जूम के माध्यम से इसकी समीक्षा की तथा प्रगति का जायजा दिया। ज़िलाधिकारी ने पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप तत्पर रहने का निदेश दिया। वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप (वीआइएस) का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निदेश दिया है।अधिकारियों को रिजल्ट-ओरिएंटेड (परिणाम-आधारित) कार्यक्रम जारी रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधा रहनी चाहिए। भीषण गर्मी के आलोक में हीटवेव मिटिगेशन प्लान का अच्छी तरह क्रियान्वयन करें। मतदान केंद्रों के आस पास सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। विगत चुनावों में कम वोटिंग वाले बूथ पर एआरओ विशेष अभियान चलायें। सभी स्टेकहोल्डर्स को अभियान में शामिल करें।

ज़िलाधिकारी ने कहा कि इलेक्शन हैप्पीनेस एवं इम्पावरमेंट का इवेंट है। उन्होंने अपील की कि सभी मतदाता एक जून को गर्व से वोट डालें।

ज़िलाधिकारी ने कहा कि वीआइएस वितरण एवं स्वीप अभियान में बेस्ट प्रदर्शन करने वालों को ह्वइलेक्शन चैंपियन्स ऑफ द डेह्व से सम्मानित किया जा रहा है। प्रत्येक सहायक निवार्ची पदाधिकारी द्वारा प्रतिदिन कम से कम तीन मतदाता जागरूकता कर्मियों यथा इछड, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकाओं, विकास मित्रों इत्यादि को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। जिला स्तर पर भी बेस्ट परफॉर्मर्स को सम्मानित किया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को बूथ-लेवल ह्वाट्सऐप ग्रुप क्रियाशील रखने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को

खत अभियान का लगातार पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया। ज़िलाधिकारी ने कहा कि सभी बूथ पर मतदान सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके द्वारा मतदाताओं को चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को मार्च टू बूथ कार्यक्रम तथा सेल्फी विद बूथ कार्यक्रम नियमित तौर पर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह काफी प्रभावकारी साबित होगा। मतदाताओं को उनकी बूथ की सटीक जानकारी मिलेगी। साथ ही मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध एएमएफ के बारे में भी वे अवगत होंगे।

जिलाधिकारी ने कहा है कि वीटीआर में वृद्धि के लिए टारगेटेड इंटरवेंशन की जाए। मल्टीडाइमेंशनल (बहु आयामी) एप्रोच अपनाया जाए। पारंपरिक माध्यमों के साथ-साथ नए एवं आधुनिक माध्यमों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जाए। सभी भागीदारों को अभियान में सक्रिय रूप से शामिल की जाए। चैम्बर ऑफ कॉमर्स, आईएमए, विद्यालयों के संघों, सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर्स, रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, केमिस्ट एसोसियेसन, शॉपकीपर्स एसोसिएशन, खिलाड़ियों के संगठनों आदि सभी की मतदाता जागरूकता अभियान में नियमित रूप से सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए।जिलाधिकारी ने मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में आप सभी गर्व से वोट डालें। लोकतंत्र की जननी के तौर पर सुप्रतिष्ठित राज्य के हमारे ऐतिहासिक जिला में मतदान प्रतिशत कम-से-कम राष्ट्रीय औसत के अनुरूप (68 प्रतिशत) हो। इसबार हमारे प्यारे ज़िलावासी मतदान का रिकॉर्ड स्थापित करें।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम; चुनाव का पर्व, देश का गर्व; मतदान जागरूकता को प्रेरित करने वाले नारों से गाँवों एवं नगर क्षेत्रों में स्वीप-कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी तथा कर्मीगण लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर विजिट किया जा रहा है। मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली, शपथ-ग्रहण, स्लोगन, रैली, संगोष्ठी, पद यात्रा, खेल इत्यादि कार्यक्रमों से मतदाताओं को अपने वोट का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। ज़िला प्रशासन के विभिन्न विभागों जैसे नगर निकाय, आईसीडीएस, कल्याण, जीविका, शिक्षा, खेल सहित अन्य सभी विभागों द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में युवा एवं महिला मतदाताओं सहित सभी मतदाताओं से सक्रिय भागीदारी निभाने तथा मतदान के दिन सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में मतदान करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक के अपील संदेश के साथ पटना में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही साथ विभिन्न विभागों यथा आईसीडीएस के द्वारा जिले के अनेक प्रखंडों में अभियान के तहत मतदाताओं को उनके बूथ के बारे में बताया जा रहा है। वहीं जीविका के द्वारा विभिन्न प्रखंडों में अभियान के तहत हर घर दस्तक देकर मतदाता सूची एवं बूथ के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है। बूथ लेवल ऑफिसर्स भी घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता सूची एवं उनके बूथ के बारे में जानकारी दे रहे हैं। कल्याण विभाग से विकास मित्रों के द्वारा भेद्य टोला में हर घर दस्तक देकर लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है एवं उन्हें उनके मतदाता सूची में नाम तथा बूथ की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग के स्थानीय अधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा भी ग्रामीण इलाकों में घर-घर जाकर मतदाताओं को चुनाव के दिन मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। पीडीएस एवं आईसीडीएस का आधार विस्तृत होने के कारण ज़िला प्रशासन द्वारा उनके साथ भी सघन स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सहभागितापूर्ण वातावरण में लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। सुगम, सहज, सुरक्षित एवं समावेशी चुनाव कराने के लिए सभी कदम उठाया जा रहा है। मतदाता मतदान करने के लिए कोई भी एक मान्य पहचान दस्तावेज/ आईडी प्रूफ लेकर मतदान केन्द्र पर आएँ। उन्हें हर सुविधा प्राप्त होगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर आश्वस्त न्यूनतम सुविधाएं रहेगी। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत, साईनेज, हेल्पडेस्क आदि की व्यवस्था रहेगी। डीएम ने कहा कि पीडब्ल्यूडी और वरिष्ठ मतदाताओं की जरूरतों के प्रति प्रशासन जागरूक एवं सतर्क है और उनके लिए सुलभ चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मतदान में प्राथमिकता, ग्राउंड फ्लोर पर पोलिंग स्टेशन, रैंप जैसी बुनियादी सुविधाएं रहेगी। साथ ही वैकल्पिक होम वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

पश्चिमी चंपारण में एनडीए के लिए डगर कठिन है पनघट की

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। इस बार एनडीए के लिए पश्चिम चंपारण जिला मेंह्वडगर कठिन है पनघट कीह्व युक्ति सत्य नजर आ रही है। क्योंकि एनडीए के वाल्मीकिनगर एवं पश्चिमी चंपारण संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों को मतदाताओं की भारी आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। राजनीति विश्लेषकों की माने तो दोनों उम्मीदवारों के कुछ पार्टी कार्यकर्ता भी क्षुब्ध नजर आ रहे हैं। इस स्थिति में भीतरघात का सामना भी करना पड़ सकता है। वही पश्चिम चंपारण जिला के मतदाताओं में चुनाव के प्रति कोई खास उत्सुकता दिखाई नहीं दे रही है, जिसके कारण पर्याप्त पोलिंग की संभावना कम दिखाई दे रही है।हालांकि जिला प्रशासन दिन रात वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए दिन रात जागरूकता अभियान चला रहा है।ऐसी स्थिति में इनका भविष्य वोट पोलिंग पर निर्भर करता है। इतना ही नहीं पहले की अपेक्षा भाजपा एवं जदयू के पास सशक्त पार्टी संगठन का अभाव भी दिखाई दे रहा है। लेकिन मतदाताओं में राष्ट्र प्रेम तथा मोदी प्रेम के कारण ही इनकी नैया पार लग सकती है।अब सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में ऊंट किस करवट बैठेगा इसका सही अंदाजा लगाना काफी मुश्किल लग रहा है।

वोटर पर्ची बांटने में बेहतर करने वाले बीएलओ को दिया प्रशस्ति पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथ पर बीएलओ को मतदाता पर्ची वितरण करने का कार्य सौंपा गया है। जिन बीएलओ के द्वारा बेहतर वितरण का काम किया गया है, ऐसे को सिटी एसडीओ गुंजन सिंह के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मंजुला सिन्हा ने बताया कि बूथ 19 की बीएलओ नाहिद प्रवीण ने 987 वोटर पर्ची में से 815 यानी 82 प्रतिशत वितरित की है। इसी तरीके से बूथ 160 के बीएलओ राजू कुमार दास के द्वारा 826 में से 726 यानी 87.84 प्रतिशत वितरित किया गया। इसी तरह बूथ 251 के बीएलओ मो अशरफ ने 822 मतदाता के विरुद्ध 761 लोगों के बीच पर्ची का वितरण किया, जो 92 प्रतिशत है। इसी तरह से बूथ 259 के बीएलओ रीना देवी ने 1276 मतदाता पर्ची के विरुद्ध 1020 यानी 79 प्रतिशत का वितरण किया है। इन सबों को एसडीओ गुंजन सिंह के द्वारा बेहतर कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

बिहार में वैश्य समाज का एक-एक मत विकास के नाम और नीतीश-मोदी के काम पर : ललन सर्राफ

पटना। जदयू के विधानपार्षद सह प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री ललन सर्राफ ने शिवहर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार श्रीमती लवली आनंद के समर्थन में रीगा विधानसभा के बैरगनिया बाजार में व्यवसायी समाज के साथ बड़ी बैठक की। बैरगनिया व्यवसायी संघ द्वारा आयोजित इस बैठक में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ विधायक श्री मोतीलाल प्रसाद, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 अमरदीप, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य श्री मुकेश जैन, पिछड़ा वर्ग आयोग की पूर्व सदस्य श्रीमती कंचन गुप्ता, बैरगनिया व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष श्री दामोदर गाडिया, जदयू के वरीय नेता श्री अरविन्द निराला सिन्दूरिया, श्री नगीना चैरसिया, श्री गणेश कानू, श्री संजय मोदी, श्री मिथलेश कुमार, श्री गणेश भगत, श्री सुजित पाठक, श्री दिनेश गुप्ता, श्री इबरारुल हक, श्री बिनोद साह, श्री अरुण साह, श्री बिनोद गुप्ता, श्री शिवशंकर प्रसाद कसेरा, श्री सुबोध सेकसरिया, श्री अमित अग्रवाल, श्री राजेश साह, श्री भोला स्वर्णकार, श्री भगवान स्वर्णकार, श्री जयप्रकाश निराला, श्रीमती कामिनी देवी, श्री रामाशीष राय, श्री आदित्यजी, श्री अशोक चैधरी, श्री सीताराम पंडित, श्री रिशु कुमार, श्री रोहन कुमार, श्री आशीष झा, श्री कुणाल गौरव आदि मौजूद रहे। इस मौके पर श्री ललन सर्राफ ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में वैश्य समाज का एक-एक मत विकास के नाम पर और नीतीश-मोदी के काम पर जाएगा। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के 18 वर्ष और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों का कार्यकाल कारोबारी समाज के लिए स्वर्णिम काल रहा है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, गुरुवार, 23 मई, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

प्रखंड कार्यालय परिसर में जल जमाव से लोगों को हो रही है परेशानी

संग्रामपुर (मुंगेर)। मंगलवार की मध्य रात्रि से हो रही मूसलाधार बारिश से प्रखंड कार्यालय परिसर तालाब में तब्दील हो गया है ' जल निकासी का कोई साधन नहीं होने के कारण घुटनों तक पानी का जमाव हो जाने से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ' प्रखंड कार्यालय परिसर में जल जमाव एवं कीचड़मय हो जाने से कार्यालय कार्य से पहुंचने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ' आश्चर्य की बात है कि विकास का कार्य करने वाले प्रखंड कार्यालय ही जलजमाव से ग्रसित है प्रखंड कार्यालय में जल निकासी का कोई साधन नहीं रहने से जलजमाव की स्थिति बनी रहती है ' वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत संग्रामपुर के वार्ड नं 9 में भी जल निकासी का कोई साधन नहीं रहने से खेतों में लगी सब्जी की फसल जैसे कद्दू, नेनुआ, करेला खीरा तथा परवल सब्जियां जल जमाव में सड़ने लगे हो गया ' खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले किसान अजय राजक, बिनोद मंडल, रुदल यादव, ब्रह्मदेव यादव सहित अनेकों किसान बरबाद हुए फसल को देख कर काफी मायूस और निराश देखे गए ' उनके द्वारा लगाई गई जमा पूंजी और मेहनत बेकार चली गई।

प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ यज्ञ का समापन

संग्रामपुर (मुंगेर)।श्री श्री 108 सार्वजनिक हनुमान मंदिर संग्रामपुर हाट हनुमान मंदिर को दुल्हन की तरह सजा कर सीता-राम, राधे-कृष्ण एवं ब्रह्मा जी की भव्य प्रतिमा स्थापित कर 48 घंटे का यज्ञ की शुरुआत से हाट बाजार भक्तिमय हो गया। मंगलवार को यज्ञ का समापन पर प्रतिमा का विसर्जन सैंकड़ों महिला-पुरुष रंग-गुलाल एवं ढोल-बाजे के साथ सारा हाट से होते हुए बाजार, अस्पताल चौक, अम्बेडकर चौक का भ्रमण करते हुए मौनी महादेव मंदिर स्थित ब्रिटिश कालीन तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

चौड़ीकरण सड़क मार्ग में कीचड़ की भरमार, फस रहे हैं गाड़ी

बरियारपुर (मुंगेर) प्रखंड के अंतर्गत किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण मार्ग में गांधीपुर के समीप से मुंगेर जाने वाली मार्ग में पिछली रात हुई वर्षा के कारण सड़क के किनारे कीचड़ की भरमार हो गई है जिस कारण इस कीचड़ में छोटे बड़े सभी वहां फस रहे हैं उन गाड़ियों का पहिया स्लिप कर जा रहा है जिस कारण गाड़ियों की लंबी कटारे 1 किलोमीटर तक लग जा रही है राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण करने वाले संवेदक ने मुंगेर दिशा से सड़क को चौड़ी करने के लिए सड़क के आधे भाग को चौड़ा करते हुए गांधीपुर तक पहुंच गई है आधे भाग को वाहनों के आवागमन के लिए छोड़ दिया गया है और उसमें उजला बालू भर दिया गया है जिसमें मिट्टी का अंश भी आता है इसे अच्छी तरह से समतल नहीं किया गया है उस छोड़े गए आधे सड़क मार्ग पर एक ही गाड़ी का चलना संभव हो पता है क्योंकि सड़क मार्ग संकीर्ण हो चुका है उसे संकीर्ण मार्ग में पिछली रात हुई वर्षा से काफी कीचड़ बन गया है और एक गाड़ी के फंसते ही पीछे की सभी गाड़ियां लंबी कतार में खड़ी हो जाती है जिस कारण यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अखंड राम धुन के पूर्व निकाली जाएगी कलश शोभा यात्रा

बरियारपुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र के खड़िया गांव में 48 घंटे का श्री श्री 108 संगीतमय अखंड राम धुन का आयोजन किया जा रहा है इस संबंध में मुखिया संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुखिया संजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी काली स्थान खड़िया में 23 मई से 25 मई तक संगीतमय अखंड राम धुन का आयोजित होंगे अखंड राम धुन के पूर्व 23 मई को सैंकड़ो महिलाओं के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो अखंड राम धुन का आकर्षक रहेगा संगीतमय रामधुन का दर्शक आनंद उठाएंगे।

बिजली चोरी की घटना को लेकर थाना में हुई प्राथमिकी दर्ज

नवगछिया (भागलपुर) । बिहपुर परिक्षेत्र के विद्युत कनीय अभियंता रवि शंकर कुमार ने बिहपुर थाना में आवेदन देकर बिजली चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। अभियंता के लिखित आवेदन में लतीपुर के अशोक साह पिता प्रभु साह को अभियुक्त बनाते हुए लिखा है कि विद्युत उपभोक्ता अशोक साह द्वारा चोरी छिपे टोका फंसाकर बिजली चोरी करने की सूचना पर छापेमारी की गई। मामले के जांच क्रम में सूचना की सत्यता पाए जाने पर एक लाख 84 हजार 834 रुपये की राजस्व क्षति बताते हुए कांड दर्ज कराया है।

श्रावणी मेला आयोजन पूर्व तैयारी को लेकर हुई बैठक : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की मौजूदगी में श्रावणी मेला 2024 के आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक सम्पन्न हुई। वही बैठक के क्रम में सामान्य शाखा के प्रभारी वरीय उप समाहर्ता मिथिलेश प्रसाद ने बताया कि आगामी 22 जुलाई 2024 से 19 अगस्त 2024 तक श्रावणी मेला चलेगा। इस दौरान जहाज घाट पर श्रावणी मेला का उद्घाटन कार्यक्रम का विधिवत रूप से संबंधित स्थिति द्वारा किया जाता रहा है। इस दौरान प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है और संध्या 6:00 बजे गंगा आरती का भी बड़े पैमाने पर होती है। इस दौरान कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एसडीओ सदर धनंजय कुमार ने बताया कि भागलपुर जिले में लगभग 14 किलोमीटर दूरी तक कांवरिया पथ अपने अधीन दायरा पड़ता है। f

जसमें करीब 1 किलोमीटर दूरी में मुख्य सड़क है। तो वही सीढ़ी घाट अस्थाई घाट रहा है, जहां बांस बल्ला से बैरिकेडिंग की जाती है, इस दौरान जहाज घाट स्थाई घाट के रूप में है। जहां पीएचईडी विभाग के द्वारा आगन्तु श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम बनाया जाता है, साथ ही शौचालय एवं पानी की व्यवस्था की जाती है। वही धांधी बेलारी में करीब दो हजार कांवरियों के लिए एवं कांवरिया पथ में 6 से 7 जगह 3-3 सौ कांवरियों का ठहराव स्थल है जहां बड़ा पंडाल का निर्माण कर कावड़ियों के ठहराव स्थल के रूप में बनाया जाता है। इस मेला के क्रम में प्रत्येक शनिवार व सोमवार को 70 से 80 हजार कावड़ियों व श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती हैं। जबकि अन्य दिनों में 40 से 50 हजार श्रद्धालु अपने मनोकामना पूर्ति को लेकर आते रहते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रद्धालु तारापुर- मुंगेर पथ से मुंगेर सदर की ओर से एवं भागलपुर की ओर से आते हैं, जिसके लिए ट्रैफिक प्लान तैयारी के साथ बनाया जाता है। वही आगन्तुक श्रद्धालुओं के लिए क्षेत्र के प्रत्येक 2 किलोमीटर दूरी पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाया जाता है।

जिसे लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि मेला आयोजन के साथ आगन्तु श्रद्धालुओं के भीड़ नियंत्रण के लिए कार्य योजना बनानी होगी। हाई मास्टर लाइट के समीप सीसीटीवी कैमरा लगानी होगी, पार्किंग व श्रद्धालुओं के ठहराव स्थल के लिए रेलवे की जमीन लीज पर लेनी होगी। इसके लिए एक पोर्टल या ऐप विकसित करना होगा, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं की सूचना पूर्व में ही उपलब्ध हो सके। साथ ही मेला के दौरान कांवरिया पथ पर सफाई की व्यवस्था के तहत उक्त मार्ग पर तीन-तीन घंटे पर करनी सुनिश्चित होगी। साथ ही इस दौरान यूरिनल की भी सफाई निरंतर करनी सुनिश्चित होगी। इसके लिए जगह जगह पर्याप्त संख्या में डस्टबिन को भी रखना सुनिश्चित होगा। वही इसके लिए स्थानीय नगर परिषद द्वारा स्थल चिन्हित कर लिया जाय। वही कांवड़ियों के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विद्युत विभाग को बिजली के झूलते हुए तार को ठीक करने हेतु मरम्मत कार्य करना सुनिश्चित होगा। साथ ही पीएचईडी विभाग अपने सभी कुल 242 चपकालों को मरमत किये जाने के साथ चालू हालत में रखेंगे। वही आपदा प्रबंधन के तहत बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा घाटों की बेरिकेटिंग अच्छी तरह से करवा लेंगे, साथ ही संबंधित घाटों पर गोताखोर व मानवीय बल की प्रयाप्त संख्या में व्यवस्था रखेंगे।

वही कार्यपालक अभियंता एनएच को अल्टीमेटम देते हुए आगामी 30 जून तक भागलपुर-सुल्तानगंज पथ को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। मेला आयोजन के पूर्व एक हजार पुलिस बल के ठहराव के लिए अस्थाई ठहराव स्थल को मिट्टी और राविस से ऊंचा कर के बनवाने के भी निर्देश दिए गए है, साथ ही महिला पुलिस बल के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी। साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग बांका को कच्ची कांवरिया पथ पर बालू के साथ-साथ पानी के छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित रखने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही मेला क्षेत्र में बालश्रम को रोकने के लिए श्रम अधीक्षक भागलपुर को मेला अवधि के दौरान धावा दल के लगातार क्षेत्र परिभ्रमण के साथ निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बताया गया कि श्रावणी मेला में पंडा लोगों का पंजीकरण नगर परिषद सुल्तानगंज के द्वारा किया जाता है। इस दौरान आसपास में लगने वाले दुकानों व दुकानदारों का भी पंजीकरण आवश्यक है। वही इसके अतिरिक्त खाद्य सामग्री का प्रतिदिन जांच की जाती है। जिसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा उपयुक्त खाद्य पदार्थों के लिए शुल्क दर भी निर्धारित की जाती है।

वही मेला आयोजन के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा कृष्णगढ़ एवं धांधी बेलारी में विभागीय प्रदर्शनी तथा कृष्णगढ़, सीढ़ी घाट, जहाज घाट, प्रखंड कार्यालय परिसर सुल्तानगंज एवं धांधी बेलारी में सूचना केंद्र का संचालन किया जाता है। साथ ही कावंरियो पथ एवं मेला क्षेत्र में अस्थाई होर्डिंग संस्थापक एवं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कराया जाता है। उक्त जानकारी स्टेशन मास्टर सुल्तानगंज रेलवे ने बताया कि निर्माण कार्य चलने के कारण स्टेशन का निकास द्वार थोड़ा सा संकरा हो गया है। जिसके लिए जिलाधिकारी में इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी की व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए है। साथ ही जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपने विभागीय कार्य के मद्देनजर कार्य योजना बना लेने तथा अपने विभाग से इसकी स्वीकृति प्राप्त कर लेने के निर्देश दिए गए है, साथ ही कार्य योजना के साथ अगली बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इस मौके पर नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, अपर समाहर्ता अजय कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक, जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता के अलावा सभी विभागों के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

लोक अदालत की सफलता को लेकर सचिव ने की बैठक, बैंक पदाधिकारी को दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार दिनांक 13 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर दिनांक 22 मई 2024 को मुक्तेश मनोहर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर की अध्यक्षता में एलडीएम लीड बैंक ग्रामीण बैंक भारतीय स्टेट बैंक यूको बैंक पंजाब नेशनल बैंक केनरा बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इंडियन बैंक यूनियन बैंक बैंक ऑफ इंडिया ओवरसीज बैंक कोऑपरेटिव बैंक पंजाब एंड सिंध बैंक बंधन बैंक साहित्य उत्कर्ष बैंक के शाखा प्रबंधकों के साथ एडीआर भवन मुंगेर के सभा कक्ष में बैठकें कि गई। बैठक में सभी बैंक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे अधिक से अधिक सुलहनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित करें। उक्त पहचान किए गए वादों में ससमय नोटिस निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को वादों की सुनिश्चित निष्पादन के लिए पक्षकारों के साथ रि-सिटिंग बातचीत करना सुनिश्चित करें। जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में वादों का निष्पादन हो सके। डालसा सचिव के द्वारा बैंक अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया की बैंक लोन के मामलों में आम जनता को नियमानुसार अधिक से अधिक रियायत दी जाए । जिससे आम जनता लोक अदालत में लंबित सुलहनीय वादों का समझौता के माध्यम से निष्पादन के लिये प्रेरित होकर अधिक संख्या में लोक अदालत में पहुंचे।

एनडीए प्रत्याशी 2 लाख से अधिक मतों से विजई होंगे : सत्यजीत प्रकाश

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर । लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह 2 लाख से अधिक मतों से विजय होंगें ये बातें जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के प्रदेश सचिव सत्यजीत प्रकाश ने एक बयान में कहा है। उन्होंने कहा कि विरोधी पार्टी राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता देवी की पराजित सुनिश्चित है। राजेश प्रत्याशी आपनी पराजय के डर से वे अनाप-शनाप वयान दें रही है।

मुख्यमंत्री को धृतराष्ट्र कहना उनकी मानसिक संतुलन संभवतः बिगड़ गया है। जदयू के प्रदेश सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री और मुंगेर सांसद ललन सिंह ने मुंगेर की विकास की एक ऐतिहासिक लंबी लकीर खींची है। जो कि मुंगेर में विकास की गंगा वह रही है। उन्होंने कहा कि, चाहे बिजली का क्षेत्र हो चाहे सड़क शिक्षा का क्षेत्र हो किसान के लिए सिंचाई का साधन हो छात्र-छात्राओं के लिए मुंगेर एक शिक्षा का हव बन चुका है। सभी क्षेत्रों में मुंगेर ने विकास का प्रचम फैलाया है । उन्होंने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थापना इंजीनियरिंग कॉलेज पॉलिटेक्निक कॉलेज बिहार में पहली वानिकी कॉलेज मुख्यमंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज की शिलान्यास करना और हॉस्पिटल का विस्तारीकरण भी किया गया।

सांसद ने मुंगेर में विकास को आगे बढ़ने का काम किया है विरोधी को मुंगेर के विकास से कोई लेना-देना नहीं है । उनकी सोच जंगल और भ्रष्टाचार राज्य बनाने में योगदान करने का रहा है। जदयू सांसद ने मुंगेर को आगे ले जाने का काम किए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिगड़ा हुआ बिहार को एक प्रगति के बिहार बनाने के लिए दिन रात काम करते रह रहे हैं आज बिहार का नाम पूरे विश्व में जाना जाता है । इन्होंने बिगड़ा हुआ बिहर को संभालने का काम किया है। एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह मुख्यमंत्री के साथ विकास में सहयोग करने का काम किए हैं ।

सत्ता में बैठे लोग अगर धृतराष्ट्र होंगे तो महाभारत होना तय है : पप्पू

सपाइयों की अपील जनमत के लुटेरे से लोकतंत्र को बचाने सड़क पर उतरे जनता

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। सारण व मुंगेर जैसी घटना पर चुनाव आयोग एवं बिहार सरकार की खामोशी एवं अकर्मण्यता से भड़के मुंगेर जिला समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं की एक आवश्यक बैठक पार्टी की अस्थायी कार्यालय बेलन बाजार में की गई। इस की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने की। इस बैठक में उपस्थित सपाईयों ने चुनाव आयोग एवं सरकार के कार्य प्रणाली पर जमकर भड़ास निकालते हुए जनमत की रक्षा के लिए किसान मजदूर छात्र नौजवान व आम अवाम से सड़क पर उतरने की अपील की।

बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान सारण और मुंगेर में हुई घटना इस बात का प्रमाण है कि अगर सत्ता में बैठे लोग धृतराष्ट्र हो जाएंगे तो महाभारत होना तय है। उन्होंने आगे कहा कि सत्ता जाने के संकेत मात्र से बौखलाई और उत्तेजित भाजपा देश को जातीय दंगों में झोंकने की तैयारी कर रही है जनता इसका माकुल जवाब देने के लिए सड़क पर उतरे। वही पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने कहा कि स्थानीय शासन प्रशासन और चुनाव आयोग की एक तरफा कार्रवाई से जनता आक्रोशित है ऐसी परिस्थितियों में न्यायालय को आगे आना होगा तभी जनमत और जनता की रक्षा हो सकेगी । बैठक को उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव मिथिलेश यादव प्रवक्ता गणेश पोद्दार मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम ने भी संबोधित करते हुए चुनाव आयोग पर जम कर भड़ास निकाली बैठक में महासचिव अशोक भारत वरिष्ठ नेता सुरेश यादव डॉ सुधीर गुप्ता माथुरी यादव कृष्णा आजाद मनोज क्रांति कुमार प्रभाकर गौरव यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे ।

विधि के तहत निर्वाचन की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। राजनीति सरगर्मी के बीच जिला विधिक संघ का निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति के साथ ही आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना का कार्य सम्पन्न हो गया है। वही निर्वाचन के दौरान हुई विधि चुनाव का परिणाम निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा घोषित कर दिया गया है। इस निर्वाचन मतगणना के दौर में परिणाम के साथ महासचिव पद के प्रत्याशी अंजनी कुमार दूबे विजयी रहे तो वही अध्यक्ष पद के लिए वीरेश कुमार मिश्रा ने बाजी मारी है। आपको बता दें कि बीते दो दिनों इस निर्वाचन प्रक्रिया के दौर में भारी गहमागहमी रही थी, इन सबके बीच निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतपत्रों की छंटनी के बाद आज कुल आठ राउंड के मतगणना के बाद दावेदारी के दौर में खड़े प्रत्याशी के बीच बहुत ही सुखद परिणाम निकल कर सामने आया है। वही निर्वाचन परिणाम निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा घोषित किए जाने के साथ महासचिव पद के दावेदार अधिवक्ता अंजनी कुमार दूबे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार सिंह को कुल 236 मतों से पराजित किया है, तो वहीं अध्यक्ष पद पर दावेदारी के उम्मीदवार रहे अधिवक्ता वीरेश कुमार मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अधिवक्ता मुक्ति प्रसाद सिंह को कुल 276 मतों से पीछे छोड़ दिया आगे निकल गए हैं। वही बात करें अगर कुल मतों के आंकड़ों की तो महासचिव पद के अधिवक्ता अंजनी कुमार दूबे को कुल 689 मत प्राप्त हुए तो वही नवनियुक्त अध्यक्ष ने अपनी झोली में कुल 875 वोट समेट कर अपनी जीत का खिताब हासिल कर आगे रहे है। वही दूसरी तरफ चुनाव परिणाम घोषणा के बाद निवार्ची पदाधिकारी मो. शमसुद्दीन ने बताया कि कुल 10 पदों पर हुए चुनाव में कुल 114 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपने भाग्य आजमा रहे थे। जिसमें आठ राउंड चली मतगणना के बाद अध्यक्ष व महासचिव पद का परिणाम आज घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव की सारी प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न रही हैं, जिसके लिए उनकी तीन सदस्यीय टीम ने बेहतर प्रयास किया हैं। वहीं जीत के बाद अध्यक्ष व महासचिव निर्वाचित घोषित हुए दोनों अधिवक्ता के समर्थन में विधिक सेवा के अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाई खिला कर जीत की बधाई दी। इस दौरान प्रत्याशी के समर्थकों में काफी उत्साह भी देखने को मिला था। वही चुनाव में जीत हासिल करने के बाद मीडिया प्रतिनिधि को संबोधित करते हुए विजयी हुए उम्मीदवारों ने बताया कि यह जीत हमारी नही बल्कि सभी अधिवक्ताओं की जीत हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह अधिवक्ताओं की हित के लिए जो अधूरे कार्य है उनको पूरा करेंगे।

महिला अपने दो बेटी व माँ को संग न्याय की गुहार ले वरीय अधिकारी के दफ्तर का काट रही चक्कर

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले भर में आए दिन परिवारिक विवाद को लेकर पुलिसिंग कार्रवाई की स्थील कार्य सवैया को देखते हुए भागलपुर रेंज डीआईजी कार्यालय प्रांगण में न्याय की गुहार ले पीड़ित का तांता लगा प्रत्यक्ष रूप में देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में अपने और अपने बच्चों की जान माल की रक्षा की गुहार लगाने पहुँची दिखी जहां पीड़ित महिला ने डीआईजी के समक्ष अपनी व्यथा सुनने के साथ ही अपने ही पति व ससुराल पक्ष के लोगों से जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला बांका जिले की रहने वाली बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि पीड़िता अपने दो बच्चे के साथ अपने मायके के द्वारा दिये सहयोग से जीविकोपार्जन को लेकर बड़ी मुश्किल से चल रहा है। दरअसल पीड़ित महिला के साथ उसके ही पति के द्वारा शराब पीकर आए दिन मारपीट करने के साथ पैसे की डिमांड करता है, जब उसकी डिमांड पूरी नही होती हैं तो अपने ही दो मासूम बच्चों को भी मारपीट करता रहता है। वही पीड़ित महिला ने बताया कि अपनी 9 साल की बेटी को जान से मारने की नियत से करंट लगा कर मारने की कोशिश की इस दौरान करेंट वायर से बच्ची के हाथ को भी जला दिया है। वही पीड़ित महिला ने बताया कि मेरी शादी बांका जिला अंतर्गत बौसी थाना क्षेत्र अंतर्गत असनाहा गांव के डब्लू शर्मा के साथ पूरे हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मसुदनबाबा मंदिर में प्रांगण में सपरिवार की मौजूदगी में साल मई माह 2014 में हुई थी। जिनसे मुझे दो पुत्री भी है, जिसमें एक बेटी 9 वर्ष की तो दूसरी बेटी 6 वर्ष की है। वही मेरे पति मुंबई में पोपलेन चलाते हैं, हालही के दिनों में वह अपने घर वापस लौट कर मुंबई से आया था। उनकी गतिविधियों से साफ व्यक्त होता दिख रहा है कि अब में और मेरी बेटी पति डब्लू को पसंद नहीं हूं, वे हमेशा मुझे मरते पीटते रहते हैं और बच्चों को भी अछूता नहीं छोड़ा है। यहां तक कि बड़ी पुत्री को करंट भी लगा दिया और उसकी बेहरहमी से पिटाई भी की है, हमेशा वे पैसे की डिमांड करते रहते हैं। वहीं पीड़ित महिला की मा ने बताया कि मेरे दामाद शराबी हैं, वे कहता हैं कि मैं तुम्हारी बेटी को नहीं चाहता मैं तुम्हीं से शादी करुंगा। वहीं वह कहती है कि मेरे दामाद द्वारा उसके हाथ में जो समान मिल जाता है वह उसी से मेरी बेटी की बेहरहमी से उसकी पिटाई शुरू कर देता है। वही मामले को लेकर बौसी थाना के पदाधिकारी को कहने पर कोई कार्रवाई नही की जाती हैं, ऐसे में दोनों मां व बेटी अपने दो बच्चों को साथ लेकर भागलपुर डीआईजी से मिलने पहुंची और न्याय की गुहार लगाई है। वही अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस पीड़ित महिला के साथ न्याय दिलाने की दिशा में पुलिस की क्या रणनीति रहती हैं ये सवाल खड़े होकर आसपास के क्षेत्र इलाके में चर्चा का विषय बना दिख रहा है।

नवविवाहिता का शव एक खपरैल घर के अंदर पुलिस ने किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला के भवानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोजूटोल गांव इलाके में एक 20 बर्षीय नवविवाहिता का खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नवविवाहित के खुदकुशी की सुचना पर पहुंचे मृतिका के परिजन मधेपुरा जिले के चौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर टोला के पुरण शर्मा की बेटी भवानी कुमारी बताया जा रहा है। वही इस घटना से आहत माता रौशनी देवी, बहन प्रियंका, ज्योति भाई छोटु, अजीत के साथ अन्य परिजन भोजूटोल गांव स्थित मृतिका के ससुराल पहुंचे थे। जहां उन्होंने त्वरित घटना की जानकारी स्थानीय भवानीपुर थाना पुलिस को दी। वही घटना को लेकर परिजनों ने बताया की मृतिका पुत्री भवानी की शादी विगत 26 जनवरी 2023 को स्थानीय नारायणपुर के भोजूटोल गॉव में ग्रामीण मधुसूदन शर्मा के पुत्र विभिषण कुमार से हिन्दु रिति रिवाज के तहत उपहार स्वरूप साढे चार लाख रुपए नगदी, जेवरात सहित अन्य समान देकर शादी कर विदाई दी गई थी।

वही शादी के बाद छह माह तक सब कुछ ठीक-ठाक चला उसके बाद बेटी भवानी के साथ स्कार्पियो खरिदने के लिए पति विभिषण शर्मा समेत सास सकीला देवी, ससूर मधुसूदन शर्मा, ननद नेहा कुमारी, देवर आर्यन कुमार, लक्ष्मण कुमार, रमण कुमार, जेठ सुशील कुमार के द्वारा प्रताड़ित कर मायके से मोटी रकम लाने के लिए दवाब बनाकर गाली-गलौज व मारपीट किया जाने लगा था।वही मामले को लेकर विगत सोमवार की देर शाम परिजन भोजूटोल स्थित बेटी के ससुराल में रह कर सभी सदस्यों को समझा बुझाकर सुबह चले गए थे। वही अचानक विगत दिन की दोपहर बाद दहेज लोभियों ने बेटी हत्या कर शव गायब करने के मनसा की सुचना मिलने पर परिजन द्वारा स्थानीय थाना पुलिस को सुचना देते हुए भोजूटोल गांव पहुंचे थे। वही घटना को लेकर भवानीपुर थाना के थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार, पुनि पप्पु कुमार महिला पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पहुंच घटना की छानबीन के दौरान मृतिका के ससुराल मकान के पीछे गली में एक खपरैल नुमा घर अंदर नीचे शव को पाया गया था। वही पुलिस शव के पंचनामा जांच के क्रम में मृतिका के गले में फंदे का निशान पाया गया है। उक्त घटना को लेकर पुलिस आवश्यक कार्रवाई के साथ घटना की छानबीन में जुट गई है। वही पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर देर शाम पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल नवगछिया भेजा दिया गया था। वही दूसरी तरफ घटना को लेकर लोग तरह तरह के चर्चा कर रहे थे। वही इधर मायके से पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

पुलिस ने मोटरसाइकिल गैरेज में दी दबिश

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों पुलिस जिला क्षेत्र इलाके में वाहन चोरी की घटना को लेकर लगातार सूचना सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में विगत 20 मई को खरीक थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि खरीक थानांतर्गत काजी कोरैया चौक स्थित अनाबिया मोटर साइकिल गैरेज में चोरी की मोटरसाइकिल की खरीद बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से किया जाता है। उक्त सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुनि नरेश कुमार के निर्देश पर परिपुअनि अमित कुमार एवं परिपुअनि सौरभ कुमार सशस्त्र बल के साथ अनाबिया मोटरसाइकिल गैरेज के पास दबिश में पहुंचे। जहां पुलिस को देखते ही अचानक गैरेज से निकलकर दो व्यक्ति भागने लगे। जिसे देखते ही पुलिस टीम ने त्वरित दोनों युवक को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। इस दौरान पुलिस पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपनी पहचान बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिल्की गांव के मो. जुनैद साह पिता मो. जावेद अख्तर बताया गया था तो वही मौके से भागने वाले व्यक्ति खरीक थाना क्षेत्र के जमालदीपुर के मो. साजन पिता मो. आलिम बताया गया है। वही पुलिस टीम द्वारा गैरेज की तलासी के क्रम में चोरी की दो मोटरसाइकिल, चार इंजन, पांच नम्बर प्लेट, दो आधार कार्ड, चार वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासबुक सहित अन्य कई छोटे छोटे उपकरण व मोटरसाइकिल पार्ट्स बरामद किया गया है। वही गिरफ्तार अभियुक्त मो. जुनैद ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि इनके सहयोगी मो. साजन नई नई मोटरसाइकिल लाकर देते थे, और मो. साजन के बताए अनुसार उक्त मोटरसाइकिल के पार्ट्स, इंजन, चेचिस नम्बर बदलकर अच्छा खासा रकम कमा लेते थे। वही गिरफ्तार अभियुक्त मो. साजन पूर्व में भी मोटरसाइकिल चोरी मामले में नवगछिया थाना पुलिस द्वारा जेल भेजा चुका है। वही पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार मो. जुनैद की निशानदेही पर एक मोटरसाइकिल इंजन नम्बर बरामद किया गया है।

भीषण सड़क हादसे में आधे दर्जन यात्री हुए घायल : ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले भर में सड़क दुर्घटनाओं का दौर लगातार जारी, आलम यह है कि इन हादसों की होड़ में लोगों के मौत का आंकड़ा इस कदर बढ़ता दिख रहा है कि लोगों को डराने लगा है, लेकिन वाहन चालकों की तेज रफ्तार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा जिससे सड़कों पर लगातर वाहन के तेज रफ्तार के बीच टक्कर होने से लोगों की मौत की खबर आए दिन सामने आ रही है। इसी कड़ी में एक और सड़क दुघर्टना घटित होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस जिला नवगछिया अंतर्गत भवानीपुर थाना क्षेत्र के एनएच 31 स्थित भगवान पेट्रोल पंप के बेलगाम हाईवा और बस के बीच जबरदस्त सीधी टक्कर हो गई है। इस भीषण सड़क दुर्घटना में करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं तो वही चालक और खलासी की हालत गंभीर बतायी जा रही है। वही स्थानीय लोगों व राहगीरों ने सभी घायलों को त्वरित इलाज हेतू आनन फानन में पुलिस की मदद से नारायणपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा सभी घायलों की हालत की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक द्वारा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही घटना को लेकर स्थानीय लोगों के मुताबिक बताया गया है कि यात्रियों से भरी बस खगड़िया से नवगछिया की तरफ आ रही थी, वही दूसरी ओर विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में हाईवा ट्रक भी अपने गंतव्य स्थान पर जा रही थी। तभी इस दौरान पेट्रोल पंप के समीप मोड़ के पास हाइवा ट्रक चालक का अचानक संतुलन बिगड़ा और दोनों वाहन के बीच आपस में जबरदस्त सीधी टक्कर हो गई है। वही हादसे के दृश्य को देखकर किसी फिल्मी सीन की तरह बस सड़क मार्ग से दूर खाई में जा पलटी थी। वही गनीमत रही की बस में सवार ज्यादा लोग घायलों में शामिल नहीं थे। इस दुर्घटना की सूचना के साथ ही लखीसराय के चालक मनोज के परिजन नवगछिया पहुंचे। जबकि वही उपचालक अमित के परिजन भी पहुंचकर दोनों घायल को बेहतर उपचार के लिए फिलहाल मायागंज अस्पताल पहुंचे हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में एकत्रित हो गए थे, वही ग्रामीणों की सूचना पर भवानीपुर थाने की पुलिस भी फौरन घटना स्थल पर पहुंच सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से बस के भीतर से निकाल कर त्वरित इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही घटना को लेकर भवानीपुर थाना के थानाध्यक्ष महेश कुमार के अनुसार हादसे में 5-6 लोगों को गम्भीर चोटे आई है, फिलहाल चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। तो वही दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में लेते हुए घटना की जांच में जुट गई है।

संक्षिप्त समाचार

शाबाश... तेलंगाना के मजदूर की बेटी ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

पैरा एथलेटिक्स में हासिल किया पहला मुकाम

नईदिल्ली (एजेंसी)। एक प्रेरणादायक उपलब्धि में, तेलंगाना के वारंगल के दिहाड़ी मजदूरों की बेटी दीप्ति जीवनजी ने जापान में

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 वर्ग दौड़ में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने 2023 में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की ब्रेन्ना क्लार्क द्वारा बनाए गए 55.12 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 20 वर्षीया की उपलब्धि असाधारण है, क्योंकि एक वंचित परिवार से आते हुए, उसने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए सभी बाधाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी। अभी कुछ साल पहले, जीवनजी प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद जाने के लिए बस का टिकट भी नहीं खरीद सकते थे। दीप्ति जीवनजी ने दौड़ की मजबूत शुरुआत की और पहले 200 मीटर में आगे रहीं। हालांकि क्लार्क अंत तक पहुंच गए, लेकिन दीप्ति ने आखिरी पांच मीटर में जीत हासिल करने के लिए अंतिम धक्का लगाया।

तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे और इक्काडोर की लिजानशेला एंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 वर्गीकरण बौद्धिक रूप से अक्षम एथलीटों के लिए है। दीप्ति की एथलेटिक यात्रा को कोच पुलेला गोपीचंद द्वारा संचालित एक एथलेटिक्स प्रतिभा खोज कार्यक्रम, गोपीचंद-माइत्रा फाउंडेशन द्वारा भी समर्थन दिया गया था। पिछले कुछ सालों में उन्होंने कई राष्ट्रीय स्तर के पदक जीते हैं।

भारतीय लड़कियों ने यूरोप दौरे का किया विजयी आगाज

ब्रेडा (नीदरलैंड) (एजेंसी)। हिना बानो और कनिका सिवाज के तेज तरक गोल की बदौलत भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नीदरलैंड के ब्रेडा में नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज करने के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर के जरिए मौके मिलने के बावजूद पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। इसी तरह, भारत दूसरे क्वार्टर में भी अपने तीन पेनल्टी कॉर्नर में से किसी को भी गोल में बदलने में असमर्थ रहा। आखिरकार तीसरे क्वार्टर में गतिरोध टूटा, जब भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर पर हिना बानो ने गोल किया जिससे स्कोर 1-0 हो गया। ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश ने आक्रामक रूप से बराबरी का प्रयास किया, लेकिन तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद मेजबान टीम किसी को भी गोल में तब्दील नहीं कर सकी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में कनिका सिवाच ने नेट पर गोल करके भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। भारतीय रक्षात्मक इकाई ने मैच के अंतिम कुछ मिनटों में अपनी क्लीन शीट बनाए रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया और जीत सुनिश्चित की। भारतीय जूनियर महिला टीम अपना अगला मैच 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

गेंदबाजों के बाद कोरी और हरमीत की तूफानी बल्लेबाजी

अमेरिका ने टी20 मैच में बंगलादेश को हराया

ह्यूस्टन (एजेंसी)। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कोरी एंडरसन (34) और हरमीत सिंह (33) की नाबाद तूफानी बल्लेबाजी के दम पर अमेरिका ने टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

टी-20 विश्वकप से पहले अमेरिकी टीम को मंगलवार देर रात तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में ऐतिहासिक जीत मिली है। अमेरिका की जीत के हीरो हरमीत सिंह ने 13 गेंदों पर 33 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ही कप्तान मोनंक पटेल (12) का विकेट रनआउट के रूप में गवां दिया। उसके बाद नौवें ओवर में ऐंड्रियस गौस 18 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में स्टीवन टेलर (20) रन बना कर आउट हुए।

ऐरन जोंस (4) और नीतिश कुमार (10) रन बनाकर आउट हुए। 94के स्कोर पर पांच

विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी अमेरिका की टीम को कोरी एंडरसन और हरमीत सिंह ने संभाला। एंडरसन ने 25 गेंदों में नाबाद (34) और हरमती ने 13 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (33) रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 156 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट से ऐतिहासिक जीत दिला दी। बंगलादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने दो विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की लिटन कुमार दास और सौम्य सरकार की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 34 रन जोड़े। पांचवें ओवर में जसदीप ने लिटन को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। छठें ओवर में सौम्य सरकार भी चलते बने। उन्हें स्टीवन टेलर ने आउट किया। तौहिद ह्रिदोय की ने 47 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (58) रनों की पारी खेली।

महमुदुल्लाह ने (31), सौम्य सरकार (20) लिटन दास ने (14) रन बनाकर आउट हुए। अमेरिका के लिए स्टीवन टेलर ने दो विकेट चटकाए। वहीं सौरभ, अली और जेस्सी को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दोनों टीमों के बीच श्रृंखला का दूसरा मैच गुरुवार को ह्यूस्टन में खेला जाएगा।

कंगाल पाकिस्तान में आटा तक नहीं खरीद पा रहे लोग

बेशर्म क्रिकेटर आजम खान नोट से पोछ रहा पसीना

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज आजम खान विवाद में फंस गए जब सोशल मीडिया मंचों पर उन्हें अमेरिकी डॉलर से भौंहों से पसीना साफ करते हुए देखा गया। इस वीडियो में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और कुछ अन्य खिलाड़ी भी दिख रहे हैं। पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसक देश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए आजम और अन्य खिलाड़ियों की उनकी असंवेदनशीलता के लिए आलोचना कर रहे हैं।

वीडियो में बाबर हंसते हुए आजम से पूछते हैं, क्या हुआ अब्बा? आजम इसका जवाब देते हुए कहते हैं, बहुत गर्मी है। इस दौरान आजम अपने हाथ में पकड़े डॉलर के नोट से पसीना भी साफ करते हैं जिससे टीम के उनके साथ हंसने लगते हैं। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, ''पाकिस्तान के खेल इतिहास में कुछ लोगों को छोड़कर, किसी के पास किसी भी तरह का करिश्मा और प्रभाव नहीं है, एक युवा बच्चे के लिए आकांक्षा करने के लिए कुछ भी नहीं है। मौजूदा लोग बस निराशाजनक हैं।'

एक अन्य यूजर ने शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, इसलिए हम हमेशा कहते रहते हैं कि बुनियादी शिक्षा जरूरी है, ये लोग दुनिया भर में घूमते हैं, लेकिन बुनियादी मानवीय मूल्यों को नहीं सीखते हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर भेजने से पहले उन्हें स्कूल भेजें।' एक फैन ने लिखा कि जब पाकिस्तानी लोग भोजन की कमी से जूझ रहे थे तब आजम गरीब लोगों का मजाक उड़ा रहे थे।

पाकिस्तानी टीम फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर है, जहां दोनों टीम के बीच चार टी-20 मैच की सीरीज खेली जानी है। पहला मैच आज लीड्स में होगा। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इस फुल ड्रेस रिहर्सल की तरह देखा जा रहा है। पिछली बार जब दोनों टीम की टक्कर 2022 टी20 विश्व कप फाइनल में हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अंग्रेजों ने पाकिस्तान को बुरी तरह हराया था।

सचिन सर्जेराव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स में एशियाई रिकॉर्ड के साथ बरकरार रखा स्वर्ण पदक

कोबे (जापान) (एजेंसी)। भारत के सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने विव पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पुरूषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और भारत ने टूर्नामेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिखाया है। भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।

सचिन ने 10.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बनाया था। सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा, 'मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा।

अभी टूर्नामेंट के तीन दिन बाकी है और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिए। इससे पहले कल पैरालम्पिक चैम्पियन सुमित अंतिल ने एफ64 भालाफेंक में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा था। थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण पदक जीते थे।

बीमार मां को अस्पताल में छोड़ना कठिन था लेकिन KKR भी परिवार है : गुरबाज

अहमदाबाद (एजेंसी)। अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने बताया कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल प्लेऑफ में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने के लिए वह अपनी बीमार मां को अस्पताल में छोड़कर आए थे क्योंकि इस टीम को भी वह अपना परिवार मानते हैं। इस सत्र में पहला मैच खेलने वाले गुरबाज ने दो मैच लेने के अलावा 14 गेंद में 23 रन बनाकर केकेआर की जीत में अहम भूमिका निभाई। वह इंग्लैंड के फिल साल्ट की जगह टीम में आए थे। केकेआर ने सनराइजर्स को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

गुरबाज ने मैच के बाद कहा, 'एक क्रिकेटर को हमेशा पता होना चाहिए कि उसे क्या करना है। लीग क्रिकेट में बहुत कम क्रिकेटर ही खेल पाते हैं। मौका मिलने पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। मौका नहीं मिलने पर भी हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मेरी मां अभी भी बीमार है। मैं वहां गया और मुझे यहां से फोन आया कि फिल साल्ट जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरबाज हमें तुम्हारी जरूरत है। मैने कहा कि ठीक है, मैं आ रहा हूं। मेरी मां अस्पताल में है और मैं उनसे लगातार बात कर रहा हूं लेकिन यह भी मेरा परिवार है। मुझे दोनों में संतुलन बनाना है। यह कठिन है लेकिन बनाना जरूरी है।

गुरबाज ने कहा कि केकेआर ने टॉस जीतने पर पहले गेंदबाजी का फैसला लेने का ही सोचा था। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस का टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला गलत साबित हुआ। गुरबाज ने कहा, 'हमें पता है कि सनराइजर्स की बल्लेबाजी कितनी मजबूत है। हमें लक्ष्य का पता होना चाहिए ताकि उस हिसाब से खेल सकें। हमने अच्छी गेंदबाजी की और सनराइजर्स जैसी टीम को 160 रन पर रोकना बहुत बड़ी बात थी।% उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाड़ियों की नजरें अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप पर है क्योंकि फ्रेंचाइजी क्रिकेट से बढ़कर देश के लिए खेलना है।

टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की सफलता की कुंजी होंगे बाबर आजम

इस्लामाबाद(एजेंसी)। जांचे और परखे बाबर आजम की टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान के कप्तान के रूप में वापसी पिछले 18 महीने में पाकिस्तान क्रिकेट में आए भारी बदलावों की अगली कड़ी है लेकिन यह चैम्पियन बल्लेबाज टीम की सफलता की कुंजी साबित हो सकता है। नवंबर 2022 में इंग्लैंड से टी20 विश्व कप फाइनल में बाबर की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम की हार के बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में चार अध्यक्ष बदले, चयन समिति बदली गई और शाहीन शाह अफरीदी को कप्तान बनाने का प्रयोग सफल नहीं रहा।

अब सीमित ओवरों के प्रारूप के लिए टीम को गैरी कर्स्टन के रूप में नया कोच मिला है। पाकिस्तान ने एक से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभी तक 15 सदस्यीय टीम का ऐलान नहीं किया है। भारत में पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने के बाद बाबर ने जका अशरफ के पीसीबी प्रमुख रहते सभी प्रारूपों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। अब उन्हें नये अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने टी20 टीम की कमान फिर सौंपी है।

हरफनमौला इमाद वसीम और तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला वापस ले लिया चूंकि कैरेबियाई प्रीमियर लीग में उनके अनुभव का फायदा टीम को वेस्टइंडीज में होगा। अप्रत्याशित प्रदर्शन करने में सक्षम पाकिस्तानी टीम का टी20 विश्व कप में अच्छा अतीत रहा है। यह तीन बार फाइनल में पहुंचा और 2009 में खिताब जीतने के अलावा तीन अन्य बार सेमीफाइनल तक पहुंचा है। कर्स्टन के गुरूमंत्र पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने अमल करना शुरू कर दिया है।

अफरीदी ने पीसीबी के एक पॉडकास्ट में कहा, 'गैरी ने हमसे कहा है कि अपनी जर्सी के पीछे लिखे नाम के लिए नहीं बल्कि शर्ट के सामने लगे बैज के लिए खेलो। मैं इसे भूल नहीं पाऊंगा। भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को होने वाले मुकाबले पर सभी की नजरें हैं जो न्यूयॉर्क में 34000 की क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारत में लोग कोहली को नहीं चुनने के कारण ढूंढते हैं, वह मेरी पहली पसंद : पोंटिंग

बेंगलूरू(एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग हैरान हैं कि भारत में लोग विराट कोहली को राष्ट्रीय टीम में नहीं चुनने के कारण क्यो ढूंढते हैं और उनका कहना है कि यह करिश्माई बल्लेबाज टी20 विश्व कप के लिए उनकी पहली पसंद है। आईपीएल में 14 मैचों में 708 रन बना चुके कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं लेकिन उनके स्ट्राइक रेट को लेकर लगातार चर्चा हो रही है।

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा, 'यह बहुत हैरानी भरा है। मुझे लगता है कि भारत में लोग हमेशा उसे राष्ट्रीय टीम में नहीं चुनने के कारण ढूंढते रहते हैं या यह जताने की कोशिश में रहते हैं कि वह टी20 क्रिकेट में बाकियों की तरह बेहतरीन नहीं है। पोंटिंग का मानना है कि अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में कोहली को कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिये क्योंकि बाद में सूर्यकुमार यादव समेत अन्य तेजी से रन बना सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'सलामी जोड़ी को लेकर चयनकर्ताओं को फैसला लेना है क्योंकि यशस्वी जायसवाल भी टीम में है। जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फैसला लेना होगा लेकिन मुझे यकीन है कि पारी का आगाज कोहली और रोहित करेंगे। उन्होंने कहा, 'वह शीर्षक्रम में भूमिका बखूबी निभा सकता है। सूर्यकुमार और बाकी बल्लेबाज बाद में तेजी से रन बना सकते हैं। पोंटिंग ने कहा कि आजकल क्रिकेट में औसत से अधिक तरजीह स्ट्राइक रेट को मिल रही है लेकिन भारतीय टीम के लिए कोहली की उपयोगिता को कमतर नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा, 'तीन या चार साल पहले टीमें सोचती थी कि शीर्षक्रम पर कोई 80 या 100 रन बना ले, भले ही इसके लिये 60 गेंद खेल जाए। लेकिन अब टीमें चाहती है कि बल्लेबाज 15 गेंद में 40 रन बना जाए।

फिटनेस और फॉर्म को लेकर संशय के बीच अभ्यास के लिए रोलां गैरो पहुंचे राफेल नडाल

पेरिस (एजेंसी)। रिकॉर्ड 14 बार के फ्रेंच ओपन चैम्पियन राफेल नडाल तैयारी के लिए रोलां गैरो लौटे हैं हालांकि उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति है। 37 वर्ष के नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और दो अभ्यास जोड़ीदारों के साथ यहां पहुंचे। फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास देखने के लिए करीब 6000 दर्शक मौजूद थे। करीब डेढ घंटे तक चले अभ्यास सत्र के बाद नडाल ने प्रशंसकों को आटोग्राफ दिए और लॉकर रूम में चले गए। फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल कूल्हे की चोट के कारण 2023 में लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे। वह हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे दौर में हुबर्ट हुरकाज से हार गए थे। अभी उन्होंने बताया नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन खेलेंगे या नहीं।

ऋषभ पंत या संजू सैमसन, टी20 विश्व कप के लिए युवराज सिंह ने इस पर जताया भरोसा

नईदिल्ली (एजेंसी)। युवराज सिंह ने टी20 विश्व कप 2024 में बाएं-दाएं बल्लेबाजी संयोजन के लिए अपनी प्राथमिकता पर कायम रहते हुए युवराज ने महत्वपूर्ण विकेटकीपर की भूमिका के लिए संजू सैमसन की तुलना में ऋषभ पंत को प्राथमिकता दी है। टी20 विश्व कप एक जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा और भारत अपने अभियान की शुरूआत 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ करेगा।

दोनों विकेटकीपर बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। संजू सैमसन ने न केवल कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली है, बल्कि इस साल राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्लेबाजी क्रम में भी अहम भूमिका निभाई है। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। उन्होंने 14 मैचों में पांच अर्द्धशतकों के साथ 156.32 के शानदार स्ट्राइक रेट सहित 504 रन बनाए हैं, जबकि अपनी टीम को आठ जीत और प्लेऑफ में जगह दिलाई है।

दूसरी ओर ऋषभ पंत ने एक घातक कार दुर्घटना से उबरने के बाद शानदार वापसी की जिसने उन्हें 14 महीने तक मैदान से दूर रखा। सीजन की शांत शुरुआत के बावजूद 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तेजी से वापसी की और 13 मैचों में 155.40 के स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

युवराज ने कहा, मैं ऋषभ को चुनूंगा। जाहिर है संजू भी शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन ऋषभ बाएं हाथ के हैं और मेरा मानना ??है कि ऋषभ में भारत के लिए मैच जीतने की अपार क्षमता है, जो उन्होंने अतीत में किया है। उन्होंने कहा, %टेस्ट क्रिकेट में बहुत कुछ है और मुझे लगता है कि वह बड़े मंच पर मैच विजेता हो सकता है।

शारजाह चैलेंजर शतरंज

भारत की दिव्या देशमुख खिताब जीतने के करीब

शारजाह (एजेंसी)। सातवें शारजाह मास्टर्स शतरंज के साथ साथ इस समय शारजाह चैलेंजर का मुक़ाबला भी अब अफेन अंतिम पड़ाव पर पहुँच गया है । चैलेंजर वर्ग में 38 देशो के कुल 98 खिलाड़ी खेल रहे है और ऐसे में इस ओपन टूर्नामेंट में जिसमें गिनती की महिला खिलाड़ी भाग ले रही है भारत की 19 वर्षीय दिव्या देशमुख नें अब तक बेहद शानदार खेल दिखाया है और फिलहाल दिव्या 8 राउंड के बाद 6.5 अंक बनाकर रूस की 20 वर्षीय लेया गारीफुलिना के साथ सयुंक्त बढ़त पर चल रही है और अंतिम राउंड में दिव्या अब सफ़ेद मोहरो से लेया से मुक़ाबला खेलेंगी । इस टूर्नामेंट में दिव्या नें अब तक अपराजित रहते हुए 5 जीत और 3 ड्रॉ के साथ 2607 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए 6.5 अंक बनाए है । अन्य भारतीय खिलाड़ियों में आराध्य गर्ग , नितीश बेरुलकर और हर्ष सुरेश 5.5 अंक बनाकर शीर्ष 10 के अंदर जगह बना सकते है ।

इस वर्ष होने वाले शतरंज ओलंपियाड के पहले दिव्या नें अपने इस प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम में चयन की संभावना को बेहद मजबूत कर दिया है । फिलहाल दिव्या 2461 लाइव रेटिंग के साथ कोनेरु हम्पी , हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली के बाद भारत की नंबर चार महिला खिलाड़ी है । आपको बता दे की पिछले बार की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम में कुल पाँच खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व मंत्री के घर बिजली चोरी पकड़ी, एक लाख से अधिक का जुर्माना; पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

जयपुर। राजस्थान में पूर्व मंत्री नफीस अहमद के घर बिजली चोरी पकड़ी गई है। जयपुर विधुत वितरण निगम के भवानीमंडी स्थित कार्यालय की टीम ने नफीस अहमद के घर एक लाख 25 हजार की बिजली चोरी की विजिलेंस चैकिंग रिपोर्ट (वीसीआर) भरकर कनेक्शन काट दिया। झालावाड़ जिले के पिड़ावा निवासी नफीस अहमद पिछले कई दिनों से बिजली की आपूर्ति व्यवस्थित नहीं नहीं होने को लेकर बार-बार शिकायत करत रहे थे। इस पर मंगलवार को अधीक्षण अभियंता शंभूनाथ के नेतृत्व में टीम नफीस अहमद के घर पहुंची। बिजलीकर्मी व्यवस्थित आपूर्ति नहीं होने की जांच करने लगे तो लाइन में बिजली चोरी पकड़ी गई। इस पर बिजली चोरी की रिपोर्ट तैयार करते हुए जुर्माना अदा करने का नोटिस दिया गया है। नफीस अहमद के घर में बिजली की सर्विस लाइन में कट लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी। इस पर टीम ने मीटर हटाकर कनेक्शन काट दिया। अब यदि पूर्वमंत्री तय समय सीमा में जुर्माना अदा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि नफीस अहमद साल,1990 में स्व.भैरोंसिंह शेखावत सरकार में जनता दल कोटे से मोटर गैराज राज्यमंत्री बने थे।

राम मंदिर सहित कई मुद्दों पर भड़का रही भाजपा, खरगे ने कहा- भाजपा को बहुमत हासिल करने से रोकेगा इंडी गठबंधन

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा पर राम मंदिर, हिंदू-मुस्लिम और भारत-पाकिस्तान के नाम पर लोगों को बार-बार भड़काने और उन्हें भावनात्मक रूप से लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि लोग अब सत्तारूढ़ पार्टी का असली रंग समझ गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए। खरगे ने एक साक्षात्कार में कहा कि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के पक्ष में भीतर ही भीतर लहर चल रही है और यह गठजोड़ लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत हासिल करने से रोकने में सफल रहेगा। जनता अब हमारे समर्थन में और उस भाजपा तथा आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ लड़ रही है, जो समाज में नफरत एवं विभाजन फैलाते हैं। लोगों को लगता है कि यह लड़ाई अब लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है और वे हमारी पार्टी को समर्थन दे रहे हैं। मुझे लगता है कि भाजपा अपनी सरकार नहीं बना पाएगी। कांग्रेस प्रमुख ने कहा- केवल हम ही नहीं, बल्कि जनता भी हमारे लिए लड़ रही है। हम जिस विचारधारा को मानते हैं, लोग उसका समर्थन कर रहे हैं और हमारे लिए लड़ रहे हैं। यह स्पष्ट है कि भाजपा पिछड़ जाएगी और हम आगे बढ़ेंगे। खरगे का कहना था कि लोग महंगाई और बेरोजगारी से भी परेशान हैं, जो इस चुनाव में दो प्रमुख मुद्दे बनकर उभरे हैं। भाजपा पहले किए गए वादों को भी पूरा नहीं कर पाई है, चाहे वह दो करोड़ नौकरियां देना हो, विदेश से काला धन वापस लाना हो या किसानों की आय दोगुनी करना हो। ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी प्रतिदिन हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी कर रहे हैं और समाज में नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके चलते उन्हें सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के इरादे साफ नहीं हैं, क्योंकि वह चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के साथ प्रतिदिन नफरत भरे भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भैंस छीनने और मुसलमानों को बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा देने जैसी बातें करते हैं। ऐसी बातें कहकर वह खुद समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। उन्होंने मोदी से हिंदू-मुस्लिम पर अपने भाषणों का रिकार्ड देखने का आग्रह करते हुए यह भी कहा कि इस पर भी वह झूठ बोल रहे हैं।

अंटार्कटिका में पर्यटन को लेकर भारत ने जताई चिंता, कहा- बर्फीले महाद्वीप में टूरिज्म नियंत्रित करने की जरूरत

कोच्चि, एजेंसी। भारत ने मंगलवार को अंटार्कटिका में नियंत्रित पर्यटन की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि यह एक बड़ा मुद्दा है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में बर्फीले महाद्वीप में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरन रिजिजू ने यहां 46वीं अंटार्कटिका संधि सलाहकार बैठक (एटीसीएम) के उद्घाटन के अवसर पर कहा, यह बर्फीला विस्तार सिर्फ एक जमा हुआ रेगिस्तान नहीं है बल्कि यह एक गतिशील, जीवित प्रयोगशाला है, जो सुरक्षा और अध्ययन के लिए हमारी सर्वोच्च प्रतिबद्धता की मांग करती है। अंटार्कटिका के लिए संसद के रूप में माना जाने वाला एटीसीएम 56 देशों की भागीदारी के साथ बर्फीले महाद्वीप की देखरेख के लिए सर्वोच्च मंच है। इनमें से 29 देशों को सलाहकार का दर्जा मिला है। यह

दर्जा निर्णय लेने की शक्तियों के साथ आता है। एटीसीएम सभी निर्णय सर्वसम्मति से लेता है। एटीसीएम में अंटार्कटिका में पर्यटन के नियमन की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक अलग कार्य समूह बनाया गया है।

महिलाओं की दुर्दशा से दुखी हूं, चुनाव जीतते ही करूंगी संदेशखाली का दौरा: ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बशीरहाट लोकसभा सीट के लिए एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि वह टीएमसी उम्मीदवार हाजी नुरुल की जीत के बाद संदेशखाली का दौरा करेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में जीत के बाद कुछ ही दिनों के भीतर संदेशखाली में सभी लोगों से मिलेंगी। ममता ने दावा किया कि संदेशखाली की महिलाओं ने भाजपा का प्लान नाकाम कर दिया है। महिलाओं पर हमले, जमीन पर कब्जा करने और अन्य आरोपों की शिकायतों के बाद सुर्खियां बटोरने के बाद संदेशखाली में बनर्जी की यह पहली यात्रा होगी।

मंगलवार को बशीरहाट में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, मुझे संदेशखाली की महिलाओं और जिस तरह से उन्हें अपमानित किया गया, उसके लिए खेद है। किसी को भी महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। बता दें कि सुंदरबन की सीमा से लगे संदेशखली के नदी किनारे क्षेत्र उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। यहां से टीएमसी ने हाजी नुरुल को पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। ममता बनर्जी ने जनसभा में लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, संदेशखाली के बारे में झूठ अब सामने आ गया है। वे फिर से संदेशखली जा रहे हैं। भाजपा के पास हिंसा भड़काने की नई योजना है। हम किसी भी तरह की हिंसा की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि अनादर का खेल फिर कभी किसी और द्वारा नहीं खेला जाए। अगर चीजें सामने नहीं आई होतीं, तो लोग संदेशखाली में भाजपा की साजिश नहीं समझ पाते।

भाजपा के विज्ञापनों पर कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा गरीबों को पैसा देने के बजाय झूठ फैलाने के लिए विज्ञापनों पर पैसा बर्बाद कर रही है। बनर्जी ने कहा, हाई कोर्ट के आदेश ने साबित कर दिया है कि हमारे दावे सही थे। भगवान जगन्नाथ पर भाजपा प्रवक्ता और पार्टी उम्मीदवार संबित पात्रा की टिप्पणी पर बनर्जी ने कहा, भाजपा का दुस्साहस यह है कि एक नेता कह रहा है कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। अगर यह सच है, तो किसी को मंदिर में ही रहना चाहिए। और हम आपकी पूजा करेंगे, जैसे हम भगवान जगन्नाथ की करते हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले धुपगुड़ी में हमारी एक महिला कार्यकर्ता को एआईटीसी का हिस्सा बनने के लिए भाजपा द्वारा बार-बार धमकी दी गई। भाजपा ने चेतावनी दी कि अगर उसने अपना जुड़ाव तृणमूल कांग्रेस के साथ खत्म नहीं किया तो उसके परिवार के स्वामित्व वाले पेट्रोल पंप को बंद कर दिया जाएगा।

दिल्ली, यूपी और राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में गर्मी दिखा रही तेवर

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत के राज्यों में अभी गर्मी के तेवर में नरमी के कोई संकेत नहीं हैं। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) ने रेड अलर्ट की स्थिति को अगले पांच दिनों के लिए बढ़ा दिया है। पश्चिम-उत्तर की तरफ से लगातार आ रही शुष्क हवा को देखते हुए माना जा रहा कि सप्ताह भर तक ऐसी ही स्थिति बन रह सकती है।

पाकिस्तान में एक पश्चिम विक्षोभ की स्थिति जरूर बन रही है, लेकिन उसकी दिशा अभी बहुत स्पष्ट नहीं है। ऐसे में पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी का सिलसिला जारी रह सकता है। स्थानीय कारणों से हरियाणा एवं दिल्ली के कुछ स्थानों पर सोमवार को हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई, लेकिन इससे अधिकतम तापमान पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम के मैदानी क्षेत्रों में यथास्थिति की आशंका जताई है।

गुजरात एवं राजस्थान से होकर आने वाली गर्म हवा ने 17 मार्च से दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत के अन्य राज्यों को भी चपेट में ले लिया। असर मध्य प्रदेश तक देखा जा रहा है। अधिकतम तापमान में गिरावट के संकेत नहीं है। यहां तक कि अगले 24 घंटे के दौरान कुछ स्थानों के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

मौसम विभाग ने बताया है कि सोमवार को दिल्ली के आसपास 20 से 40 किमी की रफ्तार से हवा चली। जाफरपुर, नजफगढ़, द्वारका, पालम, एयरपोर्ट, आयानगर एवं हरियाणा के झज्जर, गुरुग्राम, फरुखनगर के कुछ स्थानों में हल्की वर्षा भी हुई, किंतु उससे अधिकतम तापमान में कोई राहत नहीं मिल पाई।

दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर मंगलवार से कम दबाव का एक क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने और 24 मई की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में आकर एक चक्रवात में बदलने की आशंका है। यह उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ना जारी रखेगा। धीरे-धीरे तेज होता जाएगा।

24 से 25 मई के बीच बंगाल की खाड़ी में 70 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इसे देखते हुए मछुआरों को समुद्र से शीघ्र लौट आने की सलाह दी गई है। इस बीच बंगाल एवं बिहार के सीमांचल समेत कई क्षेत्रों में प्री-मानसून वर्षा प्रारंभ हो गई है। मध्य प्रदेश एवं विदर्भ की कुछ जगहों पर ओलावृष्टि से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इस बीच, मौसम विभाग ने बताया है कि मानसून 19 मई को निकोबार के द्वीपों तक पहुंच चुका है। अरब सागर से आगे कोमोरिन क्षेत्र, मालदीव एवं बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्से की ओर यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अगले दो दिनों में दक्षिण-पूर्व के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। केरल, तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश समेत दक्षिण के कई राज्यों में भारी बारिश की स्थितियां बनी हुई हैं।

नॉर्वे और स्पेन समेत तीन देशों ने फलस्तीन को दी मान्यता, फैसले पर भड़क उठा इजरायल

बार्सिलोना, एजेंसी। पिछले साल 7 अक्तूबर से ही इजरायल-हमास के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध में 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के अंत का लक्ष्य लेकर गाजा पर बम बरसा रहे इजरायल को एक बड़ा झटका लगा है। नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने फलस्तीन को देश के रूप में मान्यता देना की घोषणा कर दी है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोर ने कहा कि इजरायल के हित में यही है कि टू-स्टेट सॉल्यूशन हो जाए। दरअसल, टू-स्टेट सॉल्यूशन का मतलब है कि इजरायल और फलस्तीन दोनों को देश का दर्जा मिले। भारत भी टू-स्टेट सॉल्यूशन की वकालत करता आया है। पीएम जोनास गार स्टोर ने आगे कहा कि जबतक फलस्तीन को देश की मान्यता नहीं दी जाती तबतक मध्य पूर्व में शांति नहीं हो सकती। गहर स्टोरे ने कहा कि स्कैंडिनेवियाई देश आधिकारिक तौर पर 28 मई तक एक फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। उन्होंने कहा, ÷फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देकर, नॉर्वे अरब शांति योजना का समर्थन करता है।पिछले हफ्तों में कई यूरोपीय संघ के देशों ने संकेत दिया है कि वे फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बना रहे हैं। उनका तर्क है कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए

दो-राज्य समाधान आवश्यक है। बता दें कि नॉर्वे यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है। नॉर्वे के ऐलान के बाद आयरलैंड के प्रधानमंत्री सिमॉन हैरिस ने भी फलस्तीन को देश के रूप में मान्यता देने की बात कही। हैरिस ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि आज आयरलैंड, नॉर्वे और स्पेन ने फलस्तीन को मान्यता देना का फैसला किया है। स्पेन के पीएम पेड्रो सैंशेज ने कहा कि इस मामले पर हमारी कैबिनेट की मीटिंग 28 मई को होगी। इन तीनों देश के फैसले से इजरायल नाराज है। इजरायल ने आयरलैंड और नॉर्वे से अपने राजदूतों को तत्काल वापस लौटने का आदेश दिया है। इजरायल ने कहा कि इस फैसले से अतिवाद बढ़ेगा और मध्य पूर्व में अशांति बढ़ेगी।

जॉर्जिया में तेज रफ्तार ने ली तीन भारतीय छात्रों की जान, घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन भारतीय-अमेरिकी छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। तेज रफ्तार के कारण कार पलटी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान श्रीया अवसरला, अन्वी शर्मा और आर्यन जोशी के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 18 साल बताई जा रही है। बता दें कि यह दुर्घटना सोमवार को मैक्सवेल रोड के उत्तर में स्थित वेस्टसाइड पार्कवे पर गाड़ी चलाते समय हुई। सभी पीड़ित की पहचान आर्यन जोशी, श्रीया अवसरला और अन्वी शर्मा के रूप में हुई है। बता दें कि आर्यन जोशी ने हाल ही में अल्फारेटा हाई स्कूल में अपना सीनियर ईयर पूरा किया है, जबकि श्रीया अवसरला और अन्वी शर्मा जॉर्जिया यूनिवर्सिटी में फर्स्ट ईयर के छात्र हैं। घायल छात्रों में जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले और होंडा एकॉर्ड के ड्राइवर रितवाक सोमपल्ली और अल्फारेटा हाई स्कूल के सीनियर छात्र मोहम्मद लियाकाथ शामिल हैं। अल्फारेटा पुलिस के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण तेज स्पीड हो सकती है। वे दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रहे हैं। दुर्घटना तब हुई जब कार के ड्राइवर ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया और पेड़ों की कतार में उल्टा जा गिरा। आर्यन जोशी और श्रीया अवसरला की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन के पिछले हिस्से में बैठी अन्वी शर्मा को नॉर्थ फुल्टन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घायलों का इलाज उसी अस्पताल में चल रहा है।

राष्ट्रपति चुनाव परिणाम पलटने की साजिश मामले में सुनवाई, पूर्व मेयर रूडी ने खुद को बताया निर्दोष

न्यूयॉर्क, एजेंसी। न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर रूडी गिउलिआनी और दस अन्य ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने के आरोप में मंगलवार को एरिजोना अदालत में खुद को निर्दोष बताया। गिउलिआनी को पिछले हफ्ते समन भेजने के राज्य के प्रयासों की अनदेखी करने के लिए 10,000 डॉलर का मुचलका भरना होगा। एरिजोना रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व अध्यक्ष केली वार्ड के साथ-साथ 11 अन्य लोगों पर साजिश, जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोपों के लिए मंगलवार को फीनिक्स अदालत में मुकदमा चलाया गया। पूर्व मेयर गिउलिआनी वर्चुअली माध्यम से फीनिक्स अदालत कक्ष में उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने और नौ अन्य लोगों ने खुद को निर्दोष बताया। मामले का ट्रायल 17 अक्टूबर को होगा। अदालत में गिउलिआनी ने कहा, वर्तमान में उनके पास कोई वकील नहीं है, लेकिन भविष्य में उनके पास एक वकील होगा। जब अदालत ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें वकील की आवश्यकता होगी, तो उन्होंने नहीं में जवाब दिया। कहा कि मुझे लगता है कि मैं इसे स्वयं संभालने में सक्षम हूं। एरिजोना के अधिकारियों ने कई हफ्तों तक गिउलिआनी को उनके खिलाफ दर्ज अभियोग का नोटिस तामील कराने के लिए संघर्ष किया। फ्लोरिडा में उनके 80वें जन्मदिन मनाने के तुरंत बाद 17 मई की रात अधिकारी उन्हें नोटिस देने में सफल हुए। गिउलिआनी के अलावा अदालत में खुद को निर्दोष बताने की दलीलें देने वाले 10 प्रतिवादियों में से चार वर्चुअली और छह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। प्रतिवादियों में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सहयोगी क्रिस्टीना बॉब और पूर्व ट्रम्प अभियान सहयोगी माइक रोमन शामिल हैं।

नोएडा एयरपोर्ट तक ट्रेन भी चलेगी, 61 किमी का ट्रैक; एनसीआर में कहां-कहां नए रेलवे स्टेशन

नईदिल्ली, एजेंसी। नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग से जोड़ा जाएगा। इस ट्रैक पर पांच नए स्टेशन बनेंगे। उत्तर मध्य रेलवे ने मंगलवार को इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाकर प्रस्तुत कर दी है। भारत सरकार और रेल मंत्रालय ने परियोजना को मंजूरी भी दे दी है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-हावड़ा और मुंबई से जोड़ने की योजना एक वर्ष पहले बननी शुरू हुई थी। उत्तर मध्य रेलवे को स्टडी कर डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। रेलवे ने अब इसका खाका तैयार कर मंगलवार को डीपीआर प्रस्तुत कर दी। इन दोनों रेलमार्ग को एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए 61 किलोमीटर का ट्रैक बिछेगा। यह ट्रैक हरिणाया में पलवल के पास रुंधी स्टेशन से शुरू होगा और यमुना को पार कर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा। फिर नोएडा एयरपोर्ट से होते हुए बुलंदशहर के चोला स्टेशन पर खत्म होगा। ट्रैक बिछने के बाद एयरपोर्ट से रुंधी स्टेशन की दूरी 19.20 किलोमीटर और चोला स्टेशन से एयरपोर्ट की 18.6 किलोमीटर रहेगी। एयरपोर्ट पर जीटीसी तक भूमिगत ट्रैक बनाकर नमो भारत को जोड़ने का भी प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा बुलेट ट्रेन चलाने को लेकर भी बात चल रही है। तीनों ट्रेनों को जीटीसी से कनेक्ट करना आसान नहीं होगा। ऐसे में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) किन्हीं दो ट्रेनों से जोड़ने पर विचार कर रहा है।

बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मैं प्रदेश एवं देशवासियों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनायें देता हूँ।

भगवान बुद्ध का जीवन हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। इनके जीवन–दर्शन से हमें प्रेम, शांति, सद्भाव, त्याग, अहिंसा एवं संयम जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। भगवान बुद्ध के बताये हुए अष्टांगिक मार्ग पर चलकर मनुष्य सम्यक और संतुलित जीवन–यापन करने में सक्षम हो सकता है।

मेरी मंगल कामना है कि भगवान बुद्ध की शिक्षा को आत्मसात कर हम आपसी प्रेम एवं सद्भाव की भावना को और मजबूत करें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 000782 (I&PRD)D. 2024-25

सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मैं बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

वैशाखी पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म, उन्हें ज्ञान की प्राप्ति एवं उनका महापरिनिर्वाण हुआ था और इनके उपलक्ष्य में 'बुद्ध पूर्णिमा' आयोजित की जाती है।

भगवान बुद्ध का संदेश हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, करूणा और शांति के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है तथा उनके द्वारा निर्दिष्ट अष्टांगिक मार्ग जीवन को सही और सार्थक दिशा प्रदान करता है। आज विश्व समुदाय जिन अनेकानेक समस्याओं का सामना कर रहा है, उनका समाधान भी भगवान बुद्ध के दर्शन एवं उपदेशों में निहित है।

आइए, हम सब भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक समरसता में अहम योगदान देने का संकल्प लें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 000728 (Governor Secretariat) D. 2024-25

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129